

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 332 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 19 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# '7 दिन में विचार करें...';

## शिंदे के विधायकों की अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट का विधानसभा स्पीकर को निर्देश

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को सोमवार को निर्देश दिया कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके प्रति वफादार शि-वसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले के लिए समयसीमा के बारे में एक सप्ताह के भीतर बताएं. शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने जून, 2022 में महाराष्ट्र में नई सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिला लिया था. प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने महाराष्ट्र राजनीतिक संकट पर उच्चतम न्यायालय के 11 मई के फैसले और उचित समयसीमा के भीतर अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने के लिए अध्यक्ष को जारी निर्देश का उल्लेख किया.





पीठ ने कहा कि अध्यक्ष को उच्चतम न्यायालय की गरिमा का सम्मान करना होगा और उसके फैसले का पालन करना होगा. इसने विधानसभा अध्यक्ष की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से अयोग्यता याचिकाओं के निपटारे के लिए अध्यक्ष द्वारा निर्धारित की गई समय सीमा के बारे में सूचित करने को कहा. पीठ ने कहा, ह्यहम उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के प्रति सम्मान की उम्मीद करते हैं. पीठ ने शिंदे और उनका समर्थन करने वाले शिवसेना के अन्य विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी शिवसेना (यूबीटी) गुट की याचिका को दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध किया.

### लंबित अयोग्यता याचिकाओं के बारे में कुछ नहीं किया गया

पीठ ने कहा कि अध्यक्ष ह्यसंविधान की दसवीं अनुसूची के तहत एक न्यायाधिकरणह्न है और एक न्यायाधिकरण के रूप में, वह अदालत के अधिकार क्षेत्र के प्रति उत्तरदायी है. उसने कहा कि 11 मई के फैसले के बाद लंबित अयोग्यता याचिकाओं के बारे में कुछ नहीं किया गया है. पीठ ने कहा, ह्यअब हम निर्देश देते हैं कि कार्यवाही पूरी करने के लिए एक समय सीमा निर्धारित करते हुए अध्यक्ष द्वारा एक सप्ताह के भीतर प्रक्रियात्मक निर्देश जारी किए जाए. सॉलिसिटर जनरल अदालत को कार्यवाही के निपटारे के लिए निर्धारित समयसीमा के बारे में सूचित करेंगे.ह्न

### *उद्धव ठाकरे गुट की याचिका में आरोप, जानबूझकर फैसले में देरी कर रहे स्पीकर*

उद्धव ठाकरे गुट ने जुलाई में उच्चतम न्यायालय का रुख किया था और राज्य विधानसभा अध्यक्ष को अयोग्यता याचिक-ाओं पर समयबद्ध तरीके से शीघ्र फैसला करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था. अविभाजित शिवसेना के मुख्य सचेतक के रूप में 2022 में शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर करने वाले शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) विधायक सुनील प्रभु की याचिका में आरोप लगाया गया है कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बावजूद अध्यक्ष राहुल नार्वेकर जानबूझकर फैसले में देरी कर रहे हैं.

## किसानों की 2022 तक आय दोगुनी करने का सरकार का साबित हुआ जुमला- कुमारी सैलजा

### अन्नदाता परेशान तो देश का हर व्यक्ति परेशान

**विनोद कश्यप, प्रभारी,**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार किसान हितैषी होने का दावा कर रही है, प्रदेश का धान उत्पादक किसान दोहरी मार झेल रहा है तो दूसरी ओर सुंडियों के प्रकोप से कपास की फसल भी बर्बाद हो रही है। बीटी कॉटन पर 16 साल बाद भी कोई सुधार और कोई अनुसंधान तक नहीं हुआ। किसानों की आय 2022 तक दोगुना करने का दावा भी जुमला ही साबित हुआ।

मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि इस समय प्रदेश का धान उत्पादक किसान दोहरी मार झेल रहा है। पहले उसने धान की रोपाई की। बाढ़ से उसकी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। अब सरकार कह रही है कि जिन किसानों की धान की फसल बाढ़ से खराब हुई थी उन्हें दोबारा रोपाई करने पर 7000 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि यह मुआवजा राशि कम है, किसान को पहले ही नुकसान हो चुका है और दोबारा रोपाई करने से खर्च और बढ़ेगा। एक ओर किसान फसल खराब होने पर 15000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा की बात करती है और जरूरत पड़ने पर सात हजार रुपये प्रति एकड़ ही मुआवजा देती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली सरकार की यह घोषणा भी जुमला ही साबित हुई। उन्होंने कहा कि सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, हांसी, महेंद्रगढ़ को कॉटन बैल्ट के रूप में जाना जाता था पर सुंडियों के प्रकोप से फसल बर्बाद होती चली गई , सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, ऐसे में किसान धान की ओर बढा। यह फसल भी घाटे का सौदा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को बीज, खाद और कीटनाशकों की गुणवत्ता पर अधिक ध्यान देना चाहिए ताकि फसल खराब न हो सके। आज फसलों पर अनुसंधान की बेहद जरूरत है। सरकार को किसानों की ओर गंभीरता से ध्यान देना होगा। किसान देश का अन्नदाता है और अगर अन्नदाता ही परेशानी में रहते हैं तो देश का हर व्यक्ति परेशानी में रहेगा।

## बुंदेलखंड की धरती है वीरों और दानियों की- मनोहर लाल

### सरकार का हर वर्ग सरकार की कार्यप्रणाली से खुश- मनोहर लाल खट्टर

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/पंजाब/ चण्डीगढ़**

चंडीगढ़ सितम्बरझ्र हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश आज विकसित राज्य की दिशा में बढ़ा है। आज जनता हमारी सरकार पर भरोसा दिखा रही है और समाज का हर वर्ग सरकार की कार्यप्रणाली से संतुष्ट है। श्री मनोहर सोमवार को मध्य प्रदेश के सुरखी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि बुंदेलखंड की यह धरती वीरों व दानियों की धरती है, जिन्होंने सदैव मुगलों और देशविरोधी ताकतों को परास्त किया है। आज यहां आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में रोजगार पैदा हों, इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 50 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया है।

उन्होंने कहा कि श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में गरीब कल्याण, वंचितों व जरूरतमंदों के आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इतना ही नहीं, राज्य सरकार केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी ज्यों का त्यों लागू कर जनता को लाभ प्रदान कर रही है।

#### कांग्रेस के कार्यकाल में मध्य प्रदेश में न सड़क थी, न बिजली थी और न पानी

श्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में कुछ वक्त के लिए सत्ता गलत हाथों में चली गई थी, जिसकी वजह से लोक कल्याण की बजाय सत्ता का दुरुपयोग शुरू हुआ। कांग्रेस की थोड़े समय की सरकार ने बंदर के हाथ में उस्तरे की कहावत को सही साबित कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में मध्य प्रदेश में न सड़क थी, न बिजली थी और न पानी था। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं देना सुनिश्चित किया है।



#### हरियाणा सरकार ने थ्री-सी पर किया प्रहार

मुख्यमंत्री ने हरियाणा में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि हमने 5-एस शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वाभिमान, सुरक्षा और स्वावलंबन पर जोर दिया है और थ्री-सी यानी करप्शन, क्राइम और कास्ट से जुड़ी राजनीति पर हमने गहरी चोट की है। सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है।

#### परिवार पहचान पत्र से लोगों को घर बैठे मिल रही सुविधाएं

श्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने नागरिकों को पारदर्शी शासन मुहैया करवाया है और पात्र व्यक्तियों को सभी सुविधाएं देने के लिए परिवार पहचान पत्र जैसी अनूठी योजना शुरू की है। इस एक दस्तावेज से सभी नागरिकों को घर बैठे ही सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ ऑनलाइन तरीके से मिल रहा है। आज देश के कई राज्य परिवार पहचान पत्र का अनुसरण कर रहे हैं। श्री मनोहर लाल ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता इसी तरह भाजपा सरकार की नीतियों तथा विचारधारा में भरोसा दिखाएगी और निश्चित रूप से एक बार फिर यहां हमारी जीत होगी।

## महिला आरक्षण बिल पर सरकार की प्लानिंग, पीएम मोदी को धन्यवाद देने बड़ी संख्या में दिल्ली आएंगी महिलाएं

नई दिल्ली. पिछले कई वर्षों से संसद में अटका पड़ा महिला आ-रक्षण बिल इस बार विशेष सत्र के दौरान पेश हो सकता है. सूत्रों के अनुसार, मोदी सरकार नई संसद में पहला बिल महिला आ-रक्षण बिल ही पेश कर सकती है.

## प्राइवेट स्कूल संचालकों की मांग पूरी न होने पर भोपाल में करेंगे विरोध

## जिला प्रशासन को सौपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**

उमरिया- मध्यप्रदेश संयुक्त मोर्चा अशासकीय विद्यालय संगठन उमरिया द्वारा अपनी मांगों को लेकर सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपा है।इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मप्र के प्राइवेट स्कूल संचालक मप्र की शिक्षा की रीढ़ की हड्डी हैं । मप्र के शिक्षा के क्षेत्र में प्रायवेट शिक्षक का भी महत्व है फिर भी सरकार द्वारा नजरअंदाज व शिक्षा विभाग द्वारा नियमों के जाल में फंसा करअस्तित्व खतरे में डाल रहे है।संचालकों की एक भी मांग नहीं सुनी जाने के साथ अन्याय पर अन्याय किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि विद्यालय संचालक , स्कूल के बच्चे, टीचर्स व स्टॉफ सभी मप्र परिवार के सदस्य हैं फिर भी प्राइवेट स्कूलों के साथ सरकार व शिक्षा विभाग पक्षपात की नीति का अनुसरण करती है।

ज्ञात हो कि मप्र के जिला , ब्लॉक संगठनो ने मिलकर मप्र संयुक्त मोर्चा अशासकीय विद्यालय संगठन मध्यप्रदेश के बैनर तले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से तीन वर्ष स्कूल संचालित करने के बाद स्थाई मान्यता प्रदान करने, सत्र 2022 से 2023 का आरटीई की राशि इसी माह 25 सितम्बर तक जारी किए जाने, सत्र 2016 से 2021 तक पुनः प्रपोजल खोला जाए , जो बच्चे अपात्र किये जाने के साथ स्कूल से हटाया गया है और बच्चों के प्रपोजल नही बन पा रहे हैं उनका भौतिक सत्यापन कराकर आरटीई का भुगतान किए जाए जैसे 9 सूत्रीय मांग को पूरी करने की बात कही है ।

शिक्षकों ने बताया कि आगामी 25 सितंबर 2023 तक उनकी मांग नहीं मानी गई तो 27 सितंबर 23 को भोपाल में शिक्षा स्वाभिमान रैली के माध्यम से भोपाल में विरोध दर्ज करायेंगे। इस अवसर पर अभिषेक गुप्ता, अशोक गुप्ता, धर्मेन्द्र तिवारी सहित प्रायवेट स्कूल के संचालक, शिक्षकगण मौजूद रहे।

# गणेश चतुर्थी के शुभ दिन नए संसद भवन में शुरू होगी कार्यवाही, PM मोदी ले जाएंगे संविधान की कॉपी

नई दिल्ली. आज से देश की संसद का कामकाज पुराने संसद भवन से नई पार्लियामेंट बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगा. इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. नए संसद भवन में जाने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुराने संसद भवन से भारत के संविधान की एक कॉपी लेकर उसी परिसर में तैयार हुए नए संसद भवन में जाएंगे. इसके साथ ही संसद सदस्य पैदल पीएम मोदी के पीछे चलेंगे. इस मौके पर संसद सदस्यों को संविधान की एक कॉपी, संसद से संबंधित किताबें, एक स्मारक सिक्का और एक डाक टिकट मिलेगा. एक गिफ्टबैग में सांसदों के लिए ये उपहार होंगे.



नए संसद परिसर का उद्घाटन 28 मई को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था. आज विशेष संसद सत्र का दूसरा दिन नए भवन में होगा. जहां राज्यसभा की बैठक दोपहर 2.15 बजे नए संसद भवन के ऊपरी सदन कक्ष में होगी, वहीं लोकसभा की बैठक दोपहर 1.15 बजे नवनिर्मित संसद भवन के निचले सदन कक्ष में होगी. इससे पहले पहले सुबह 9.30 बजे पुराने संसद परिसर के बाहर फोटो सेशन होगा. इसके बाद सुबह 11 बजे एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जो पुराने संसद भवन की ऐतिहासिक विरासत पर केंद्रित होगा. जिसका उद्घाटन 18 जनवरी, 1927 को तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने किया था. इसके साथ ही 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया जाएगा.

#### सेंट्रल हॉल में होगा विशेष कार्यक्रम

इस कार्यक्रम को पीएम मोदी, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन चौधरी, बीजेपी नेता मेनका गांधी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल संबोधित करेंगे. सेंट्रल हॉल में दोपहर इस कार्यक्रम का 12.35 बजे समापन होगा. मेनका गांधी लोकसभा में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सांसद हैं. मनमोहन सिंह राज्यसभा में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सांसद हैं और शिबू सोरेन लोकसभा और राज्यसभा दोनों में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सांसद हैं.

#### नए भवन में स्पीकर ओम बिरला, पीएम मोदी करेंगे संबोधित

नए संसद भवन में प्रवेश के बाद लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला, पीएम मोदी और कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी सदन को संबोधित करेंगे. सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने पुराने संसद भवन की 'हर ईंट' को शुक्रिया कहा. पीएम मोदी ने कहा कि स-ांसद नई आशा और विश्वास के साथ नए भवन में प्रवेश करेंगे. उन्होंने कहा कि पुराने संसद भवन में अंतिम दिन उन 7,500 से अधिक सांसदों को समर्पित होना चाहिए जिन्होंने 1947 में भारत की आजादी के बाद से इस भवन में सेवा की है. संसद को नई इमारत में ले जाने पर पीएम मोदी ने इसे 'अतीत को भविष्य से जोड़ने वाला' क्षण बताया. उन्होंने कई दशकों में संसद के विभिन्न ऐतिहासिक निर्णयों और उपलब्धियों के बारे में भी बात की.

## सूर्य मिशन में ISRO को बड़ी सफलता, Aditya-L1 ने पृथ्वी को कहा अलविदा, 15 लाख किलोमीटर की यात्रा पर निकला

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली. भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी (इसरो) द्वारा सूर्य पर रिसर्च के लिए भेजे गए आदित्य एल-1 अब पृथ्वी के कक्ष से बाहर निकल गया है. आदित्य एल-1 अब अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव के लिए निकल चुका है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. यानी कि आदित्य-एल1 सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि में करीब 2 बजे तय प्रक्रिया के तहत धरती के गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से आगे निकल गया और फिर पृथ्वी-सूर्य प्रणाली में लैग्रेंज प्वाइंट 1 पर पहुंचने के लिए अपनी चार महीने की यात्रा शुरू कर दी है. इसकी जानकारी इसरो ने ट्वीटर कर दी है.



बता दें कि यह प्वाइंट पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है. अंतरिक्ष यान आदित्य-एल1 ने पृथ्वी की ओर जाने वाली चार गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. एक बार जब आदित्य-एल1 लैग्रेंज प्वाइंट पर पहुंच जाएगा, तो यह एक प्रभामंडल कक्षा में प्र-वेश करेगा और अपने मिशन की अवधि के दौरान वहीं रहेगा. लैग्रेंज बिंदु, जिसका नाम प्रसिद्ध इतालवी-फ्रांसीसी गणितज्ञ जोसेफ-लुई लैग्रेंज के नाम पर रखा गया है.

वहीं आदित्य-एल1 ने फिलहाल साइंटिफिक डेटा जुटाना शुरू कर दिया है. बीते 2 सितंबर को इसरो ने पीएसएलवी-सी57 रॉकेट के जरिए आदित्य एल1 की लॉन्चिंग की थी, जिसे पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर लैग्रेंजियन बिंदु-1 पर प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा.

# युवा शक्ति की अभिप्रेरणा, विश्व में श्रेष्ठ और अग्रणी भारत बनाने का प्रयोजन।

**दैनिक समाज जागरण**

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं।उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं'
स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैं' और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया है' स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थी' स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि
देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था,
नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था"
भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है ।बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी,
युग का युवा मत देख दाएं बाएं,
झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है,
देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती,
सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ।
(यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए। क्योंकि भारत का 60% युवा इस देश में युग परिवर्तन और भारत की दशा और दिशा को अभिप्रेरित कर सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि
खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप में देखना चाहतें है।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

## सपनों का गाँव

सोते-सोते मैंने देखा
सुंदर सा एक सपना,
पर मुझको लगता था ऐसे
जैसे हो वह सब कुछ अपना।

सपनों का एक गाँव सुहाना
नहरों के पानी में नहाना,
फिर करके मंदिर का बहाना,
नदी किनारे धूम मचाना।

बड़े-बड़े आमों की बगिया,
और कच्ची-कच्ची केरी।
बेरी के ओ बेर सुहाने
बड़ी निराली लगती केरी।

ढेला मार के बेर गिरना
सखियों के संग आम चुराना,
फिर पीपल की छांव तले
मिल बैठ कर गप्प लड़ाना।

तभी गिरा एक ढेला सर पे
मैं तो जाग गई सपने से,
आँखे मलते मैंने देखा
मैं तो हूँ अपने बिस्तर पे।

कहाँ गया वह सुंदर सपना,
सपनों का वह गांव।
कल-कल करता नदी का पानी,
पीपल की वह छाँव।

बिंदु अग्रवाल किसनगंज

## लौट आओ पुराने दिन।

गए जमाने में क्या क्या गजब
ढातीं थी चिठ्ठीयां,
कभी बेतहाशा खुशी, कभी
मायूसी की खबर लाती की
चिठ्ठीयां।
लाम पर गए सपूत की हर पल
की खबर लाती थी चिट्ठियां,
कभी दूर गए बेटे के पैसों से
लिपटे मनी ऑर्डर पर छोटी
खबर लाती थी चिट्टियां,
बहन की प्यारी राखी, कभी
छोटे भाई के लिए खुशखबरी
लाती थी चिठ्ठीयां,
बूढ़े मां बाप को चिठ्ठियों का
होता ता था लंबा इंतजार,
डाकिये को देख हो जाते थे सब
बेकरार,
सीमा पर चौकसी करते जवान
के लिए,
गांव में रहती सांवली सलोनी
पत्नी के प्यार से लिपटी शब्दों
की चाशनी लाती थी चिट्टियां,
गांव गांव, शहर शहर,
कितना अहम किरदार थी
चिठ्ठियां।
बहन की राखी, भाई की मंगनी,
पिता की बीमारी, मां की खांसी
सारी खबर लाती ले जाती थी
चिठ्ठीयां,
जिंदगी का जीता जागता
दस्तावेज इतिहास होती थी
चिठ्ठीयां,
सीमा पर जवान को
बेटे के पल पल बढ़ते
घुटनों के बल चलने लगे,
तोतला कर बाबा बाबा बोलने
की प्यारी खबर लाती थी
चिठ्ठीयां।
गांव का कितना अहम किरदार
था डाकिया,
बहन का सगा भाई,
छोटे का सखा, माँओं का लाल,
बूढ़े बाप की लाठी,
सबका प्यार था डाकिया,
पूरे गांव का चलता, फिरता,
जीता जागता अखबार था
डाकिया,
जच्चे बच्चे की खुशियां
बूढ़े दादा के जाने का गम,
कब किस का निकला दम,
कागज की लकीरों में
समेट कर लाता था डाकिया,
अब न जाने कहां गई चिट्टियां,
बित्ते भर के डब्बे ने
विलुप्त कर दी संवेदनाएं,
भावनाएं और अच्छी खबर की
संभावनाएं,
अंगूठे से नीरस समाचार
आकर फिर अंगूठे से मिट जाते
हैं।
सारे रिश्ते नाते
समाचार हो कर
नीरस और उबाऊ
आंखों से ओझल हो जाते हैं।
लिखोगे मुझे चिठ्ठीयां
मैं इंतजार में हूँ।

## सत्य और जीवन का महत्व

यह सत्य है कि सत्य कभी भी
दावा नहीं करता कि मैं सत्य हूँ,
लेकिन झूठ तो हमेशा ही यही
दावा करता है कि मैं ही सत्य हूं ।

समय और जीवन इस संसार में,
सर्वश्रेष्ठ शिक्षक माने जाते हैं,
जीवन समय की, समय जीवन,
के कीमत की सीख भी देते हैं।

मूर्ख व्यक्ति से बहस मत करो,
किसी ज्ञानी को ठुकराओ मत,
अच्छे व्यक्ति को जाने मत दो,
बुरे व्यक्ति को अपनाओ मत ।

जब तक साँसे हैं जीवन में तब
तक टकराव तो मिलता रहेगा,
जब तक रिश्ते हैं किसी से तब
तक तो घाव भी मिलता रहेगा।

हमारे पीठ पीछे जो बोलते हैं,
उन्हें पीछे रहकर ही बोलने दो,
हमारे कर्म, भावना और रास्ता,
सही हों इस पर पूरा ध्यान दो ।

नाराजगी और मतभेद बारिसकी,
तरह-बरस कर बह जाना चाहिए।
शांत रहकर आसपास बना रहे,
प्रेम हवा की तरह से होना चाहिए।

आदित्य स्वभाव इतना सरल हो,
कि अनजान भी दोस्त बन जाये,
भाषा ऐसी मीठी हो, कि अपनो को,
ही नही गैरों को भी लगाव हो जाये।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

# सामाजिक क्रान्ति का पर्व है गणेशोत्सव

**दैनिक समाज जागरण**

गणेश चतुर्थी मनाने के दौरान लोग भगवान गणेश की पूजा करते है। गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता है। यह उत्सव खासतौर से महाराष्ट्र में मनाया जाता है। हालाँकि अब ये भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाने लगा है। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के भगवान की पूजा करते है। भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है।

गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नो के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है।

पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नो दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नो दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाईयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक काफी पंसद थे। जिन्हें चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है।

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।



महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगो मे अंग्रेजो के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगो मे अंग्रेजो के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 मे अंग्रेजो ने भारत मे एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून मे किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

1894 से पहले लोग अपने अपने घरो मे गणपति उत्सव मनाते थे। लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव मे हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजो को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे अंग्रेज पुलिस उन्हे गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी। लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनो तक पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव मनाया गया। लोक मान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 मे पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे-धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरो अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया। गणपति उत्सव में हर वर्ष हजारो लोग एकत्रित होते और बड़े नेता उसको राष्ट्रीयता का रंग देने का कार्य करते थे। इस तरह लोगो का गणपति उत्सव के प्रति उत्साह बढ़ता गया और राष्ट्र के प्रति चेतना बढ़ती गई।

1904 में लोकमान्य तिलक ने लोगो से कहा कि गणपति उत्सव का मुख्य उद्देश्य स्वराज्य हासिल करना है। आजादी हासिल करना है और अंग्रेजो को भारत से भगाना है। आजादी के बिना गणेश उत्सव का कोई महत्व नहीं रहेगा। तब पहली बार लोगो ने लोकमान्य तिलक के इस उद्देश्य को बहुत गंभीरता से समझा। आजादी के आन्दोलन में लोकमान्य तिलक द्वारा गणेश उत्सव को लोकोत्सव बनाने के पीछे सामाजिक क्रान्ति का उद्देश्य था। लोकमान्य तिलक ने ब्राह्मणों और गैर ब्राह्मणों की दूरी समाप्त करने के लिए यह पर्व प्रारम्भ किया था जो आगे चलकर एकता की मिसाल बना।

लोकमान्य तिलक ने जिस उद्देश्य को लेकर गणेश उत्सव को प्रारम्भ करवाया था वो उद्देश्य आज कितने सार्थक हो रहें हैं। आज के समय में पूरे देश में पहले से कहीं अधिक धूमधाम के साथ गणेशोत्सव मनाये जाते हैं। मगर आज गणेशोत्सव में दिखावा अधिक नजर आता है। आपसी सदभाव व भाईचारे का अभाव दिखता है। आज गणेश उत्सव के पण्डाल एक दूसरे के प्रतिस्पर्धात्मक हो चले हैं। गणेशोत्सव में प्रेरणाएं कोसों दूर होती जा रही हैं और इनको मनाने वालों में एकता नाम मात्र की रह गयी है। इस बार हमें एक बार फिर से संगठित होकर गणेशोत्सव को इतनी खुशी व धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे समाज मे एकता व भाईचारा बढ़ सकें। सही मायने में तभी हमारी पूजा सार्थक हो सकेगी।



**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

# देश के 'बप्पा' आप नहीं गणेश जी है

**दैनिक समाज जागरण**

गणपति जी पधार रहे है । महाराष्ट्र वालों ने गणपति यानि गणेश जी को 'बप्पा ' क्या कहा ,अब वे पूरे देश में और दुनिया में जहाँ -जहाँ भारतीय रहते हैं वहां -वहां ' ' बप्पा ' के नाम से ही जाने जाते हैं। दरअसल हमारे यहां असल नामों से ज्यादा उपनाम [निक नेम ] ज्यादा जल्दी ग्राह्य होते है। जैसे राहुल गांधी को भाजपा ने ' पप्पू ' कहा तो वे पूरे देश में इसी नाम से जाने -पहचाने लगे । अपने मोदी जी के साथ ' फेंकू ' शब्द ऐसा चस्पा हुआ जो लाख कोशिशों कके बावजूद हट नहीं पा रहा।
गणेश जी हमारे भारतीय आस्थाओं का एक ऐसा प्रतीक हैं जो चाहे मिटटी के बनाये जाएँ चाहे प्लास्टर आफ पेरिस के या फिर गोबर के ,रहते गणेश ही है। उनके नाम का स्मरण करते ही जो तस्वीर हमारे जेहन में उभरती है वो स्थायी ,एकरूप वाली होती है । यानि लम्बोदर ,गज-वदन मनोहर वाली। इस तस्वीर को कभी कोई मिटा नहीं पाया अर्थात ये तस्वीर अविनाशी है। इसे किसी मुगल से,किसी अंग्रेज से या किसी उदयनिधि से कोई खतरा नहीं है ।
गणेश जी हमारी संस्कृति के ऐसे नायक हैं जो जन-जन के प्रिय है। उनकी काया में गज और मनुष्य दोनों का समावेश है । उनका ठेका कोई नहीं ले सकता। हालांकि देश में पहली बार विघ्नहर्ता गणेश के समारोह में सियासत ने भांजी मारने की कोशिश की है । देश की संसद का विशेष सत्र गणेश चतुर्थी के दिन ही आहूत किया गया है ,तमाम विरोध के बावजूद। लेकिन मुझे नहीं लगता की गणेश जी ने इसका बुरा माना होगा। क्योंकि वे जानते हैं कि उनके समारोह में विघ्न डालने वाले देश के असली बप्पा नहीं है। असली बप्पा तो वे खुद हैं।
हमारी संस्मृति में श्री गणेश ऐसे अकेले नायक हैं जो लोकनायक भी हैं। उनकी अपनी विरासत है ,गणेश जी को लेकर अनेक रोचक कथाएं और किंवदंतियां उनके साथ जुड़ी है। वे सियासत में जिस तरह हमारे तमाम भाग्य विधाता लोकप्रिय हैं उसी तरह जनमानस में गणेश जी की लोकप्रियता किसी भी इंडेक्स में सबसे ऊपर है। उनके एक नहीं पूरे 108 नाम हैं ,जो उनके माता-पिता ने नहीं बल्कि उनके भक्तों ने रखे है। विसंगतियों से भरपूर गणेश जी का एक दांत टूटा है लेकिन वे कभी किसी डेंटिस्ट के पास नहीं ले जाये गए। उनके अभिभावक चाहते तो उनका टूटा दांत भी बदला जा सकता था । क्योंकि उनकी इच्छा से गणेश जी का सिर बदला गया ,किन्तु वे जैसे थे ,वैसे ही मनोहर थे ,थे क्या हैं। उनका पेट बड़ा है लेकिन उन्होंने कभी डायटिंग पर ध्यान नहीं दिया। वे मोदक प्रिय है । लड़ाकू भी हैं और विद्वान भी। आशुलेखक भी हैं और बाल सुलभ चंचलताओं से भी भरे हुए हैं।
भगवान गणेश जी के बारे में दुनिया सब जानती हैं । कम से भारतीय तो जानते ही है। गणेश जी के बारे में बताने के लिए मेरे पास भी कुछ नया नहीं है। जो कुछ है ,सब पुराना है । नया है तो केवल प्रार्थना। वो भी देश में लोकतंत्र को बचाने की प्रार्थना। हम भारतीय अगर कुछ कर सकते हैं तो वो है प्रार्थना। हमारी प्रार्थनाएं कभी सुनी भी जाती हैं और कभी नहीं भी सुनी जाती । ये गणेश जी के मूड पर निर्भर करता है कि जनता की प्रार्थना को सुनें या न सुने। गणेश जी आदि विश्वगुरु हैं। और जो विश्वगुरु होता है वो कुछ भी कर सकता है। विश्वगुरुओं की हरेक हरकत काबिले बर्दाश्त मानी जाती है।
मै उन लोगों में से हों जो अक्सर मंदिर नहीं जाता । मंदिरों की भव्यता और वहां के पंडा -पुजारी तंत्र से मुझे भय लगता है ,लेकिन आप यकीन कीजिये की मै पहली बार पांच घंटे कतार में लगकर लाल बाग के राजा के दर्शन करने गया था। मैंने देखा की आम जन मानस में श्री गणेश के प्रति अपार शृद्धा है। और शायद गणेश जी की इसी लोकप्रियता का आकलन कर बाल गंगाधर तिलक ने उन्हें भारतीय जन जागरण के लिए निमित्त बनाया था। महाराष्ट्र शृद्धा भक्ति के मामले में भी उतना ही समर्पित है जितना की दूसरे मामलों में है। दूसरे मामले कहें तो जैसे भ्ष्टार्चार,जैसे शिष्टाचार या दुर्व्यवहार। अंतुले भी यही के थे और अजित पंवार भी यहीं के हैं।
बहरहाल बात गणेश जी की हो रही है । मेरे घर भी वे हर साल अतिथि बनकर आते हैं। वे आते हैं तो उनके पीछे -पीछे सब कुछ आता है ,और जो नहीं आना चाहता वो भाग जाता है। जैसे हमारे फन्ने मियाँ हर काम की शुरूआत के लिए बिस्मिल्लाह करना कहते हैं,वैसे ही हम लोग किसी भी काम को आरम्भ करने के लिए 'श्रीगणेश ' करना कहते हैं। संसद के विशेष सत्र का श्रीगणेश भी इसी परम्परा के अनुसार हो रहा है । ये नया संसद भवन हमें गुलामी के प्रतीक पुराने संसद भवन से मुक्त करने जा रहा है । अब हम पुराने संसद भवन की और पलट कर भी नहीं देखेंगे। हम तो अब पुराने भारत यानि ' इंडिया' की तरफ भी पलट कर नहीं देखने का इंतजाम इसी नए संसद भवन में करने वाले हैं। हमने पहले भी पुराने नोटों को नए नोटों में बदला ही था भाई !
हमारे ज्योतिषाचार्य बता रहे हैं कि करीब 300 साल बाद एक एक ऐसा योग बना है कि मिथुन,मकर और मेष राशि के जातकों के लिए शुभ फल की प्राप्ति होगी। भाग्योदय हो सकता है। लंबे समय से अटका और फंसा हुआ धन मिल सकता है।अब अपनी राशि तो तुला है इसलिए अपने को तो कुछ मिलने वाला है नहीं ,लेकिन जिन राशियों वालों को लाभ मिलना है उन्हें मेरी शुभकामनाएं हैं।
हमने बचपन से गणेश जी कि जो कहानी सुनी है उसके अनुसार गणेश को जन्म न देते हुए माता पार्वती ने उनके शरीर की रचना की। उस समय उनका मुख सामान्य था। माता पार्वती के स्नानागार में गणेश की रचना के बाद माता ने उनको घर की पहरेदारी करने का आदेश दिया। माता ने कहा कि जब तक वह स्नान कर रही हैं तब तक के लिये गणेश किसी को भी घर में प्रवेश न करने दे। तभी द्वार पर भगवान शंकर आए और बोले "पुत्र यह मेरा घर है मुझे प्रवेश करने दो।" गणेश के रोकने पर प्रभु ने गणेश का सर धड़ से अलग कर दिया। गणेश को भूमि में निर्जीव पड़ा देख माता पार्वती व्याकुल हो उठीं। तब शिव को उनकी त्रुटि का बोध हुआ और उन्होंने गणेश के धड़ पर गज का सर लगा दिया। उनको प्रथम पूज्य का वरदान मिला इसीलिए सर्वप्रथम गणेश की पूजा होती है।
आज के विश्व गुरु और हमारे विश्व गुरु गणेश जी में जमीन-आसमान का अन्तर है। हमारे आज के विश्वगुरु रणछोड़दास हैं लेकिन कहते हैं कि गणेश जी ने एक छोड़ दो विवाह किये। सियासत के गणेश अक्सर शादी- विवाह से भागते है। कर भी लें तो निभाते नहीं हैं। राहुल गांधी ने तो विवाह किया ही नही। शायद वे मोदी जी के वंशवाद के आरोप से डर गए हैं ।उन्हें देशहित में शादी कर लेना चाहिए। वे यदि शादी कर लें तो भाजपा वालों द्वारा उनकी विदेश यात्राओं को लेकर जो हल्ला किया जाता है वो शांत हो सकता है।
दरअसल मै ठहरा गोबर -गणेश ,इसलिए मुझसे अक्सर ये गलती हो जाती है कि में सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ खड़ा हो जाता हूँ। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए किन्तु श्रीगणेश जी मुझसे ऐसा करवा लेते हैं। गणेश जी कहते हैं कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए किसी की गोदी में बैठने से बेहतर है कि हर समय सत्ता -प्रतिष्ठान के खिलाफ खड़े रहो । फिर चाहे सत्ता किसी भी दल की हो। गणेश जी की बात करें तो उनकी खासियत है कि उन्होंने किसी भी दल को अपने नाम पर सियासत करने की इजाजत नहीं दी । उन्होंने किसी भी दल या सत्ता से अपने लिए मंदिर बनाने के लिए चन्दा इकठ्ठा करने को नहीं कहा। वे दगडू सेठ के बनाये मंदिर में आसीन हो जाते हैं और लालबाग के मजूरों के बनाये पंडाल में भी । गणेश जी पक्के समाजवादी हैं।उनकी जन्मभूमि को लेकर कहीं कोई झगड़ा नहीं है।
मेरे सभी देशवासियों पर [ इन्हीं में मेरे पाठक ,मेरे प्रशंसक ,मेरे मित्र-शत्रु ,सहयोगी और मेरे लेखों के लिए मुझे प्रतिदिन एक रुपया देने वाले और न देने वाले शुभचिंतक भी शामिल हैं ]गणेश जी सदा अपनी कृपा बनाये रखें यही कामना है ,शुभकामना है । आप सभी को ढेरों बधाइयाँ। हाँ ध्यान रखिये कि गणेशजी को सिन्दूर और दूब चढ़ाने से विशेष फल मिलता है। इसके अतिरिक्त उन्हें गुड़ के मोदक और बूंदी के लड्डू , शामी वृक्ष के पत्ते तथा सुपारी भी प्रिय है। गणेश जी को लाल धोती तथा हरा वस्त्र चढ़ाने का भी विधान है।

**@ राकेश अचल**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पुलिस सब इंस्पेक्टर अपूर्व व शिक्षिका का होगा सम्मान विजयी विश्व भारती रत्न अवार्ड 2023 के लिए हुआ चयन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

उन्नाव । विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान के लिए जनपद उन्नाव से पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु चयन किया गया है । सामाजिक कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी ने विजयी विश्व भारती रत्न सम्मान के लिए चयनित होकर उन्नाव जिले का नाम रोशन किया है । उत्तर प्रदेश पुलिस में सीनियर सब इंस्पेक्टर के पद पर सेवारत एवम उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात अनूप मिश्रा अपूर्व गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले वदीर्धारी मास्टर जी और पर्यावरण संरक्षण कार्यों हेतु ट्री मैन के नाम से अत्यंत लोकप्रिय हैं, वे लगभग 25 वर्षों से सामाजिक कार्यों में जुटे हैं । पुलिस ड्यूटी के दायित्व को बाखूबी निभाने के साथ-साथ सराहनीय सामाजिक कार्यों के जरिये समाज में खाकी का मान सम्मान बढ़ाने वाले सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को वर्ष 2019 में स्वतंत्रता दिवस पर तत्कालीन पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस ओ. पी. सिंह द्वारा प्रद्दत प्रशंसा चिन्ह सिल्वर मेडल तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक पी .ए .सी . मुख्यालय विनोद कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया था । इसके





अलावा महात्मा गांधी सेवा रत्न, सोशल ब्रेवरी यू पी रत्न, राष्ट्रीय शौर्य सम्मान, भारत गौरव, नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड के साथ ही कई अवॉर्ड से उन्हें नवाजा जा चुका है । गरीब बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अनूप मिश्रा द स्ट्रीट क्लासेस चलाते हैं जिनमें बच्चों को निःशुल्क पढ़ने का अवसर प्राप्त होता है और इन बच्चों को कॉपी, किताब, पेन पेंसिल, स्लेट, कलर्स, स्कूल बैग्स आदि शिक्षण सामग्री पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपने वेतन के पैसों से उपलब्ध करवाते हैं। राइट टू एजुकेशन के तहत प्रशासन के सहयोग से उन्होंने अभी तक 10000 से अधिक बच्चों को स्कूल में दाखिला करवाया है । बेटी पढ़ाओ मुहिम के तहत वे अभावग्रस्त परिवार की 5 बेटियों की शिक्षा का खर्च स्वयं उठाते हैं जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संस्थाओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों और कच्ची बस्तियों में सिलाई, कढ़ाई, अचार चटनी मुरब्बा बनाने की कला और कुकिंग आदि के निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित करते हैं । ट्रीमैन के नाम से मशहूर अनूप मिश्रा द्वारा एक लाख से अधिक पौधे लगाने और सेल्फी विद झोला अभियान के तहत एक लाख से अधिक लोगों को कपड़े या जूट से बने थैलों को उपयोग में लाने के प्रति जागरूक करने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है । वहीं विजयी विश्व भारती रत्न अवार्ड के लिए चयनित उन्नाव जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली कंपोजिट बीघापुर की शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों और नवाचार हेतु कर्मयोगी शिक्षिका के रूप में जाना जाता है । शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु इसी वर्ष शिक्षक दिवस पर उनको उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य शिक्षक 2022 पुरुस्कार से सम्मानित भी किया गया है । शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी ने अपने स्वयं के खर्चे से उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली कंपोजिट, बीघापुर में स्मार्ट क्लास की शुरूआत करके बच्चों को रुचिकर शिक्षा देने का अनूठा प्रयास किया है । शिक्षा के साथ साथ वे बच्चों को आत्मनिर्भर बनने का ज्ञान भी दे रही हैं। नवाचार युक्त शिक्षण, आत्म रक्षा प्रशिक्षण, योगा प्रशिक्षण, व्यवसायिक प्रशिक्षण( सॉस, जैम, धूप बत्ती, साबुन आदि बनाने का प्रशिक्षण), महिला स्वालंबन आदि सरोकार करने वाली शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को एजुकेशन लीडर सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, राज्य स्तरीय मतदाता जागरूकता सम्मान, मिशन शक्ति सम्मान, अनंता सम्मान, आयुष योगा सम्मान, आईसीटी प्रतियोगिता पुरस्कार, आदर्श शिक्षक सम्मान, राष्ट्रीय गौरव सम्मान, साउथ एशिया वूमेन अवार्ड, इंस्पायरिंग वूमेन अवॉर्ड पुरस्कार सहित कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# भावुक कर गया सीएम के भावों का संवाद

**राजकीय मूक बधिर विद्यालय (संकेत) पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिव्यांग बच्चों से मिले**

गोरखपुर, 18 सितंबर। अभिव्यक्ति सिर्फ शब्दों से नहीं व्यक्त होती बल्कि सबसे सशक्त और अर्थपूर्ण अभिव्यक्ति तो भावों की होती है। सोमवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मूक बधिर दिव्यांग बच्चों के बीच भावों की अभिव्यक्ति के आदान-प्रदान का ऐसा ही अविस्मरणीय नजारा देखने को मिला। सीएम के भावों का संवाद इन बच्चों को भावुक कर गया। सीएम ने शब्दों के माध्यम से भी संवाद किया जिसे शिक्षक ने संकेतों से बच्चों को समझाया।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार पूर्वाह्न हुमायूंपुर स्थित राजकीय मूक बधिर विद्यालय (संकेत) में पढ़ने वाले बच्चों से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर इन मूक व श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। काफी देर तक ताली बजाकर उन्होंने सीएम का अभिनंदन किया। बच्चों के इस आत्मीय उत्साह को देखकर सीएम योगी भी भावुक हो गए और उन्होंने हाथ उठाकर मुस्कुराते हुए सबका अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को खूब आशीर्वाद दिया। संकेतों में बच्चों से उनका कुशलक्षेम जानने के बाद मुख्यमंत्री ने सबको उपहार भेंट किया।

बच्चों से मुलाकात करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बच्चों ने खुद से बेहतरीन कलाकृतियां, सजावटी सामान बनाए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों



के हुनर की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर समेत क्लास रूम का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। मूक बधिर बच्चों को शिक्षा देने में प्रयोग में लाए जाने वाले उपकरणों व उनकी गुणवत्ता की जानकारी ली।

### आवासीय होगा संकेत विद्यालय : मुख्यमंत्री

संकेत विद्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों से संवाद भी किया। एक शिक्षक ने उनकी बातों को संकेतों के जरिये बच्चों तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विद्यालय में छात्रावास का निर्माण कर इसे आवासीय बनाएं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दिव्यांग बच्चों को काफी राहत मिलेगी। उनकी प्रतिभा का विकास होगा। आवासीय विद्यालय में बच्चों को सुरक्षित वातावरण दिया जाएगा। संकेत विद्यालय तक आवागमन की कतिपय दिक्कतों पर उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी व नगर निगम यह सुनिश्चित करें कि इस विद्यालय तक आवागमन का रास्ता मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग की बजाय दिव्यांग नाम देकर सभी दिव्यांगजन के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार दिव्यांग लोगों के सम्मान व उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए लगातार काम रही है। सीएम योगी ने कहा कि काफी दिनों बाद इस विद्यालय आकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। पहले इसका भवन जर्जर था, सरकार ने यहां नया भवन बनवा दिया है।

मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष दूबे ने कहा कि इस विद्यालय में 100 बच्चे पढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जल्द ही इसे आवासीय विद्यालय कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भूपेंद्र एस. चौधरी, संकेत विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

# गंभीरता और संवेदनशीलता से हो समस्याओं का निस्तारण : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

समाज जागरण

गोरखपुर, 18 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं। यह भी ध्यान दिया जाए किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

सीएम योगी ने ये निर्देश सोमवार सुबह गोरखनाथ



मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान दिए। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

हर बार की भांति इस जनता दर्शन में भी इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार वाले आवेदन भी आए। मुख्यमंत्री ने आवेदन पत्र देने वाले लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने को तत्पर है। किसी के इलाज में धन की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि इलाज में आर्थिक सहायता संबंधी आवेदनों में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण होते ही धनराशि आवंटित कर दी जाएगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में आयोजित हो रही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए खो खो बालिका वर्ग में खेल के लिए टीम का किया गया चयन।

**खो खो बालिका वर्ग टीम की चयन के लिए मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी में हुआ ट्रायल।**

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म शताब्दी के उपलक्ष में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने के उद्देश्य से जिला खेल कार्यालय गौतम बुद्ध नगर के द्वारा मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी में महिला वर्ग में खो खो खेल के लिए टीम का चयन किया गया। उप क्रीडा अधिकारी अनीता नागर ने बताया कि आज जो महिला टीम का चयन किया गया है,


## संजय गांधी स्मारक इण्टर कालेज, हिदायतपुर (बिजनौर)

### विद्यालय प्रबन्ध समिति चुनाव-2023 कार्यक्रम

संजय गांधी स्मारक इण्टर कालेज, हिदायतपुर (बिजनौर) के समस्त आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय प्रबन्ध समिति - 2023 का चुनाव जिला विद्यालय निरीक्षक, बिजनौर द्वारा नियुक्त पीठासीन अधिकारी श्री नितिन सिंह चौहान, प्रधानाचार्य, राजकीय आदर्श इण्टर कालेज, अफजलगढ़ व पर्यवेक्षक श्री राकेश शर्मा उपप्रधानाचार्य रा0इ0का0, बिजनौर द्वारा निम्न कार्यक्रम के अनुसार संपादित किया जायेगा। समयानुसार विद्यालय परिसर में उपस्थित होकर चुनाव कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

**चुनाव - कार्यक्रम**

| क्रम सं0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | मतदाता सूची का प्रकाशन | 20.09.2023 | प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक |
| 2. | मतदाता सूची पर आपत्ति प्राप्त करना | 20.09.2023 | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक |
| 3. | आपत्तियों का निस्तारण | 20.09.2023 | अपरान्ह 12 बजे से 02 बजे तक |
| 4. | अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 20.09.2023 | अपरान्ह 02 बजे |
| 5. | नामांकन | 21.09.2023 | प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक |
| 6. | नामांकन पर आपत्ति | 21.09.2023 | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक |
| 7. | नामांकन की जॉच व आपत्ति का निस्तारण | 21.09.2023 | अपरान्ह 12 बजे से 02 बजे तक |
| 8. | नामांकन वापसी | 21.09.2023 | अपरान्ह 02 बजे से 04 बजे तक |
| 9. | अन्तिम नामांकन सूची का प्रकाशन व चुनाव चिन्ह आंवटन | 21.09.2023 | सांय 04 बजे |
| 10. | मतदान (यदि आवश्यक हो) | 24.09.2023 | प्रातः 08 बजे से सांय 03 बजे तक |
| 11. | मतगणना व परिणाम घोषित. | 24.09.2023 | चुनाव के तुरन्त बाद |

**नोटः- मतदान के समय समस्त मतदाताओं को पहचान पत्र / आधार कार्ड लाना आवश्यक होगा।**

अध्यक्ष
श्रीमति कमलेश लता संजय गांधी स्मारक इण्टर कालेज हिदायतपुर (बिजनौर)

प्रबन्धक
श्री पाकेश कुमार
संजय गांधी स्मारक इण्टर कालेज हिदायतपुर (बिजनौर)

पीठासीन अधिकारी
नितिन सिंह चौहान प्रधानाचार्य राजकीय आदर्श इण्टर कालेज अफजलगढ़ (बिजनौर)


# परा विधिक स्वयं सेवको को दीवानी न्यायालय में दिनांक 18 सितंबर 2023 दिवस सोमवार को दिया गया प्रशिक्षण।*

दिनांक 18 सितंबर 2023 को दीवानी न्यायालय परिसर स्थित सभा कक्ष मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान मे पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण के पंचम सेशन / समापन कार्यक्रम का आयोजन श्री अवनीश सक्सेना माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर की गरिमामय उपस्थिति में मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर आयोजित किया गया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अवनीश सक्सैना माननीय जिला जज / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्ध नगर द्वारा की गई । प्रशिक्षण कार्यक्रम मे श्री अल्ला रक्खे ( रिटायर्ड जिला जज) / अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत गौतम बुद्ध नगर एंव श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज / सचिव (पूर्णकालिक ) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर एव श्री अतुल कुमार सोनी, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर एवं श्री ओम प्रकाश पासवान तहसीलदार दादरी उपस्थित हुए ।

पराविधिक स्वयं सेवक के पंचम प्रशिक्षण सत्र मे श्री अवनीश सक्सैना, माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर द्वारा परा विधिक स्वय सेवकों के कार्य, दायित्व एवं कर्तव्यों के संबंध में बताते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक निशुल्क विधिक सहायता /सेवा पहुंचाना पराविधिक स्वयं सेवकों का प्रथम कर्तव्य है । इसके साथ ही नवनियुक्त परा विधिक स्वयं सेवकों को माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा शुभकामनाएं दी गई तथा परा विधिक स्वयं सेवकों द्वारा समाजहित मे किए जाने वाले कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण अल्ला रक्खे ( रिटायर्ड जिला जज) / अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत गौतम बुद्ध नगर एंव श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज / सचिव (पूर्णकालिक ) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर एव श्री अतुल कुमार सोनी, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर एवं श्री

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ ने अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और विपश्यना आचार्य डॉ. सत्य नारायण गोयनका का शताब्दी वर्ष मनाने साथ में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन जीबीयु में करने के लिए हाथ मिलाया

ग्रेटर नोएडा, भारत, 16 सितंबर, 2023 - गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय




(जीबीयू) एवं अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से स्वर्ग से बुद्ध के अवतरण को चिह्नित करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस मनाने की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। यह शुभ कार्यक्रम 28 अक्टूबर, 2023 को शरद पूर्णिमा के दिन ग्रेटर नोएडा के जीबीयू परिसर में होने वाला है। इस वर्ष का उत्सव विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह विपश्यना आचार्य डॉ. सत्य नारायण गोयनका के शताब्दी वर्ष के साथ मेल खाता है।

आईबीसी के महानिदेशक श्री अभिजीत हलदर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस, आईबीसी का तीसरा प्रमुख कार्यक्रम, उस दिन की याद दिलाता है जब बुद्ध तैंतीस दिव्य प्राणियों के दिव्य क्षेत्र से संकासिया (वर्तमान में संकिसा बसंतपुर के रूप में जाना जाता है) में अवतरित हुए थे। उत्तर प्रदेश का फरुर्खाबाद जिला)। इस घटना का महत्व अशोक हाथी स्तंभ द्वारा प्रलेखित है, जो इसके महत्व को दर्शाता है। ऐसा माना जाता है कि बुद्ध ने अपने अवतरण से पहले देवताओं और अपनी मां को अभिधम्म की शिक्षा दी थी, जिससे यह बौद्ध इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण बन गया। इसके अलावा, इस वर्ष का उत्सव रेनी रिट्रीट और पवाराणा उत्सव के अंत के साथ मेल खाता है, जिससे इसका आध्यात्मिक महत्व बढ़ जाता है।

विपश्यना आचार्य डॉ. सत्य नारायण गोयनका का शताब्दी वर्ष इस आयोजन का एक और उल्लेखनीय पहलू है। ध्यान और माइंडफुलनेस की दुनिया के एक प्रसिद्ध विद्वान डॉ. गोयनका ने दुनिया भर में विपश्यना ध्यान के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सादगी और सार्वभौमिकता से चिह्नित उनकी शिक्षाओं ने अनगिनत लोगों के जीवन को प्रभावित किया है, जिससे ध्यान विभिन्न समुदायों के लिए सुलभ हो गया है। आईबीसी के निदेशक प्रोफेसर रवींद्र पंथ ने कहा, डॉ. गोयनका का शताब्दी समारोह उनकी स्थायी विरासत का सम्मान करता है, मानवता की भलाई में उनके योगदान पर जोर देता है। जबकि प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा ने कहा है कि "बुद्ध धम्म के सिद्धांत और वैश्विक कल्याणः प्रकृति, महत्व और प्रयोज्यता" पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी 28 से 30 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य शांति, समृद्धि, करुणा, सहिष्णुता, अहिंसा, आध्यात्मिकता और सद्भाव के संदर्भ में बुद्ध की गहन शिक्षाओं का पता लगाना है। सम्मेलन के निदेशक डॉ अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समकालीन वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने में बौद्ध सिद्धांतों की भूमिका पर चर्चा करने के लिए विद्वानों, शिक्षाविदों और अभ्यासकताओं को आकर्षित करना है। सम्मेलन के मुख्य विषय और उप-विषय अभिधम्म दर्शन से लेकर विपश्यना ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य, लिंग भेदभाव, ग्लोबल वार्मिंग और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर बौद्ध धर्म के प्रभाव जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया है।

# "रक्तदान महादान" इसके लिए खुद आगे आएं लोग : मुख्यमंत्री

***भाजयुमो के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का सीएम योगी ने बढ़ाया उत्साह***




समाज जागरण

गोरखपुर, 18 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवारा के अंतर्गत सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में रक्तदान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदान करने वाले युवाओं का मनोबल बढ़ाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। इस महादान के प्रति लोग स्वतः स्फूर्त भावना से आगे आएं, इसके लिए समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। रक्तदान कर रक्त की कमी या रक्त विकार से ग्रसित लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त के अलग अलग तत्वों से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अभी बहुत से लोग रक्तदान के लिए आगे नहीं आते, जबकि किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने से कोई दिक्कत नहीं होती। स्वैच्छिक रक्तदान कम होने पर पेशेवर लोग जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने लगते हैं। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर पेशेवरों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि निश्चित अंतराल के बाद प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को पीड़ित मानवता की मदद के लिए रक्तदान करना ही चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि 2005 में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में ब्लड बैंक की स्थापना हुई थी। तब ब्लड सेपरेटर की व्यवस्था नहीं थी। अब ब्लड सेपरेटर होने से जरूरत के अनुसार प्लेटलेट्स, प्लाज्मा आदि अलग-अलग कर रोगियों को उपलब्ध हो रहा है। इससे मरीजों को काफी राहत मिल रही है।

**स्वैच्छिक रक्तदान से रोका जा सकता है पेशेवरों का खिलवाड़**

**पीड़ित मानवता की मदद को रक्तदान करना ही चाहिए : सीएम**

पीएम मोदी के नेतृत्व में महाशक्ति बन रहा भारत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवारा मनाया जा रहा है। आज रक्तदान का कार्यक्रम इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का जीवन जनता और जन कल्याण को समर्पित है। उनके नेतृत्व में नया भारत दुनिया की महाशक्ति बन रहा है। जी-20 की अगुवाई के साथ दुनिया भारत का सामर्थ्य देख रही है। भारत की प्रतिष्ठा वैश्विक मंचों पर तेजी से बढ़ती जा रही है।

रक्तदान शिविर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्तदान कर रहे युवाओं से बात की, उत्साह बढ़ाते हुए उनके साथ तस्वीरें खिंचाई। इस दौरान गुरु गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सत्यार्थ मिश्रा, सत्येंद्र सिन्हा, राहुल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# जनता की समस्याओं का गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा गंभीर।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राजस्व से जुड़े प्रकरणों को लेकर स्टाफ समीक्षा बैठक हुई संपन्न।

जिलाधिकारी ने बैठक में उप जिलाधिकारियों एवं न्यायिक उप जिलाधिकारियों को तहसील में लंबित चल रहे प्रकरणों के निस्तारण के दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

अधिकारी गण शासन के महत्वपूर्ण पोर्टलों की प्रतिदिन करें मॉनिटरिंगः डीएम।

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक रूप से निस्तारण कराने एवं तहसीलों में लंबित चल रहे धारा 24, 116, पैमाइश, विरासत, जमीनी, प्रमाण पत्रों के प्रकरणों का निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी तथा न्यायिक उप जिला अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुए एसडीएम एवं न्यायिक एसडीएम को निर्देश दिए कि उनके न्यायालय में धारा 24, 116, पैमाइश, विरासत, वसीयत, कृषि भूमि को गैर कृषि भूमि में परिवर्तन करने के लिए जो भी प्रकरण लंबित चल रहे हैं, उनका नियत समय में निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व मामलों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारी की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने ई डिस्टिक पोर्टल पर उपलब्ध सेवाओं जैसे जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और हैसियत प्रमाण पत्रों के लंबित मामलों को लेकर उप जिलाधिकारी एवं न्यायिक उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए की वह प्रतिदिन पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की मॉनिटरिंग करते हुए प्रमाण पत्रों को तय समय में जारी करते हुए आवेदकों को उपलब्ध कराए जाएं। जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुए बैठक में उपस्थित उप जिला अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा तहसील के प्रकरणों को केवल न्यायिक उप जिलाधिकारियों को हस्तांतरित न किए जाएं, उप जिलाधिकारी एवं न्यायिक उप जिलाधिकारी पर समान रूप से प्रकरण रहे, ताकि लंबित चल रहे प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी ने बैठक में यह भी निर्देश दिए की अधिकारी गण प्रतिदिन समय से अपनी-अपनी तहसीलों में उपस्थित होकर शासन के महत्वपूर्ण पोर्टलों की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि तहसील में आने वाले फरियादियों के साथ मधुर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ अनुश्रवण करें एवं उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा की बैठक सम्पन्न हुई

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव



फतेहपुर महात्मा गाँधी सभागार कलक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी(वित्त/राजस्व) विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा जनपद की कानून व्यवस्था सुदृण बनाये रखने के दृष्टिगत अभियोजन के लाम्बित वादों का निस्तारण नियमानुसार समय से कराए। जिससे कि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल जाय और दोषियों को सजा हो सके। अभियोजन अधिकारीगण, शासकीय अधिवक्ता गण, मुकदमों की पैरवी प्रभावी ढंग से करते हुए दोषियों को सजा दिलायें। परिवारिक न्यायालय विद्युत, सामाजिक वानिकी, खाद्य विभाग, गुंडा एक्ट, प्रोबेशन विभाग,फौजदारी,बाट-माप,खाद्य सुरक्षा, श्रम विभाग पाक्सो एक्टआदि के लाम्बित वादों की समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। जिससे अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। उन्होंने पिछली बैठक में उठाये गए बिन्दुओ के अनुपालन की आख्या की पुष्टि किया। न्यायालयों में विचाराधीन मामलों में सफल अभियोजन पैरवी कर सजा का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए। ताकि न्यायालयों में लंबित पुराने मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, शासकीय अधिवक्ता गण सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## जयचंदापुर गाँव में ट्रांसफर जला किसान परेशान.

### बिजली के न आने से छात्रों की पढ़ाई हो रही चौपट

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव



फतेहपुर हसवा विकास खंड क्षेत्र के अचिंतपुर पिटाई मजरे जयचंदापुर गाँव में 15 दिनों से ट्रांसफर जल गया है। जिससे समर्सिबल और घरों की बिजली नदारत है। किसानों की धान की फसल सुख रही है। लेकिन समय बारिश होने के कारण किसानों की धान फसल बच गईं है। लेकिन पालिया पावर हाउस के जिम्मेदार अधिकारी मौन है। किसानों की शिकायत करने पर भी अधिकारियों की नींद नहीं खुली। जिससे क्षेत्र के किसान परेशान है।

गाँव के ही रामाभईया ,सुरेश कुमार राजपूत, जयकरण सिंह, किसान यूनियन ग्राम पंचायत अध्यक्ष रमेश, तीरथ भाई, लवकुश ,शैलेंद्र, नरेश वीरेंद्र सिंह, ठुनगु, सिंह उमेश सिंह ,धर्मेंद्र सिंह, पवन सिंह ,रविंद्र सिंह ,शैलेंद्र कुमार, आद किसानों ने बताया कि गाँव में 15 दिनों से ट्रांसफर जल गया है। पालिया पावर के जेई अनिल कुमार को जानकारी दिया गया है कि गाँव लगा ट्रांसफर जल गया है। लेकिन अब तक बदला नहीं गया है। जिससे गाँव के किसानों के फसल सुख रही थी। लेकिन ईश्वर की महिला हुई कि सुख रही फसलों को बारिश ने बचा दिया। लेकिन पालिया पावर हाउस के जिम्मेदार अधिकारियों की नींद अभी तक नहीं खुली।वही गाँव के छात्रों में अभिषेक, नीरज अंकुश, शिवकुमार, शिवसिंह, पुजा देवी, ऊषा देवी, लक्ष्मी देवी, माला देवी, साधना देवी, राज रानी आदि बच्चों ने बताया कि बिजली के न आने से हम लोगो की पढ़ाई भी चौपट हो रही है। क्योंकि बिजली नहीं आने से पढाई चौपट हो रही है। सरकार के नियमों का पालन बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नहीं करते हैं। जिससे गाँव में हम छात्रों की पढ़ाई मोमबत्ती के सहारे हो रही है। इस मामले पर जेई अनिल कुमार ने बताया कि गाँव के लोग किसी एक व्यक्ति के नाम आनलाइन कर दे। जिसके नाम कनेक्शन बिल जमा हो। क्योंकि उसी नाम पर आनलाइन 18001805025 आवेदन करें। और दो में जला ट्रांसफर बदल जायेगा।

## छत से बंदरो ने युवक को दौड़ाया, नीचे गिरकर युवक की मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जिले के थरियांव थानां क्षेत्र के शेमरा घूरी बुजुर्ग गाँव में बीती शाम को एक युवक अपने घर की छत पर था। तभी वहां छत पर बन्दर आ गए और बंदरो ने उसको दौड़ा लिया। बंदरो से खुद को बचाने के प्रयास में युवक छत से नीचे भागा तभी हड़बड़ाहट में छत से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के शेमरा घूरी बुजुर्ग गाँव निवासी राम स्वाहन का लगभग 40 वर्षीय पुत्र राम करन बीती शाम को वह अपने घर की छत पर था। तभी वहाँ छत पर बन्दरा का झुंड आ गया और बंदरो ने उसको दौड़ा लिया। बंदरो से खुद को बचाने के प्रयास में वह छत से नीचे भागा तभी हड़बड़ाहट में छत से नीचे गिर गया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जब तक उसको कही इलाज के लिए लेकर जाते उससे पहले ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भेड़ चराने गये वृद्ध की नदी में डूबने से हुई मौत

दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई

खागा फतेहपुर क्षेत्र के दरियापुर के ससुर खदेरी नदी नं० 2 पुल के पास भेड़ चराने गए एक वृद्ध व्यक्ति की नदी में डूबने से मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकेशन पुत्र स्व० जगदेव पाल उम्र लगभग 62 वर्ष निवासी दौलतपुर सुबह लगभग 9 बजे दरियापुर के पास ससुर खदेरी नदी नं० 2 के किनारे भेड़ चराने गये थे खागा कोट रोड़ में नदी में बने पुल के कुछ दूरी पर बने बन्धा के पास रामकेशन के कपड़े व जूते दूसरे चरवाहों ने पड़े देखकर आसपास के लोगों को बताया तो फूलचन्द्र पुत्र जगमोहन निवासी रोशनपुर भैयालाल निशाद निवासी दरियापुर बन्धे के पास डूब रहे रामकेशन पाल को बचाने के लिए नदी में कूद गये किन्तु बचा नहीं पाये और दोनों खुद डूबने लगे जिन्हें गोताखोरों की मदद से बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है व तीन घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद मृतक रामकेशन के शव को बाहर निकाला गया मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है परिजनों में मृतक की पत्नी सुत्तन देवी व उसके लड़के बृजमोहन ननका प्रदीप सर्वेश बृजेश व पुत्री चंद्रानी व सोनम हैं जिसमें चंद्रानी विकलांग है इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार राव से बात करने पर बताया कि हा एक लोग डूब के मर गया है उसके बचाने के लिए दो लोग कूदे थे ,वो किसी तरह अपना बच के निकल आये है

## बाबा अमरनाथ बफार्नी के दिव्य दर्शन एवं 24 वें विशाल भण्डारे में आस्था का उमडा सैलाब

*दैनिक समाज जागरण*



सम्भल। सिद्ध पीठ प्राचीन श्री पालालेश्वर महादेव मंदिर सरायतरीन में आयोजित बाबा अमरनाथ बफार्नी के दिव्य दर्शन एवं 24 वें विशाल भण्डारे में आस्था का सैलाब उमड पडा। मुख्य अतिथि कनक सक्सैना ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। समाजसेवी चन्द्रपाल वार्ष्णेय, रामकेहर आर्य, कमल कौशल वार्ष्णेय, अनुराग गुप्ता, अनिल सैनी ने दीप प्रज्वलन किया। भाजपा नेता राजेश सिंघल, आशुतोष रस्तौगी, खुशबू प्रजापति ने कार्यक्रम का उ-दद्याटन किया। बाबा के दर्शनों के लिए सुबह से श्रद्धालुओं का यहां पहुंचना शुरू हो गया। मन्दिर के बाहर धार्मिक नृत्य नाटिका का आन्नद लेते हुए श्रद्धालुओं ने दर्शन यात्रा शुरू की। बैरीकेटिंग से गुजरते हुए श्रद्धालुओं ने मन्दिर में प्रवेश किया और सिद्धि विनायक गणपति बप्पा के दर्शन किये। इसके उपरान्त मन्दिर में स्थापित विशालकाय महादेव की प्रतिमा की परिक्रमा करते हुए सांई दरबार पहुंचे। यहां से खाटू श्याम बाबा, महाकाल बाबा के दर्शन करते हुए पहाडनुमा पगडन्डियों पर कठिन चढाई कर यात्रा पूर्ण करते हुए बाबा अमरनाथ बफार्नी की गुफा में प्रवेश किया। यहां पर श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेककर तथा हाथ जोडकर अपने-अपने मनोरथ को पूर्ण कराने की प्रार्थना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भण्डारा स्थल पर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरान्त श्री पातालेश्वर महादेव के अलौकिक श्रंगार के दर्शन कर हलुवे का प्रसाद प्राप्त कर यात्रा पूर्ण करते हुए मन्दिर से बाहर आये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एक दर्जन से अधिक धार्मिक व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सेवा कार्य में जुटे रहे। वहीं इस दौरान कार्यक्रम में सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक हस्तियों तथा पत्रकार बन्धुओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, मा. छत्रपाल, अरविन्द अरोडा, अतुल कुमार, नीरज कुमार, गौरव प्रताप, राजेश सिंघल, जयप्रकाश गुप्ता, गणेश शर्मा, सुशील शर्मा आदि उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में कपिल सिंघल, अमित वार्ष्णेय, सुशील कुमार वार्ष्णेय, राहुल गुप्ता, सुमित सर्राफ, अरविन्द कुमार, गिरिराज किशोर, विष्णु कुमार मोनू, ला. देवेन्द्र कुमार, विजय सिंह सैनी, बब्लू एड., अंकुश सिंघल, दीपक गुप्ता, चन्द्रेश आर्य, पंकज गुप्ता, गोपेश वार्ष्णेय, पुनीत अटल, ललित पन्नी, शीलू गांधी, चन्द्रपाल सैनी, प्रमोद सैनी, विजयपाल यादव, मिथुन हैडन, जीतू ठाकुर, राजीव सैनी, डा. राजकुमार सैनी आदि सेवादार जी-जान से जुटे रहे। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के मददेनजर कडे इंतजाम किये। मन्दिर परिसर तथा आसपास क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस-पीएसी के जवानों के अलावा महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई।

## प्रति पशु प्रोत्साहन राशि रु0 10 हजार से 15 हजार तक देने के साथ है प्रमाण पत्र भी दिया जाय

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव



फतेहपुर मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने दुग्धशाला विकास विभाग द्वारा नवीन योजना के तहत ह्ननन्द बाबा दुग्ध मिशन" संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत 'मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना' एवं प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समिति का गठन कार्यक्रम की विस्तार से चर्चा की और कहा कि शासन की मंशानुरूप प्रारंभिक दुग्ध सहकारी समिति का गठन प्रत्येक विकास खंडवार किया जाय। उन्होने कहा कि सहकारिता पर आधारित दुग्ध विकास कार्यक्रम के तहत जनपद के ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाय जिससे कि ग्रामीण जनजीवन से गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन एवं जनपद के त्वरित औद्योगिकीकरण के साथ ही ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को अनवरत विकास में सहयोग मिलेगा। किसानों को उनके दूध का लाभकारी मूल्य दिलाने एवं कृषि आधारित औद्योगिक ढांचे को सुदृढ़ बनाने में दुग्ध विकास विभाग अपना सकारात्मक सहयोग दे।

मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत प्रगतिशील पशुपालको को उन्नति नस्ल के स्वदेशी गायों यथा गिरि, साहीवाल, हरियाणा, गंगा तीरी एवं थारपारकर आदि से निर्धारित मानक पर दुग्ध उत्पादन करने पर प्रति पशु प्रोत्साहन राशि रु0 10 हजार से 15 हजार तक देने के साथ है प्रमाण पत्र भी दिया जाय। योजना का लाभ निर्धारित मानकों के अनुसार किए गए आवेदनों पर कराए। योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति जनपद में राजेश कुमार प्रजापति वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक, हेमन्त मिश्रा, सहायक दुग्ध पर्यवेक्षक-9415062675 से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रीमती नीती त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 नवल किशोर सचान, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी अखिलेंद्र मिश्रा, प्रभारी दुग्ध संघ दिनेश सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## ज्वैलर्स के घर हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, चोरी के जेवरात सहित आरोपी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जिले के चाँदपुर थाना क्षेत्र के अमौली कस्बे में ज्वैलर्स के घर सोने के जेवरात चोरी हो गए थे जिसकी शिकायत पीड़ित ने स्थानीय थाने में दर्ज कराई थी। चोरी की तहरीरी के आधार पर पुलिस ने कार्यवाई करते हुए आरोपी को चोरी के जेवरात सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के अमौली कस्बा निवासी शिव कुमार के पुत्र विकास सिंह के घर से सोने के 2 अदद कंगन, 5 नाक की कील, 2 अदद छोटी बाली चोरी हो गए तो पीड़ित ने स्थानीय थाने रिपोर्ट दर्ज कराई। तहरीर मिलते ही पुलिस जाँच पड़ताल में जुट गई। पीड़ित के घर टाइल्स लगाने आये मिस्त्री पर शक होने पर पुलिस उसकी तलाश में थी तभी पता चला कि टाइल्स मिस्त्री के कपड़े और समान पीड़ित के घर रखे है और वह उनको लेने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के सामान व कपड़ो को पीड़ित के परिजन की मौजूदगी में चेक किया तो कपड़ों से एक पीली पन्नी में चोरी गए 02 अदद कंगन , 05 नाक की कील व 02 अदद छोटी बाली बरामद हो गयी। जिसकी पहचान पीड़ित व परिजन द्वारा मौके पर की गयी। उसके बाद पुलिस 20 वर्षीय आरोपी पिन्टू पासवान पुत्र जयपाल पासवान निवासी ग्राम देवमई थाना बकेवर को गिरफ्त में लेकर विधिक कार्यवाई कर रही है।

## ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों में खर्च हुए पैसों का सचिव के द्वारा नहीं किया जा रहा भुगतान – ग्राम प्रधान

### ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी जय सिंह पर 25 परसेंट कमीशन मांगने का लगाए गंभीर आरोप

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद के विकास खंड बहुआ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुरियानी के ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखित तौर पर एक तहरीर दिया है कि उनके ग्राम पंचायत के अंदर जितने भी कार्य हुए हैं उन सब कार्यों का भुगतान ग्राम पंचायत अधिकारी जय सिंह के द्वारा नहीं किया जा रहा है। वहीं ग्राम प्रधान ने कहा कि इस कारण ग्राम पंचायत में अन्य कोई विकास कार्य नहीं हो पा रहा है क्योंकि जिस भी दुकान से सामान लाया जाता है तो दुकानदार बिना भुगतान के अब कोई भी सामान देने को तैयार नहीं है वहीं ग्राम प्रधान ने कहा कि सचिव के द्वारा भुगतान नहीं किया गया है लेकिन उसके द्वारा 25 प्रतिशत कमीशन मांगा जा रहा है।ग्राम पंचायत के अंदर ग्राम प्रधान के द्वारा मुख्य तौर पर कराए गए कार्य निम्न प्रकार हैं झ



1– ग्राम प्रधान का मानदेय 5000 रुपए मासिक की दर से नहीं किया गया भुगतान
2– हैंड पंप मरम्मत का भुगतान नहीं किया गया भुगतान
3– गांव में जलभराव से निजात हेतु अध्धा एवं रोड़ी का भुगतान
4– मरम्मत किए गए हैंड पंपों के मिस्त्री का भुगतान
5– गांव में हुए विकास कार्यों के शीला पट का भुगतान
6– स्वतंत्रता दिवस में व्यय का भुगतान

## सिद्धार्थनगर के नये जिला अधिकारी बने पवन अग्रवाल

दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव



सिद्धार्थनगर । शासन द्वारा सात आईएएस अधिकारियों का हस्तानांतरण किया गया है। इसी क्रम में सिद्धार्थनगर के जिला अधिकारी रहे संजीव रंजन को प्रतापगढ़ का जिला अधिकारी बनाया गया है। और पवन अग्रवाल को सिद्धार्थनगर का नया जिला अधिकारी बनाया गया है। बताते चलें कि इससे पूर्व पवन अग्रवाल मुख्य कार्यपालक अधिकारी गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गोरखपुर रहे। और प्रतापगढ़ के जिला अधिकारी रहे प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव को प्रतीक्षारत भेजा गया है। बताते चलें कि श्रीमती माला श्रीवास्तव को जिलाधिकारी रायबरेली से निदेशक भूतत्व एंव खनिकर्म उत्तर प्रदेश बनाया गया। और कासगंज की जिला अधिकारी सुश्री हर्षिता माथुर को रायबरेली का नया जिला अधिकारी बनाया गया है। श्री मती सुधा वर्मा संयुक्त राज्य निर्वाचन आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ से जिलाधिकारी कासगंज बनाया गया। श्री मती अनुज मलिक संभागीय खाध नियंत्रक गोरखपुर तथा विशेष कार्याधिकारी गोरखपुर औधोगिकविकास प्राधिकरण गोरखपुर से मुख्य कार्यपालक अधिकारी गोरखपुर औधोगिक विकास प्राधिकरण गोरखपुर बनाया गया है।

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ

दैनिक समाज जागरण




संभल।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के निमित्त भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा ऋरक्तदान शिविर का आयोजन सचिन सक्सेना ब्लड बैंक, संभल पर आयोजित किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल रहे प्रवासी के रूप में युवा मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष संचित बंसल उपस्थित रहे कार्यक्रम जिला अध्यक्ष शिखर गोयल के नेतृत्व में किया गया इस अवसर पर नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष ने भी रक्तदान किया एवं अधिक से अधिक युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया एवं रक्तदाताओं को पार्षस्ति पत्र वितरित किए इस अवसर पर रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं में भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सोनू चाहल भाजपा के मीडिया प्रभारी मुकुल रस्तोगी पुष्प लता पाल दानिश अली जीशान प्रधान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शिखर गोयल मनोज यादव ललतेश यादव हिरदेश त्यागी यश शर्मा सजन श्रीमाली विनय शर्मा पंकज अरविन्द प्रजापति आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं की कुल संख्या 73 रही

इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष प्रभात शर्मा गणेश शर्मा सुशील शर्मा शोभित गुप्ता सौरभ गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे

## खाते से ट्रांसफर हुई पीड़िता की सम्पूर्ण धनराशि (20000 रू) साइबर क्राइम सेल फतेहपुर द्वारा उनके खाते में वापस कराया गया

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर आवेदिका श्रीमती सिद्दीकी जोया बानो पत्नी बिलाल अहमद निवासी बाकरगंज थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में उपस्थित होकर, पुलिस अधीक्षक महोदय को सम्बोधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि उनके यूनियन बैंक आफ इण्डिया खाते से कुल 20000 रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है। शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा साइबर क्राइम सेल टीम को कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए आवेदिका से ट्रांसफर किये गये रूपयो का विवरण प्राप्त करते हुये पोर्टल पर तत्काल शिकायत दर्ज की गई। ट्रांसफर किये गये रूपयों के बारे में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त रूपयो को एसबीआई बैंक खाते में भेजा गया है। तत्काल एसबीआई बैंक के नोडल अधिकारियों से पत्राचार कर ठगे गये रूपयों के सम्बन्ध जानकारी प्राप्त करते हुये उक्त




धनराशि को फ्रीज कराया गया तथा लगातार वार्ता करते हुये धनवापसी हेतु पत्राचार किया गया। बैंक द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुये पूरे 20000 रुपए सकुशल आवेदिका उपरोक्त के बैंक खाते में वापस कराया गया। खाते में अपनी पूरी धनराशि वापस पाने के उपरान्त आवेदिका द्वारा आज दिनांक 18.09.2023 को साइबर क्राइम सेल में आकर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय एवं साइबर क्राइम सेल के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कृत कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा आभार प्रकट किया गया। आवेदिका कृत कार्यवाही से पूर्ण रूप से सन्तुष्ट है। जनमानस से अपील की जाती है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, डेबिट कार्ड/केडिट कार्ड डिटेल एवं यूजर आईडी पासवर्ड शेयर न करें, चाहें वह बैंक कर्मी हो या ट्रेजरी आफिसर या अन्य कोई । कोई व्यक्ति यदि बातों-बातों में आपसे कोई रिमोट एक्सेस एप जैसे- क्वीक सपोर्ट, एनीडेस्क आदि डाउलोड करने को कहे तो कदापि डाउनलोड न करें। विभिन्न माध्यमो जैसे एसएमएस, ई-मेल, व्हाट्सएप मैसेज आदि पर प्रसारित / प्राप्त हो रहे लिंक को न खोलें। किसी भी कम्पनी का कस्टमर केयर नम्बर गूगल पर सर्च करके प्रयोग में न लायें नम्बर प्राप्त करने हेतु उस कम्पनी द्वारा उपलब्ध कराये गये डाक्यूमेंट को देखें या केवल आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध नम्बर का प्रयोग करें । एटीएम से पैसे निकालते समय ध्यान रखें कि कोई दूसरा व्यक्ति आपका एटीएम कार्ड बदल न पायें एवं पैसा निकालने से पूर्व उस मशीन में स्कीमर एवं कैमरा न लगा हो चेक कर ले । अपने मोबाइल को किसी अनजान व्यक्ति को कदापि न दें । विभिन्न सरकारी आवास योजनाओ का लाभार्थी बताकर यदि कोई पैसे मांगे तो कदापि पैसे न दे । यदि आपके मोबाइल नंबर पर मैसेज या काल आता है कि आपके दोस्त/रिश्तेदार ने रुपये भेजे है, उसे रिसीव कर ले या आप उस लिंक को क्लिक करें तो आपके खाते में राशि आ जाएगी तो ध्यान रखे कि यह काल आनलाइन फ्रॉड की भी हो सकती है और इस पर क्लिक करने से आपके खाते से रुपए कट सकते है, अतः जाँच परख के बाद ही लेन देन करे । किसी भी प्रकार की साइबर क्राइम सम्बन्धी शिकायत को दर्ज करने हेतु नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in या टोल फ्री नं0 1930 डायल करें या अपने बैंक को घटना के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये नजदीकी थाने या जनपदीय साइबर क्राइम सेल में सम्पर्क करे ।साइबर क्राइम सेल टीम निरीक्षक मोहम्मद कमर खान प्रभारी साइबर क्राइम सेल फतेहपुर, हे0का0 भैयालाल साइबर क्राइम सेल जनपद फतेहपुर,का0 प्रवीन सिंह साइबर क्राइम सेल जनपद फतेहपुर, का0 शुभेन्दु रंजन साइबर क्राइम सेल जनपद फतेहपुर

## तालाब में डुबने से तीन बच्चों की मौत परिजनों में मातम

दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव

सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के अल्लापुर ग्राम पंचायत के जगदीशपुर गांव में स्थित तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूब कर मौत हो गई। जिससे परिवार में मातम छा गया और पूरे गांव में कोहराम मच गया है। मरने वालों में गौरव पुत्र अजय कुमार 13 वर्ष नरायन पुत्र विजय कुमार 15 वर्ष व सागर पुत्र नरेश शामिल है। ये लोग अल्लापुर ग्राम पंचायत जगदीशपुर डीह के रहने वाले थे। दोपहर करीब एक बजे तीनों लड़को के साथ कृष्णा यादव पुत्र सुरज 10 वर्ष नहाने गया था। जहाँ तीनो को डूबता देख कृष्णा ने गाँव मे शोर किया। गाँव वालों ने जाल डाल कर तीनो के शव को बाहर निकाला। आनन फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहा चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया गया। डुमरियागंज पुलिस मौके पर पहुंची जहां ग्रामीणों को इकट्ठा कर पंचनामा करते हुए लाश को परिजनों को सौंप दिया है। इस दर्दनाक घटना से इलाके में शनशनी फैल गई। बताते चलें कि जिस वक्त एक साथ तीन मासूमों की अर्थी उठी तो जर्रा जर्रा कांप उठा।

## ट्रैफिक पुलिसकर्मी संकित कुमार ने किया रक्तदान

दैनिक समाज जागरण

सम्भल-जनपद संभल में फिर एक बार ट्रैफिक पुलिसकर्मी संकित कुमार का दयावान चेहरा देखने को मिला। संभल के एक न्यू लाइफ हॉस्पिटल में एक ग्यारह साल के मासूम बच्चे शाहनवाज पिता वसीम को ए पॉजिटिव प्लेटलेट्स ब्लड चाहिए था परिवार में किसी का भी ए पॉजिटिव ब्लड न मिलने की




वजह से सब परेशान थे उधर हॉस्पिटल में डॉक्टर ने बच्चे की हालत को देखते हुए जल्दी ही ब्लड का इंतजाम करने को कहा। डॉक्टर की बात सुनते ही परिजन और दुखी हुए काफी प्रयास के बाद भी ब्लड नही मिला। तभी किसी के बताने पर उनको नगर के ही लाइफ ब्लड डोनेट ग्रुप के बारे में पता लगा जिसके ग्रुप संचालक शानू किदवई है। तुरंत ही देर न करने हुए बच्चे के पिता ने लाइफ ब्लड ग्रुप के संचालक शानू किदवई से बात की ओर अपनी सारी परेशानी बताई। तब शानू किदवई ने अपने ग्रुप में मोजूद डोनर ट्रैफिक पुलिसकर्मी संकित कुमार को कॉल की ओर सारी बात बताई। संकित कुमार देर न करते हुए सचिन सक्सेना ब्लड बैंक पहुंचे और एक मासूम बच्चे शाहनवाज के लिए अपना ए पॉजिटिव रक्तदान किया ट्रैफिक पुलिसकर्मी संकित कुमार ने बताया की हमे हर जरूरतमंद के लिए अपना रक्तदान करते रहना चाहिए क्योंकि अगर आपके ब्लड देने से किसी की जान बच रही है तो वो सबसे बड़ा पुण्य का काम है रक्तदान महादान है।

# तलहा मकरानी के हौसले है बुलंद सत्याग्रह पारि खेल कर 409 पर नॉट आउट लौटे आज पवेलियन

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर /किरतपुर रेलवे स्टेशन बसी किरतपुर उत्तर रेलवे से रन थ्रो होकर निकल जाती सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12037 अप 12038 डाउन के स्टोपेज की मांग को लेकर आज सत्याग्रह संकल्प अभियान संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट के नेतृत्व रेलवे स्टेशन के बाहर निजी जगह पर बैठकर तीन आदमी ने 409 वा साप्ताहिक सांकेतिक लगातार धरना दिया।



धरना प्रदर्शन स्थल से संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी ने कहा शीघ्र ही इंडियन रेलवे बोर्ड अध्यक्ष श्रीमती जया वर्मा सिंन्हा से एक प्रतिनिधि मंडल भेंट करेगा और पिछले 409 सप्ताह से जारी धरना प्रदर्शन रजिस्टर डाक एवं माननीय उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका एवं क्षेत्र सांसद द्वारा प्रश्न काल में दो बार उठाई गई मांग एवं जनपद बिजनौर दौरे पर आए केंद्रीय रेल मंत्री लोकसभा चुनाव 2024 प्रभारी नगीना अश्वनी वैष्णव से अनेक बार भेंट कर उक्त स्टोपेज की मांग की और उन्होंने सत्याग्रहीयो को आश्वासन दिया एवं जिले बिजनौर में दौरे पर अनेको बार आये जी. एम. बडौदा हाऊस नई दिल्ली व डीआरएम मुरादाबाद से भेंट कर के उक्त स्टोपेज की मांग की जा चुकी है परन्तु अभी तक नगर किरतपुर की तीन लाख क्षेत्रीय जनता को अभी तक उक्त स्टोपेज मिलने में क्या देरी हो रही है। जबकि देश में जहाँ जहाँ ट्रेनो के स्टोपेज की आवश्यकता होती है वहा लगातार रेल मंत्रालय नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के स्टोपेज दे रही है क्या हम नगर किरतपुर वासी किसी राजनीति के शिकार हो रहे हैं। जबकि इसी सत्याग्रह की मांग पर रेल मंत्रालय नई दिल्ली ने लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन का स्टोपेज दिया जिससे नगर किरतपुर की क्षेत्रीय जनता को बडी सहूलियत व आराम मिला, मिल रहा है, वही रेल मंत्रालय नई दिल्ली को भारी भरकम राजस्व अर्जित हो रहा है। धरने के पश्चात स्टॉपेज मांग पत्र स्टेशन मास्टर अरविंद कुमार राठी को दिया गया आरपीएफ व जीआरपीएफ बिजनौर के इंचार्ज धरने की निगरानी में रहे । धरना स्थल पर संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी ,नन्हा आंदोलनकारी सुल्तान याहिया, खुर्शीद अहमद भाई जी, सभासद अखिलेश सिंह, व चौधरी जगबीर सिंह आदि रहे।

# मालन नदी में विधुत पोल गिरने का मामला पहुंचा मुख्यमंत्री दरबार

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर /साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने बरसात में मालन नदी के पानी मे तेंज बहाव से बिजली के पोल गिरने की समास्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान के प्रयास में जुटे हुए हैं चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मुख्यमंत्री उप सचिव अरविंद मोहन जी से लखनऊ पहुंच कर मुख्यमंत्री कार्यालय लोक भवन में मुलाकात कर मालन में बरसात में पानी के तेंज बहाव से विधुत के पोल गिरने की समास्या मुख्यमंत्री दरबार पहुंचाई । समास्या को मान्य मुख्यमंत्री के उप सचिव अरविंद मोहन जी की ओर से समाधान के लिए आदेश कर दिया गया है ।...अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खण्ड नजीबाबाद इस समास्या को देख रहे हैं। समास्या के समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है।समास्या के समाधान के लिए नदी के दोनों किनारों पर पोल स्थापित करने के लिए तथा 33/11 के पी उपकेंद्र साहनपुर क्षेत्र के अन्तर्गत परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि का कार्य आर० डी ० एस० एस० योजना में प्रस्तावित कर दिया गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का आश्वासन मिला है। जल्द ही इस समास्या के समाधान की उम्मीद है।



# पत्नी को लेने आए दामाद की बेरहमी से हत्या

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर किरतपुर पत्नी से मिलने आए दामाद की बेरहमी से हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। हत्याकांड की अब एक वीडियो सामने आई है। जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे ईंट से कूट कूट कर दामाद को मौत के घाट उतारा गया। इससे पहले उसपर चाकू से कई वार किए गए। जिसने भी हत्या की यह वीडियो वह काप उठा। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार किरतपुर थाना क्षेत्र के सराय इम्मा में 30 वर्षीय आसिफ अपनी पत्नी को लेने के लिए दूधली गांव आया था। लेकिन इसी दौरान उसकी हत्या कर दी गई। आसिफ की हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया। दो दिन बाद आसिफ की हत्या का वीडियो सामने आया है। छत से किसी ने हत्या के इस वीडियो को बनाया है। हैरानी की बात आसिफ को उसके ससुराल पक्ष के लोग बेरहमी से मारते रहे लेकिन कोई भी उसे बचाने नहीं आया। बताया जा रहा है कि आसिफ ने दूधली की कौसर जहां से छह साल पहले लव मैरिज की थी। लेकिन लड़की के परिजन इससे बेहद नाराज थे। शादी के 2 साल बाद ही आसिफ और कौसर में विवाद हो गया। जिसके बाद कौसर अपने मायके आकर रहने लगी। इसको लेकर आसिफ और कौसर के घरवालों के बीच कानुनी लड़ाई भी चल रही थी। आसिफ के पिता ने ये भी बताया कि पुलिस दो को जेल भेज चुकी है और तीन अभी बाहर ही घुम रहे हैं आसिफ के पिता ने इन्साफ की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि बड़ी शेरी के साथ बाहर खुलेआम घूमने वाले हत्यारोपी कब गिरफ्तार होते है। परिजन न्याय चाहते है। ईमानदार एसपी नीरज जादौन के कार्यकाल में परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद है।

# शौचालयों की सफाई करने के बावजूद पगार पाने को तरस रही है कौशल

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर स्योहारा क्षेत्र के ग्राम नरावली निवासी गरीब महिला कौशल को जहां एक तरफ गरीबी का दंश झेलना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी तरफ लोगो की गन्दगी अपने हाथों से साफ करने के बावजूद भी उसको अपनी मेहनत नुमा पगार भी पाने को तरसना पड़ रहा है। बताते चलें कि ग्राम पंचायत नरावली निवासी गरीब महिला कौशल को पंचायत के शौचालयों को साफ करने पर अस्थायी रूप ठगते हुए या कहें कि उसको ठगते हु उससे हर दिन में दो बार शौचालयों की सफाई कराई जाती है लेकिन अब 9 माह बीत जाने के बाद भी पगार के नाम पर उसको केवल आश्वासन ही मिल रहा है जिसकी वजह से परेशान कौशल ने प्रधान,ग्राम सचिव आदि से पगार दिलाने की गुहार लगा चुकी है लेकिन उसको केवल झूठे आश्वासन देकर लगातार ये गंदा काम लिया जा रहा है,लेकिन पगार के नाम पर उसकी कोई सुनवाई नही हो रही है। वही इस बाबत जब बीडीओ राम कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान व सचिव ने इस पद पर कोई नियुक्ति दिखाई ही नही तो सेलरी मिलेगी ही कैसे,।



वहीं ग्राम सचिव ने बताया कि अभी इस पद पर कोई स्थायी नियुक्ति नही की गई है लेकिन उन्होंने आश्वासन दिया है कि कौशल को पगार उपलब्ध कराई जाएगी तो वहीं प्रधान पति ने बताया कि इस पद के लिए अभी चयन होगा और प्रयास किया जाएगा कि कौशल को ही इसके लिए चुना जाए।लेकिन इन सब की बातों से ये तो साफ हो गया कि कौशल को झूठे आश्वासन देकर शौचालयों की सफाई पर लगा दिया गया है जबकि उसको इस काम की अब तक कि पगार मिलना असम्भव सा है तो क्या कौशल बेचारी इतना गंदा काम करने के बाद भी खाली हाथ रहेगी? क्या कोई अधिकारी उसके साथ हुई इस ठगी का संज्ञान लेगा?या बस वो यूं ये काम निःशुल्क करती रहेगी?

# शहीदों के सम्मान में घर घर जाकर चावल तथा मिट्टी एकत्रित की

दैनिक समाज जागरण गवाँ। रजपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव दीपपुर डांडा में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधान पुत्र मोरसिंह कुशवाहा के द्वारा शहीदों के सम्मान में चावल तथा मिट्टी गांव में घर-घर जाकर के एकत्रित की। संगठन के निर्देश अनुसार घर घर जाकर के संपर्क किया और शहीदों के सम्मान में सभी के घर से मेरी माटी मेरा देश के अभियान को सफल बनाते हुए सभी के घर से कलश में चावल तथा मिट्टी एकत्रित की। इस दौरान ग्राम प्रधान पुत्र मोहर सिंह कुशवाहा ,ठाकुर सुमित कुमार, जयप्रकाश कुशवाहा, सतीश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



# अध्यापकों के विरुद्ध निलंबित और शिक्षामित्रों की लापरवाही होने की दशा में सेवाएं समाप्त करने की हो कार्रवाई :रविंद कुमार माँदड़

शावेज अहमद रामपुर।जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों में शासन स्तर से निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है वह प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें।



निरीक्षण के दौरान विद्यालय में गम्भीर लापरवाही मिलने पर अध्यापकों के विरुद्ध निलंबित करने की कार्रवाई करें और शिक्षामित्रों की लापरवाही होने की दशा में उनकी सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई होनी चाहिए।

विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति होनी चाहिए, अध्यापक विद्यालयों में समय से उपस्थित होकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी जब विद्यालयों के निरीक्षण के लिए जाएं तब विद्यालयों में लंबे समय से गैर हाजिर बच्चों के अभिभावकों से भी संपर्क करें और विद्यालय भेजने के दौरान अभिभावकों की समस्याओं के बारे में जानकारी लें तथा बच्चों को अनिवार्य रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रोत्साहित करें।

उन्होंने जनपद में निमार्णाधीन 185 स्मार्ट क्लास के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय के हेड मास्टर की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। हेड मास्टर यह सुनिश्चित करें कि विद्यालय में पंजीकरण के सापेक्ष कम से कम 80 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति होनी चाहिए। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जैन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# एक व्यक्ति की सर्प डंस से हालत गंभीर पीएचसी भर्ती कराया

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जिक्रीवाला निवासी सिराजुद्दीन 30 वर्ष पुत्र मौहम्मद यूसुफ,कालागढ़ के समीपवर्ती गांव भिक्कावाला सरकारी टंकी मजदूरी करने गया था कि ईट उठाते समय ईंटों के ढ़ेर में छिपे बैठे जहरीले सांप ने दाहिने हाथ के अंगूठे व एक ऊंगली में काट लिया। तुरंत ही साथी मजदूरों ने पीएचसी कासमपुरगढ़ी भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें उनको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर खालिद अख्तर वह फार्मासिस्ट सतीश कुमार गंभीर अवस्था देखें फायर सेंटर रेफर कर दिया।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तहसील शाहबाद का किया भ्रमण

शावेज अहमद /रामपुर।मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा शाहबाद क्षेत्र के ग्राम मधुपुरी एवं कूप का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों को साफ-सफाई, स्वच्छ पानी पीने, सोते समय मच्छरदानी के प्रयोग हेतु जनता से अपील की गई तथा कई घरों में जाकर लार्वा की जाँच भी की गई जिसमें 12 घरों में कन्टेनरों में लार्वा मिला। तत्काल लार्वा नष्ट करा दिया गया तथा सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही से समस्त ग्रामवासियों को अवगत कराया गया।भ्रमण के दौरान डेंगू रोगियों के परिजनों से वार्ता की गयी। निरोधात्मक कार्यवाही में ग्राम कूप में अमन एवं ग्राम मधुपुरी में गोसिया के परिवारजनों से मिलने पर टीम को ज्ञात हुआ कि अमन व गोसिया दोनों रोगी अभी घर पर हैं, और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।



उन्होंने बताया कि टीम द्वारा सभी क्षेत्रों की नालियों में लार्वा निरोधक दवा का छिड़काव कराया गया व कंटेनरों की जाँच की गई। टीम को जॉच के दौरान 19 घरों में लार्वा मिला जिन्हें तत्काल नष्ट करा दिया गया एवं नोटिस जारी की गई। क्षेत्र में बुखार के 36 रोगियों की जाँच की गई, सभी मलेरिया ऋणात्मक निकले। सभी क्षेत्रों एवं आस-पास के सभी लोगों को डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण, रोकथाम के उपाय के बारे में जानकारी दी गयी। ग्राम कूप में डीबीसी वर्क्स द्वारा कन्टेनरों की जाँच की गई, जिसमें 52 कन्टेनरों में लार्वा प्राप्त हुआ, जिसको तत्काल नष्ट करा दिया गया।

उन्होंने बताया कि लोगों को मच्छरों से बचाव एवं उनसे होने वाली बीमारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा लोगों को टीम द्वारा बताया गया कि मलेरिया, डेंगू चिकिनगुनिया रोग मच्छर से होता है तथा इसका मच्छर साफ पानी में अण्डे देता है। इसलिए घरों के अन्दर तथा आस पास पानी इकटठा न होने दें। घरों में फ्रिज में पीछे की ट्रे में, गमलों में, छत पर रखे हुए टूटे बर्तनों में, खराब टायर में पानी इकट्ठा न होने दें। बुखार आने पर तत्काल निकट के स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच जिला अस्पताल में निःशुल्क अवश्य कराएं। पूरी आस्तीन के कपड़े पहने जिससे कि मच्छर के कटने से बचा जा सके। लोगों से घरों के आस-पास साफ-सफाई, कूड़ा न इकट्ठा होने के सम्बन्ध में एवं जलभराव की स्थिति नहीं होने देने के सम्बन्ध में टीम द्वारा जन-जागरूकता दी गई। इस दौरान उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया निरीक्षक श्री रिंकू वर्मा के नेतृत्व में ग्राम कूप में एवं फाइलेरिया निरीक्षक श्री देवराज सिंह के नेतृत्व में मधुपुरी में भ्रमण किया गया।

# फर्जी वेतन बिल को पास कराने का प्रयास, आरोपी लिपिक तत्काल प्रभाव से निलंबित

## *लिपिक की जांच अवर अभियंता को सौंपी*

बिसौली आई एम खान। एक अनुपस्थित संविदा कर्मचारी के फर्जी वेतन बिल को पास कराने का प्रयास अधिष्ठापन लिपिक को तब भारी पड़ गया जब चेयरमैन अबरार अहमद ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बिल पर हस्ताक्षर नहीं किए। चेयरमैन श्री अहमद ने तत्काल प्रभाव से आरोपी लिपिक यशोदानंदन को निलंबित कर दिया। चेयरमैन ने अग्रिम कार्यवाही के लिए मामले की जांच अवर अभियंता ज्ञानेन्द्र कुमार को सौंपी है। पूरा मामला तब प्रकाश में आया जब सोमवार को अधिष्ठापन लिपिक यशोदानंदन एक संविदा कर्मी का एक अगस्त से 31 अगस्त तक के फर्जी वेतन बिल को चेयरमैन अबरार अहमद के पास हस्ताक्षर कराने को लेकर पहुंचे। इससे पूर्व लिपिक ने अधिशासी अधिकारी के हस्ताक्षर बिल पर करा लिए थे। चेयरमैन ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए बिल को बारीकी से देखा तो उन्होंने फर्जीवाड़ा पकड़ लिया। जिस संविदा कर्मचारी का बिल था वह अगस्त माह में अनुपस्थित रहा था। चेयरमैन ने फर्जी बिल पर हस्ताक्षर नहीं किए और तत्काल प्रभाव से आरोपी लिपिक को सस्पेंड कर दिया। वहीं उक्त मामले की जांच जेई ज्ञानेन्द्र कुमार को सौंप दी गई है। चेयरमैन अबरार अहमद के सख्त कदम से पालिका कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

# नवनियुक्त उपनिरीक्षक शेर सिंह ने संभाला जाब्ता गंज चौकी का कार्यकाल

नजीबाबाद थाना क्षेत्र के जाब्ता गंज चौकी का कार्यभार नवनियुक्त उपनिरीक्षक शेर सिंह ने संभाला उन्होंने बताया कि मैं अपना कार्य पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करूंगा अगर मेरे क्षेत्र में कोई क्राइम करता हुआ पाया गया या कोई अवैध काम करता हुआ पाया गया तो मै उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करूंगा उन्होंने जनता से अपील की अगर उन पर कोई उत्पीड़न करता है तो वह मुझसे शिकायत करें मैं उसे संज्ञान में लेकर तत्काल कार्रवाई करूंगा उन्होंने शरारती तत्व को चेतावनी देते हुए कहा कि जो शरारती तत्व है वह सुधार जाए नही तो उनकी खेर नहीं है मेरे क्षेत्र में कोई भी सट्टेबाजी नशे बाजी चोरी या गुंडागर्दी करता हुआ पाया गया तो मैं किसी की सिफारिश ना सुनते हुए तुरंत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दूंगा मैं अपनी वर्दी की मान मयार्दा का ख्याल रखते हुए अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी से निभाऊंगा



# स्वच्छता अभियान में पूर्ण निष्ठा के साथ भागीदारी स्वयंसेवकों की सच्ची सेवा होगी

बिसौली आई एम खान। नगर स्थित दमयंती राज आनंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्राचार्य डा. पीके वार्ष्णेय के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने शपथ ली। प्राचार्य श्री वार्ष्णेय ने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को गंदगी ना करने, अपने परिवार, गली, मोहल्ले और कार्य स्थल पर साफ सफाई रखने की शपथ दिलाई। श्री वार्ष्णेय ने कहा कि स्वच्छता अभियान में पूर्ण निष्ठा के साथ भागीदारी सुनिश्चित करना ही स्वयंसेवकों की सच्ची सेवा होगी। शपथ ग्रहण समारोह में छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी तरुण प्रकाश व छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डा. मंजूषा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# कृषि सूचना तंत्र एवं कृषक जागरुकता किसान मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद किसान जागरूकता मेला आयोजित किसानों को विभागीय योजनाओं की दी जानकारी नजीबाबाद विकासखंड के डबाकरा हाल में कृषि विभाग द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम एक दिवसीय किसान मेला/ गोष्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मौ यूनुस सदस्य जिला पंचायत एवं संचालन रतिराम सिंह ने किया किसान मेला गोष्ठी का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, सदस्य जिला पंचायत मौ यूनुस, विक्रम सिंह खोवे, ओंकार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सीता काटकर किया गया इस किसान मेले को संबोधित करते हुए सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा विकास पवार ने धान की फसल को मुख्य रोग एवं कीट नियंत्रण के बारे में विस्तार से किसानों को जानकारी दी गन्ना विकास विभाग के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मायापति यादव ने गन्ने में लगने वाले प्रमुख रोग लाल सडन के बचाव की जानकारी दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी मनोज रावत ने भूमि शोधन एवं भूमि में लगातार कम होते जा रही जीवाश्म कार्बन की मात्रा के संबंध में किसानों को समझाया प्रधानमंत्री फसल बीमा के संबंध में इसको के प्रतिनिधि नीरज चौहान ने विस्तार से किसानों को जानकारी दी कृषि विज्ञान केंद्र नगीना से डॉ शकुंतला गुप्ता द्वारा मोटा अनाज उत्पादन, उपयोग, मशरूम उत्पादन मधुमक्खी पालन करने की सलाह किसान भाइयों एवं उपस्थित जन समूह को दी गई कार्यक्रम का सफल संचालन रतिराम सिंह द्वारा किया गया इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि



हमारी केंद्र व प्रदेश की सरकार का कृषि विभाग अनेक सरकारी योजनाएं चलाकर विकास की पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तथा किसानों तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बताए गए सभी बिंदुओं पर किसान भाई कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से उन्हें लाभ होगा उन्होंने कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर किसान चौपाल किसान गोष्ठी का कार्यक्रम किए जाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों से इन कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार पर बल देने का आह्वान किया कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, विक्रम सिंह खोवे, ओंकार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ कृपाल सिंह, कृषि विभाग के जॉनी, दीपक कुमार, धर्मेंद्र सिंह आदि ने सम्बोधित किया अतिथियों ने विकास खंड में गन्ना विकास विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्थान से विभागीय कार्यों की जानकारी प्राप्त की इस गोष्ठी में मुख्य रूप से क्षेत्र के अनेक गणमान्य जागरूक किसानों ने बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिला कृषकों ने भाग लिया ठाकुर तेजपाल सिंह एडवोकेट, कृष्ण पाल सिंह,अशोक शर्मा, नीरज चौहान, नरेश कुमार, हरीश कुमार, श्रीमती कविता ठाकुर, उषा गुर्जर, शबाना खान,संकोच कुमार, शकील बिजोरी, मोहम्मद रमजान, आदि उपस्थित रहे

# युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ**

थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला निवासी मदन सिंह पाल की पत्नी पिंकी देवी ने कई वर्ष पूर्व मतभेद के चलते मदन सिंह पाल से तलाक ले लिया था और एक दूसरे व्यक्ति से शादी कर ली थी। पिंकी व मदन सिंह पाल के एक पुत्री कु. आंचल व एक पुत्र दिव्यांशु है जो तलाक के बाद मदन सिंह पाल के पास ही रह गए थे। गत दिवस मदन सिंह की पुत्री कु. आंचल (18 वर्ष) की मौत हो गई। मदन सिंह का कहना है कि आंचल कुछ दिनों से डिप्रेशन की शिकार थी जिसका उपचार भी चल रहा था और बीते रोज उसने परिजनों की गैर मौजूदगी में घर के कमरे में पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मदन सिंह का कहना है कि वह यह हादसा देख घबरा गए और डर के मारे पुलिस एवं रिश्तेदारों आदि को सूचना दिए बगैर उसका गांव के पास में ही स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार करने ले गए। उधर चर्चा है कि प्रेम प्रसंग के चलते युवती ऑनर किलिंग की शिकार हुई है। घटना की सूचना युवती की तलाकशुदा मां पिंकी देवी पर पहुंची तो पिंकी देवी ने पुलिस के आला अधिकारियों को घटना के संबंध में अवगत कराते हुए रेहड़ पुलिस से कार्यवाही की बात कही। कल्लूवाला स्थित हल्का चौकी इंचार्ज विनोद कुमार पांडे का कहना है कि पिंकी देवी की शिकायत पर श्मशान घाट पर पहुंची पुलिस टीम ने चिता की आग को बूझकर अधजली लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने और तहरीर आने उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।



# डीआईओएस फिरोजाबाद ने अश्वनी जैन को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

फिरोजाबादः- जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, सिविल लाइन दबरई पर जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना ने श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रवक्ता एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन को शिक्षा मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र को प्रदान करने के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग फिरोजाबाद के तत्वाधान में आयोजित विज्ञान संगोष्ठी में नोडल अधिकारी की भूमिका में विद्यार्थियों को मण्डल स्तर तक प्रतिभाग कराने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।



डॉ निशा अस्थाना ने बताया कि अश्वनी कुमार जैन द्वारा विज्ञान को जन जन तक पहुंचाने के संकल्प को विद्यार्थियों के मध्य अत्यंत सार्थक ढंग से किया जा रहा है। जिसमें जनपद के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदर्शित कर रहे हैं। श्री जैन का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 की जनपद स्तरीय चयन समिति द्वारा चयन किया गया था। अश्वनी कुमार जैन ने जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद डॉ निशा अस्थाना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डेय, प्रोफेसर श्रीमती संध्या द्विवेदी, जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथियों एवं मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए सभी से अपील की है कि विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अन्य सभी विषयों से सम्बंधित प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक प्रतिभाग कराकर उनकी कार्य करने की क्षमता में वृद्धि करें।

इस अवसर पर सोनवीर सिंह,
रक्षपाल सिंह, महीपाल सिंह, सुरेश कुमार, नरेन्द्र सिंह, तरुणा सिंह, मुकेश शुक्ला, सुरेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पोषण मांह अभियान का मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

फिरोजाबाद"राष्ट्रीय पोषण माह" को कन्वेर्जेन्स विभागों के समन्वय से सफल आयोजन किया जा रहा है। पोणण अभियान एक बहु-विभागीय कर्न्वेन्स का अभियान है, जो मा0. प्रधानमंत्री के विजन "सुपोषण भारत" (कुपोषण मुक्त भारत) पर आधारित है। वर्ष 2018 से प्रत्येक वर्ष सितम्बर माह में सभी हितधारकों के समेकित प्रयासों से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाता है।
इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम "सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत" है। पोषण अभियान के अर्न्तगत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस वर्ष के "राष्ट्रीय पोषण माह" का मुख्य फोकस अर्न्तविभागीय कन्वर्जेन्स स्थापित करते हुये समेकित रूप से पोषण सम्बन्धी गतिविधियॉ वृहद स्तर पर आयोजित की जानी है, जिसमें अधिकांश लाभार्थियों को जोड़ते हुये पोषण अभियान को जन आन्दोलन के रूप में परिवर्तित किया जा सकें।



"राष्ट्रीय पोषण माह" के अर्न्तगत आज सोमवार को विकास भवन परिसर में रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे ड्राई राशन एवं श्री अन्न (मोटे अनाज) के उपभोग को बढ़ावा देने के लिये खाद्य पदार्थो से निर्मित विविध प्रकार के व्यंजनों की रेसिपी प्रतियोगता का आयोजन किया गया।
इस प्रतियोगिता में जिलाधिकारी डॉ उज्जवल कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारीदीक्षा जैन, जिला विकास अधिकारी तथा जनपद के अन्य अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। रेसिपी प्रतियोगिता में जनपद की विभिन्न बाल विकास परियोजना से आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा विकास भवन परिसर में रंगोली कार्यक्रम एवं पोष्टिक आहार से सुशोभित व्यंजनों की आर्कषण स्टॉल व प्रदर्शिनी लगाई गयी। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन परिसर में सहजन का पौधा लगाया गया।
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग फिरोजाबाद के तत्वाधान में आयोजित इस रेसिपी प्रतियोगिता में विभाग से अम्बुज यादव, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ, सी0डी0पी0ओ0, ग्रामीण, कृष्ण पाल सिंह, सी0डी0पी0ओ0, शिकोहाबाद एवं कुलप्रीत कौर, सी0डी0पी0ओ0 खैरगढ सहित जनपद की समस्त मुख्य सेविकाऐ तथा विभिन्न परियोजनाओं की आंगनबाडी कार्यकत्रियों के साथ अधिक संख्या में व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# रक्तदान शिविर लगाया गया

फिरोजाबाद। जसराना के देश के पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसराना में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें भाजपा कार्यकताओं के साथ एक दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।



भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अमित मोहन के नेतृत्व में रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता और जिलामंत्री डॉ उम्मेद सिंह राजपूत ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, इससे बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं होता। रक्तदान हम सबको जोड़ता है। रक्तदान करने से लोगों की जान बचाई जा सकती है।
इस अवसर पर डॉ विमल कुमार, एका मंडल अध्यक्ष अभिषेक आजाद, जिलाउपाध्यक्ष युवामोर्चा शुभम सैनी, मीडिया प्रभारी सत्यवीर सिंह जाट, मोहित राठौर, अनिल कुमार, अर्जुन कुमार, राजनेश लोधी, आकाश चौहान, विशाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## झाड़-फूक कर जानवर बनाने की प्रायः देता था धमकी आजिज आकर कुल्हाड़ी से काट कर दी हत्या

### अप्राकृतिक सेक्स का शौकीन था मृतक साकिब, इसके लिए बनाता था दबाव



अयोध्या।शनिवार की भोर में पॉलीथीन में लपेट शव मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक साकिब झाड़-फूंक का काम करता था। अप्राकृतिक सेक्स का शौकीन था। इसी से नाराज होकर दो युवकों ने कुल्हाड़ी से काट कर उसकी हत्या कर दी मृतक साकिब झाड़-फूंक का काम करता था। और अप्राकृतिक सेक्स का शौकीन था। जिसेलिए वह लगातार हत्यारोपी सलीम व गुलफाम को परेशान करता था। झाड़-फूंक से उन्हें जानवर बना देने की धमकी देता रहता था। तथा आप्रकृतिक सेक्स के लिए दवाब बना कर परेशान करता था। जिसे परेशान होकर दोनों आरोपियों ने साकिब की हत्या कर दी। शव को फेंकने जा रहे थे रास्ते में गिरने के कारण पूरी घटना का खुलासा हो गया। इससे पूर्व भी मृतक की कई बार इन्हीं कारणों से पिटाई भी हो चुकी है। तथा वह आप्रकृतिक सेक्स मामले में जेल भी जा चुका है। पुलिस ने सलीम पुत्र पीर मोहम्मद निवासी भदाव कल्याण, अमेठी व मो0 गुलफाम पुत्र मो0 यासीन घटौली, खण्डासा, जनपद अयोध्या को डबल नहर पुलिया ग्राम घटौली के पास से गिरफ्तार किया। उनके पास हत्या में प्रयुक्त दो कुल्हाड़ी भी बरामद की गई है।
थानाध्यक्ष खण्डासा मनोज कुमार ने बताया मृतक साबिक के द्वारा झाड़-फूक कर हत्यारोपियों को जानवर बनने की धमकी दी जाती

# "नगर में मनाई गई पेरियार ईवी रामास्वामी नायकर की जयंती" " इस अवसर विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया"

फिरोजाबाद नगर के रॉयल एजुकेशन बर्ड पब्लिक स्कूल रेलवे क्रॉसिंग सोफीपुर के प्रांगण में हमारे देश के महान दार्शनिक सामाजिक क्रांति के प्रणेता पेरियार ई वी रामास्वामी नायकर जी की 144वी जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर विशाल कब सम्मेलन संपन्न किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरदोई से चलकर पधारे यदुनंदन लाल लोधी वरिष्ठ कवि एवं चिंतक ने रामास्वामी नायकर के चित्र पर एवं देश को आजाद करने वाले अमर शहीद क्रांतिकारियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार कवि हृदय सम्राट दयालु राम जी दयाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाज सेबी पत्रकार साहित्यकार डॉ डी आर वर्मा ने किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने पेरियार ए वी रामास्वामी नायकर के जीवन पर परिचय देते हुए उनके विचारों को मानते हुए उनका अनुसरण करने का संदेश दिया जयंती की चिंतन गोष्ठी को मास्टर श्री चंद धनकर अध्यापक रमेश बघेल लखनऊ से चलकर आए एडिटर इन चीफ जय जगत फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री प्रदीप पाल सरवन सिंह बघेल एसके पाल अशोक बघेल बृजेश यादव गिरीश जोशी डॉक्टर बलवीर सिंह कुशवाहा उदयवीर सिंह यादव शासकीय अधिवक्ता प्रेम सिंह वर्मा एडवोकेट ने विचार व्यक्त किया तत्पश्चात विशाल कब सम्मेलन का आयोजन भारत माता की आरती के साथ शुभारंभ किया गया कवि सम्मेलन का संचालन कासगंज से पधारे वरिष्ठ कवि डॉ राम प्रकाश पाल पथिक जी ने किया इस अवसर पर देश के वर्तमान हालात को देखते हुए कभी डॉक्टर डी 0राम0अकेला ने भारत माता की आरती से एवं टूंडला से पधारी हुई कवित्री श्रीमती सुनीता बौद्ध जी ने माता सावित्रीबाई फुले की आरती द्वारा किया गया भगवान दास पीयूष जी शिकोहाबाद सरोज शोदामिनी भूमि कुशवाहा लक्ष्मी नारायण सिंह निर्दोष कुमार प्रेमी कप्तान सिंह प्रदीप संघर्षी ओंमप्रकाश वेवरिया फतेह सिंह बेधड़क मनोज राजा ताली देवी सिंह कुशवाहा प्रमोद जोशीला आदि अनेक कवियों ने काव्य पाठ करते हुए देश के हालातो को बयां किया कार्यक्रम के संयोजक कवि श्री पहुंची लाल धनकर एवं डॉ डी आर वर्मा तथा फतेह सिंह बेधड़क और विद्यालय प्रबंधक भीमसेन वर्मा ने उपस्थित अतिथियों एवं पत्रकार बंधुओ का साफा अंग वस्त्र पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया कवि सम्मेलन में क्षेत्र पंचायत सदस्य राजाराम वर्मा एवं दलबीर सिंह बघेल की सेवाएं सराहनीय रही



# किशोरी को अगवा करने के आरोप

### अयोध्या। एक किशोरी को युवक द्वारा अगवा कर लेने का मामला प्रकाश में आया है।

**समाज जागरण**

घटना जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित माता ने बताया शनिवार को सुबह लगभग 11 बजे कम्प्यूटर सीखने के लिये घर से निकली है। तब से बहुत खोजबीन किया गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल रहा है। कुछ दिन पहले मेरी पुत्री ने घर पर बताया था कि शिवकुमार पुत्र रामकलप कोरी निवासी रण्डौली पश्चिम पाली मेरे मोबाइल पर वार-बार फोन करते हैं इसलिये पीड़ित परिवार शिवकुमार पुत्र रामकलप कोरी के ऊपर संदेह कर रहा हूं कि उक्त युवक बहला फुसला कर अपने साथ लेकर चला गया। हल्का दरोगा राहुल पांडे ने बताया तहरीर मिली है। केस दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी सहित बालिका को बरामद कर लिया जाएगा।




# अज्ञात करणों से रस्सी से लटकर 65 वर्षीय बुजुर्ग ने दी जान

अयोध्या । जनपद के थाना कोतवाली इनायतनगर अंतर्गत चौकी क्षेत्र हरिंग्टनगंज के ग्राम पंचायत आदिलपुर पूरे लाला का पुरवा निवासी रामदुलारे पुत्र महराजदीन रावत उम्र 65 वर्ष घर से दूर बाग में नीम के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी है ।मृतक रामदुलारे के दो संतान एक लड़का और एक लड़की लगभग 18 वर्ष पूर्व



रामदुलारे के पुत्र की मौत एक एक्सीडेंट में हो गई थी । घर में किसी के न होने से बेटी और दामाद दोनों यहीं रहते थे और घर का देखरेख करते थे । घरवालों का कहना है की बीते दिनांक 17/09/2023/ बिना किसी को बताएं सुबह घर से निकले थे और घर वापस नहीं आए थे, घरवालों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला । ग्रामीणों की सूचना पर चौकी प्रभारी हरिंग्टनगंज रजनीश पाण्डेय, सिपाहियों कुलदीप यादव, शिवम यादव, मुकेश कुमार, अमित कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। घटना से परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# समाजसेवी राजन पाण्डेय ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर एक गरीब परिवार को गोद लिया

### समाजसेवी राजन पाण्डेय ने गरीबों के साथ मनाया सेवा सप्ताह

**समाज जागरण**

अयोध्या । जनपद के प्रसिद्ध समाजसेवी राजन पाण्डेय ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर उन्होंने एक गरीब परिवार को गोद लिया ।हाल में हुई हुई दुर्घटना जिसमें मनोज मौर्य नामक युवक की दर्दनाक मौत हुई थी समाजसेवी राजन अपनी पत्नी डॉक्टर तृप्ति पांडे के साथ पहुंचकर उसे परिवार को रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के साथ आर्थिक मदद उपलब्ध कराकर उनके दुखों को कम करने का प्रयास किया । समाजसेवी राजन ने परिवार से वादा किया है कि जल्द ही उनके द्वारा अपने निजी धन से शोकाकुल परिवार के लिए पक्का घर बनवाया जाएगा।



इसी के साथ अब जिले में राजन पाण्डेय द्वारा मोदी जी के जन्मदिन पर गोद लिए अनाथ परिवारों की संख्या 8 हो गयी, जिसका परिवार सहित पूरा खर्चा राजन पाण्डेय अपने निजी धन से उठाते है ।इसके बाद राजन पाण्डेय ने क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन अन्य गरीब परिवारों को 2000 - 2000 रुपए की त्वरित सहायता करते हुए मोदी जी के लिए लंबी उम्र का आशीर्वाद प्राप्त किया।
राजन पाण्डेय ने बताया की आज देश का नेतृत्व एक दमदार व्यक्तित्व वाला इंसान कर रहा है जिसको पूरी दुनिया गंभीरता से सुनती है मोदी जी के नेतृत्व में ॠ20 और रउड जैसी वैश्विक बैठक भारत में संभव हो पाई । राजन पाण्डेय ने आगे कहा कि पहली बार ऐसा प्रधानमंत्री देश को मिला है जिसके नेतृत्व में कल्याणकारी योजनाएं सत प्रतिशत गरीबों तक पहुंच रही है जिस देश तेजी से विकसित हो रहा है । समाजसेवी राजन पांडेय के साथ अनिल मिश्रा, मोंटी शुक्ला, सोनू निषाद, अंकित पाण्डेय जिला पंचायत सदस्य, कपिल मिश्रा सहित दर्जनों स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे

# आगामी 21 से 25 सितंबर तक आयोजित होने वाले यू0पी0 इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियों को लेकर जिला कृषि विभाग एक्टिव।

**सचिव, कृषि उत्तर प्रदेश शासन डा0 राजशेखर की अध्यक्षता में आज इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा के सभागार में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न।**

**बैठक के उपरान्त सचिव, कृषि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में तैयारियों का लिया जायजा।**

**संबंधित कृषि अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के दिए आवश्यक निर्देश।**

गौतम बुद्ध नगर 18 सितंबर 2023 सचिव, कृषि, उत्तर प्रदेश शासन डा0 राजशेखर की अध्यक्षता में आज इंडिया एक्सपो मार्ट के सभागार में दिनांक 21 सितम्बर से 25 सितम्बर 2023 के मध्य इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो के परिपेक्ष्य में कृषि विभाग के अधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें महानिदेशक उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ, कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ, प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम लखनऊ, निदेशक राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान रहमान खेडा उत्तर प्रदेश लखनऊ, अपर कृषि निदेशक (प्रसार) उत्तर प्रदेश लखनऊ, अपर कृषि निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र) उत्तर प्रदेश लखनऊ, संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) उत्तर प्रदेश लखनऊ, संयुक्त कृषि निदेशक (अभियंत्रण) उत्तर प्रदेश लखनऊ, संयुक्त कृषि निदेशक (ब्यूरों) उत्तर प्रदेश लखनऊ, संयुक्त कृषि निदेशक मेरठ मंण्डल मेरठ, समस्त उप कृषि निदेशक मेरठ मंण्डल मेरठ, समस्त जिला कृषि अधिकारी मेरठ मंण्डल मेरठ अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।
सचिव, कृषि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को दिनांक 21.09.2023 से 25.09.2023 आयोजित होने वाले यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के उपरान्त सचिव, कृषि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा हॉल नंबर-02 एवं 11 का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रेड शो में फर्टिलाइजर विनिमार्ता कम्पनियों के कुल 09 स्टॉल, बीज के कुल 07 स्टॉल, पेस्टीसाइड विनिमार्ता कम्पनी के कुल 06 स्टॉल, अभियंत्रण के 09 स्टॉल, एफ0पी0ओ0 के 15 स्टॉल तथा कृषि विभाग के 04 स्टॉल लगायें जायेगे। इस प्रकार कुल 50 स्टॉल लगाए जायेगें। सचिव कृषि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि पश्चिमी उ0प्र0 के अधिक से अधिक संख्या में कृषकों आयोजित होने वाले यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो आई0ई0एम0एल0 में भ्रमण कराये जाने के लिए आवश्यक प्रयास किये जायें। संयुक्त कृषि निदेशक, मेरठ मण्डल मेरठ डा0 अमरनाथ मिश्र द्वारा मण्डल के समस्त उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारियों को निदेश दिये गये कि प्रत्येक जनपद से कम से कम 200 कृषकों की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाएं तथा इसमें एफ0पी0ओ0 की भी उपस्थिति कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# पकरिया सचिव महीनो से गायब आमजन परेशान कलेक्टर महोदय ध्यान दें

जमुना कोतमा मध्य प्रदेश सरकार जहां हर जनहित हितेषी जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का भरसक प्रयास कर रही है वहीं पर इनके जन कल्याणकारी योजनाओं को इन्हीं के अधीनस्थ अधिकारी पलीता लगाते नजर आ रहे हैं ऐसा ही एक मामला अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर बदरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पकरिया का सामने आया है जहां पर की मौजूद सचिव सुमन पासी महीनों से ग्राम पंचायत नहीं आई हैं जिसके कारण समस्त विकास कार्य थप्पड़ हुए हैं आम जन छोटे-मोटे कामों के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं रोज आमजन आ रही है अपनी छोटी-मोटी समस्याओं को लेकर लेकिन सचिव के न रहने से वह बैरन लौट जा रहे हैं यहां तक कि इस समय की बहुचर्चित योजना लक्ष्मी लाडली बहना योजना का फार्म भरने के लिए भी लाडली बहना आ रही हैं और वह बैरंग लौट रही हैं जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्राम पंचायत पकरिया के आम जनों ने जिले के कलेक्टर महोदय से मांग किया है कि महीनों से गायब सचिव सुमन पासी को खोज कर पुनः लाया जाए ताकि कम सुचारू रूप से चल सके या इन्हें घर पर आराम देकर दूसरे सचिव को यहां पदस्थ किया जाए इस संबंध में जब गांव के सरपंच संतोष सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि सचिव नहीं आ रही हैं उससे हम खुद परेशान हैं और ग्राम पंचायत के समस्त विकास कार्य रुके हुए हैं उच्च अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे आमजन काफी परेशान हैं यहां तक की लाडली बहन भी परेशान है





## विश्वकर्मा जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई

बिरसिंहपुर पाली- नगर में बड़े ही धूम धाम से मनाया विश्वकर्मा जयंती मुख्य रूप से भगवान विश्वकर्मा जी की स्थापना विश्वकर्मा समाज के द्वारा वार्ड नं 6 विश्वकर्मा मोहल्ला व बस स्टैंड पाली साथ संजय गांधी ताप विद्युत परियोजना में के के पावर कंपनी में विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना मंत्रोचार के साथ विधि विधान से की गई पूजा में परियोजना के अधिकारी कर्मचारी ठेकेदार एवं परियोजना के श्रमबीरो ने विश्वकर्मा जी की पूजा करते हुए परियोजना में किसी प्रकार की श्रमिकों के ऊपर आने वाली आपदा की बला को टालने के लिए प्रार्थना की मुख्य रूप से क पावर कंपनी के प्रमुख पी के सिंह ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर परियोजना के ई डी वी के कैलासिया टी आई मदन लाल मरावी पाली चौकी प्रभारी शशि द्विवेदी एवं गणमान्य नागरिक पत्रकार गण एवं बड़ी संख्या के श्रमिक मौजूद रहे पाली नगर में विश्वकर्मा मोहल्ले के विश्वकर्मा मंदिर में भी पूजा अर्चना के साथ विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति स्थापना की गई नगर के अग्रवाल शा मिल में भी विश्वकर्मा भगवान की पूजा के साथ भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया

## उमरिया जिले का एक ऐसा सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पाली जो बना रेफर सेंटर

**इलाज कराना है तो मेडिकल स्टोर से खरीदकर लाना होगा पट्टी**

बिरसिंहपुर पाली -: मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली की हैं बता दे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसिंहपुर पाली की रवइया के ह बात कर रहे हैं उमरिया जिले पाली के सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र की जो एक रेफर अस्पताल बन चुका है। यहाँ की व्यवस्था भगवान भरोसे ही है। 44 पंचायतो के लोग यहाँ इलाज कराने आते है यहां अस्पताल में डॉक्टर की कमी के साथ साथ मरीजों को वितरण की जाने वाली शासन से आने वाली सैकड़ों दवाओं में से नाम मात्र की दवाइयां उपलब्ध हैं लोगो को स्वस्थ होना है तो मेडिकल से खरीदना पड़ता है दवाई। हालात इतने बदतर हैं। पाली के हॉस्पिटल में टांका चीरा लगाने के लिए मरहम, पट्टी भी मरीजो को उपलब्ध नही हो पाता है मेडिकल स्टोर से खरीदकर लाना होता हैं पट्टी। मरीजो के लिए अस्पताल में बेड तो हैं लेकिन बेड से चादर ही गायब हो जाता हैं यह पाली अस्पताल एनएच ठ्ळ 43 पर स्थित है जिसमें रोजाना ही सड़क दुर्घटना के मरीज आते रहते हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार की पूरी किट भी उपलब्ध नहीं है जिससे रेफर किए मरीज का जिला अस्पताल तक पहुंचने के पहले ही कुछ अनहोनी की आशंका परिजनों को बनी रहती है ।बता दे कि बीते एक दिन पहले पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दुर्घटना का मामला सामने आया जिसमें एक मरीज के हाथ में गहरी चोट लगी हुई थी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाइट न होने को 2 घंटे उपचार के लिए इंतजार करना पड़ा जब कि वही दूसरा मामला ग्राम पटपरा में अमित पटवा, काजल पटवा मोटर साइकिल से दुर्घटनाग्रस्त होकर पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया जहां उन्हें उपचार के समय पट्टी बैंडेज अस्पताल में न होना बताते हुए कहा गया कि मेडिकल से जाकर पट्टी बैंडेज लाना पड़ेगा जिसके बाद ही पट्टी किया जा सकता है ।घायल मरीज के चोट से बहता रहा खून हॉस्पिटल करता रहा पट्टी लाने इंतजार समय पर इलाज न शुरू होने पर परिजनों ने उमरिया कलेक्टर को फोन माध्यम से इसकी जानकारी दी उसके बाद भी पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उमरिया रेफर करने के बाद आनन फानन में पट्टी लेकर पहुँचे कर्मचारी जबकि देखा जाता है कि जब कोई जिले के अधिकारी औचक निरीक्षण में जब आते है तो स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाती है लेकिन जैसे ही अधिकारी अस्पताल से निकले तो स्वास्थ्य केंद्र की लचर अव्यवस्थाएं दोबारा अपने असली रूप में आ जाती है ।आखिर कब व्यवस्था की पटरी पर आएगा पाली का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।




### हॉस्पिटल में जनरेटर तो है डीजल का नही है पैसा लाइट अंधेरे लाइट आने का मरीज करते है

मध्यप्रदेश सरकार अपनी सरकार के द्वारा जनता के लिए देने वाली सुविधा की चाहे कितनी भी गिनती गिना ले पर वास्विकता कुछ और ही वाया कर रही है यही एक लापरवाही पाली सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में देखने को मिली बीते दिन पाली सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में दो अलग अलग जगह हादसे के मरीज जब स्वस्थ केंद्र पाली पहुंचे तो उन्हें उपचार के लिए अंधेरे में करना पड़ा घंटो इंतजार और उनके चोटिल शरीर से बहता रहा खून जानकारी देने के बाद भी समय मे नही हो सका उपचार और उपचार करने वाले कर्मचारी करते रहे लाइट का इंतजार सरकार के ओर से हॉस्पिटल में सर्वसुविधा युक्त हॉस्पिटल तो बनवा दिया गया साथ ही सर्वसुविधा सहित उपकरण भी उपलब्ध करवा दिए पर यह उपकरण सिर्फ जंग खा रहे है औ र उपकरण के नामो पर सिर्फ कगाज में मेंटिनेंस हो रहा है और भरस्टाचार में चार चांद लगते जा रहे है

### करोड़ो के बिल्डिंग 44 पंचायतों के विश्वास का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नही उपलब्ध हो रही पट्टी

सरकार के द्वारा लगातार जनता के लिए कार्य किया जा रहा है जो कि जीवन के लिए कुछ उपयोगी है कि जीवन मे अगर स्वस्थ रहना है तो स्वस्थ व्यवस्था को मजबूती करना होगा और उपचार के लिए दवा भी निशुल्क दिलाने का कार्य करना सरकार की जिम्मेदारी होगी पर उमरिया जिले के पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों सरकार के स्वस्थ सेवा से जनता का विश्वास कम होते जा रहा है और झोला छाप डॉक्टरों पे विश्वास बढ़ता जा रहा है कारण सरकार ने दिखवे के लिए करोड़ो की बिल्डिंग बनवा तो दी पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलहम पट्टी जैसे सामग्री उपलब्ध नही करा सकती है मलहम पट्टी जैसे सामग्री को मरीजो को बाजार से खरीद कर लाना पड़ रहा है फिर होता है सवाल तो यह खड़ा होता है कहा जाता है इलाज करने का सामग्री और मरीजो को क्यो नही हो पाता उपलब्ध

# बैहर को जिला बनाने के लिए जनता ने भरी हुंकार,मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 19 सितंबर )बैहर को जिला बनाने के लिए जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में ग्राम झामूल में सैकड़ो की संख्या में आमजन एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बैहर को जिला बनाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है लेकिन शासन द्वारा इसे नजर अंदाज किया जा रहा है जिससे बैहर



वासियों की सहनशीलता जबाब दें रही है इस लिए जगह जगह जनता ने बैहर को जिला बनाने की हुंकार भर कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप रही है ताकि आने वाले चुनाव के पहले मुख्यमंत्री बैहर को जिला बनाने की घोषणा करें।हालांकि गत सप्ताह मुख्यमंत्री का बैहर आगमन था जिसमे उम्मीद थी कि बैहर को जिला बनाने की मुख्यमंत्री घोषणा करेंगे लेकिन कार्यक्रम के 15 घंटे पहले मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निरस्त होने की जानकारी से बैहर को जिला बनने की उम्मीद लिए जनता में निराशा छा गयी। इसी को लेकर ग्राम झामूल में बैठक का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# ऑटो चालक ने युवती को छठ घाट ले जाकर किया दुष्कर्म का प्रयास

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। न्यायधानी में एक ऑटो चालक द्वारा यात्री छात्रा का अपहरण कर उसे छठ घाट ले जाने और वहां उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जब ऑटो चालक अपने उद्देश्य में कामयाब नहीं हो पाया तो उसने छात्रा की हत्या करने की भी पूरी कोशिश की।

फामेर्सी की एक छात्र अपने बुआ के घर बिलासपुर आई थी, जिसने बुआ के घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन से एक ऑटो किराए पर लिया था। जांजगीर जिले में रहने वाली 22 साल की युवती रायगढ़ में फामेर्सी की पढ़ाई कर रही है। 13 सितंबर को वह अपने बुआ के घर बिलासपुर आई थी। जब वह बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो रात के 10:00 बज गए थे। बाहर निकली तो तेज बारिश हो रही थी। स्टेशन के बाहर उसे ऑटो चालक मोहम्मद मुराद आलम उर्फ चांद नजर आया। छात्रा ने ऑटो चालक को घर छोड़ देने की बात कही, ऑटो चालक तैयार हो गया और छात्रा घर जाने के लिए उसके ऑटो में बैठ गई।




अकेली युवती को देखकर ऑटो चालक मोहम्मद मुराद आलम 38 वर्ष की नियत बदल गई और वह उसे घर छोड़ने की बजाय इधर-उधर घूमता रहा। रास्ते में उसने बहाना बनाकर युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद देर रात वह युवती को सुनसान छठ घाट ले गया। युवती को नशे की हालत में देखकर ऑटो चालक ने उसके साथ वहां दुष्कर्म करने का प्रयास किया। नशे की हालत में होने के बावजूद युवती ने पुरजोर विरोध किया जिससे गुस्से में आकर मोहम्मद मुराद आलम ने उस युवती की जान लेने के इरादे से उसके सिर पर पहले तो पत्थर पटक दिया और फिर उसका गला दबा दिया। ऑटो चालक को लगा कि युवती मर गई है। इसके बाद वह उसे छोड़कर भाग गया।

किसी तरह छात्रा पुलिस तक पहुंची। जानकारी में उसने पुलिस को बताया कि आरोपी ऑटो चालक विकलांग है। पुलिस ने ऑटो स्टैंड जाकर विकलांग ऑटो चालक की जानकारी जुटाई तो उन्हें मोहम्मद मुराद की जानकारी मिली। पता चला कि वह पहले भी इसी तरह की कई घटनाओं का अंजाम दे चुका है। संदेह के आधार पर पुलिस ने मोहम्मद मुराद आलम उर्फ चांद को गिरफ्तार कर पहचान परेड कराई तो युवती उसे पहचान गई। पुलिस ने आरोपी गणेश नगर सिरगिट्टी निवासी और वर्तमान में देवरीडीह सोनू पान ठेला के पास रहने वाले मोहम्मद मुराद आलम के खिलाफ धारा 354 , 354 क और 370 का अपराध पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# अमर शहीद मन्नू लाल सूर्यवंशी जी का शहादत दिवस नम आखों से मनाया

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी। ग्राम पंचायत रामतला में अमर शहीद मन्नू लाल सूर्यवंशी जी का शहादत दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम को आयोजित करने में स्वराज कला मंच ने प्रमुख भूमिका निभाई, कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या ,सूर्यवंशी समाज के महासचिव मनीष सेंगर, स्वराज कला मंच के अध्यक्ष थानू राम लसहे छतौना परिक्षेत्र अध्यक्ष सुशील सर,



रतनपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष रामरतन भारद्वाज, सूर्यांश शिक्षा समिति के टी सी रत्नाकर आदि ने अमर शहीद वीर मन्नू लाल सूर्यवंशी जी को विनम्र श्रद्धांजलि एवं पुष्प अर्पण किया तथा सभा को संबोधित किया, शहादत दिवस में मुख्य रूप से भारत माता के लाल अमर शहीद मन्नू लाल सूर्यवंशी के माता-पिता को बुलाकर उनके चरणों में पुष्प अर्पण कर 18 सितंबर को शहादत दिवस के रूप में समाज के लोगों ने मनाया, भारत माता के सपूत के शहादत दिवस पर 24 घंटे का रामायण पाठ किया गया , सूर्यवंशी समाज के लोग भारी संख्या में एकत्रित हुए जिसमें, विजय भौमिक, राजेंद्र सूर्यवंशी पुन्नी लाल सूर्यवंशी, रामायण गुरुजी, भास्कर, ओम शंकर लिबर्टी, बनवारी लाल सूर्यवंशी, होरीलाल सर्वे, रामकुमार सूर्यवंशी, रोहित खरे ,सुखीराम खरे अंबा सूर्यवंशी आदि सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

# मंत्री पीयूष गोयल झूठ बोलते हैँ-अमरजीत भगत

समाज जागरण ब्यूरो रायपुर। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के बयान पर राज्य के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने पलटवार किया है. उन्होंने छग में धान खरीदी का पूरा ब्यौरा भी सामने रखा. उन्होंने कहा की मंत्री गोयल ने गलत जानकारी देकर छग के किसानों को दिग्भ्रमित करने का काम किया, जो भाजपा नेताओं का मूल स्वभाव है.



मंत्री श्री भगत ने कहा की पिछले खरीफ सीजन 2022-23 में छत्तीसगढ़ के 23 लाख 42 हजार किसानों ने 107.53 मीट्रिक टन धान बेचा. पिछली खरीदी में प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान लेने का निर्देश था, उसके अनुसार ही राज्य सरकार ने किसानों से धान खरीदा. इस पर यह आरोप लगाना कि यहाँ स्कैण्डल चल है, ये पूरी तरह से बेबुनियाद है. इतने गंभीर मुद्दों पर बोलने से पहले भाजपा नेताओं को होमवर्क करना चाहिए. ताकि उन्हें फैक्ट को छोड़कर झूठ बोलना न पड़े. उन्होंने कहा कि आने वाले खरीफ सीजन 2034-24 में भूपेश सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान लेने की घोसणा की है, सरकार अपने हर वादे को पूरा करने में सफलतापूर्वक प्रयासरत है. इस साल प्रदेश में किसानों से अनुमानित 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी होगी. इस पर राज्य सरकार पर 28 हजार 800 करोड़ रुपए का ऋण भार आना तय है. जबकि केंद्रीय सरकार राज्य को किसी भी तरह की राशि का भुगतान नहीं करती और केंद्रीय के नेता यहाँ आकर अनर्गल बयान देते है.

मंत्री श्री भगत ने कहा कि एफसीआई को चावल देने काम किया जा रहा ही. आकड़ों की बात की जाये तो 15 सितंबर की स्थिति में प्रदेश के राइस मिलरों ने 38.97 लाख मीट्रिक टन और खाद्य नागरिक पूर्ति निगम ने एफसीआई को 26.3 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कर दिया है, इस तरह 65 लाख मीट्रिक टन चावल जमा किया जा चुका है. इसमें से 54..09 लाख मीट्रिक टन केंद्रीय पूल और 10.91 लाख मीट्रिक टन राज्य पूल में जमा किया जायेगा.अभी 4.26 लाख क्विंटल चावल जमा करना शेष है. इन्हीं आकड़ों के अनुसार केंद्रीय पूल में 58.35 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जायेगा. इससे है साफ है कि केंद्रीय पूल के चावल जमा नहीं करने का आरोप पूरी तरह से गलत है. वही 7.80 लाख मीट्रिक टन धान जमा करना शेष है.

## भाजपा का काम झूठ बोलना है

उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार पूरी ईमानदारी के साथ किसानों का धान खरीद रही है और ऋण की सुविधा उपलब्ध करा रही ही लेकिन भाजपाईओं के पेट में इससे दर्द हो रहा है. केंद्रीय खुद यहाँ पहले रही रमन सरकार का काम देखे, सिर्फ झूठ बोलने सिवाए कुछ उपलब्धि भाजपा के पास नहीं है. उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 86.50. लाख मीट्रिक टन के कोटे को घटाकर 61 लाख मीट्रिक टन कर दिया है. इस पर किसानों कि हित कि झूठी बात करने वाले प्रदेश के भाजपाई नेताओं को अपना मुँह खोलना चाहिए.जबकि साल 2023-24 में 130 लाख मीट्रिक क्विंटल धान खरीदा जायेगा, जिससे 88 लाख मीट्रिक टन चावल निर्मित होगा, दूसरी तरफ केंद्रीय सरकार ने कोटा कम कर किसानों से बेईमानी की है.

मंत्री श्री भगत ने कहा की धान खरीदी में बायोमेट्रिक्स का उपयोग कठिन इसलिए है. क्योंकि अंदरूनी हिस्सों में नेटवर्क की समस्या है, ऐसे में खरीदी प्रभावित होगी और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा, इसलिए केंद्रीय सरकार से इसमें छुट की मांग की गई है।

# विधानसभा मस्तुरी में संकल्प शिविर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज द्वारा दिलाई संकल्प का उड़ाई जा रही धज्जियां

## आखिर विधानसभा मस्तुरी में बाहरी कौन है,मेहमान कांग्रेसी क्या है ?

**समाज जागरण ब्यूरो**

मस्तुरी। विधानसभा मस्तुरी सीट पर पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता और पूर्व में दूसरे दलों से आए नेता आस लगाए बैठे हैं।

ज्यादातर नेता व पदाधिकारियां अपने टिकट को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। सभी माहौल भांपने की कोशिश में लगे हैं।अभी खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं।ऐसे में लगता है कि टिकट क्लीयर होने के बाद वह दूसरी जगह अपना भविष्य जरूर झांकने का प्रयास करेंगे।

प्रत्याशी के नाम की घोषणा हुआ भी नही और अभी से संकल्प शिविर की धज्जियां उठती साफ नजरों से दिखाई दे रही है संकल्प शिविर जयरामनगर में माननीय छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के सामने सभी दावेदारो ने संकल्प लिया था कि कांग्रेस पार्टी जिस किसी भी को विधानसभा में टिकट देगा हम सब मिलकर साथ देंगे और विधानसभा मस्तुरी में कांग्रेस का विधायक बनाऐंगे।

अब सभी दावेदार मिलकर वे कांग्रेस पार्टी में ही गुटबाजी कर अपनी ताकत लगा रहे हैं।एक दूसरे का पत्ता साफ करने और अपनी गोंटी फिट करने में लगे हैं।

हाल में ही विधानसभा मस्तुरी के दावेदारो ने नगर पंचायत मल्हार में जमवाड़ा लगाया हुआ था ,हर किसी के अपने अपने दावे थे ।उनके इस जमवाड़ा के मुड को देखते हुए से लगता कि कही वे कांग्रेस पार्टी के विरोध में जमवाड़ा कर गुटबाजी कर विरोध के मुड में तो नही हैं उनके मुड को देखते हुए भविष्य में इनकी संभावना को नाकारा नही जा सकता।

विधानसभा मस्तुरी में पूर्व ,नवीन के साथ कुछ कांग्रेस के पुराने सिपहसालार नेता मस्तुरी सीट की दावेदारी कर रहे हैं पार्टी किसे टिकट देगी किसका पत्ता साफ होगा देखना दिलचस्प होगा।

कांग्रेस ने यह साफ कर दिया है कि विधानसभा चुनावों में केवल जिताऊ उम्मीदवार को टिकट दिए जाएंगे ।टिकट बांटने में जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवार ही सबसे बडा मापदंड होगा। मस्तुरी क्षेत्र के मतदाताओं का भी यही कहना है कि हमें पुराने चेहरे नहीं चाहिए और न ही झुठे आश्वासन देने वाले चेहरे चाहिए, चाहे जैसा भी है कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर के जनता की पीडा को समझ सके उनके आवश्यक कामो को कराने में सहयोग कर सके तो

'विधानसभा चुनाव मस्तुरी के दावेदार सबकी नजर टिकट पर लगी है।दावेदार अपनी अपनी गोंटी फिट करने में लगे हैं। विधानसभा मस्तुरी पर किसे टिकट देगी इस पर सभी की नजर टिकी है




ऐसे नेता को टिकट दे तो कोई दिक्कत नही। विधानसभा मस्तुरी के उम्मीदवारी जता रहे स्थानीय नेताओं को बाहरी उम्मीदवार का डर सता रहा है। इसके पीछे कारण यह है कि कई बाहरी नेता मस्तुरी विधानसभा सीट का टिकट पाने कि कोशिश कर रहे हैं,विधानसभा मस्तुरी का इतिहास भी ऐसा ही रहा है कि यहां से जो भी विधायक रहे हैं वह बाहरी हि रहे है। ये बाहरी नेता विधानसभा मस्तुरी कि राजनीति में दिग्गज साबित हुए हैं। आइए जानते है विधानसभा मस्तुरी के इस इतिहास में किन बाहरी नेता दिग्गज साबित हुए गणेश राम अनंत केउर भाठा कोरबा जिला से, गोंदिल प्रसाद अनुरागी रतनपुर से, बंशी लाल घृतलहरे मुलमुला जांजगीर जिला से, मदन सिंह डहरिया अमरताल जांजगीर जिला से वर्तमान मस्तुरी विधायक कृष्णामूर्ति मसानगंज बिलासपुर से।

# मल्हार पुलिस की रेड कार्यवाही जूआ खेल रहे 8 जुआरियों को पकड़ा

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तुरी । मल्हार चौकी पुलिस को सूचना मिली की मल्हार नहर के पास से रुपए पैसे की दाव लगाकर कट पत्ती जुआ खेल रहे है। जिस पर टीम बना कर रेड कार्यवाही कर 8 आरोपियों को पकड़ा गया। जिनके पास और फड़



से 10660 रुपए और 52 पत्ती ताश, प्लास्टिक बोरी बरामद किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ ३ धारा 03 की कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सूरज केवट पिता रामप्रसाद उम्र 20 साल नि. मल्हार, अनिल कुमार पिता लखन लाल मैत्री, उम्र 24 साल निवासी अकोला,धरमजीत निषाद पिता सुधराम निषाद उम्र 24 निवासी जैतपुर,छोटू केवट पिता बद्री उम्र 19 साल निवासी मल्हार, सनातन थवाईत पिता केसी प्रसाद थवाईत उम्र 35 निवासी मल्हार, भारत केवट पिता सावंत केवट उम्र 50 निवासी मल्हार, शिव कुमार केवट पिता जुगत केवट उम्र 35 साल निवासी मल्हार, राजकुमार केवट पिता जुगत केवट उम्र 35 साल निवासी मल्हार चौकी मल्हार पुलिस ने 8 जुआरियो के खिलाफ कार्रवाई की है।

# रिटायर्ड IAS के साथ हुई ठगी खाते से 20.82 लाख रुपए पार

समाज जागरण ब्यूरो रायपुर। रिटायर्ड आईएएस के साथ ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने उनके खाते से 20.82 लाख रुपए पार कर लिए। मिली जानकारी के अनुसार रिटायर्ड आईएएस अधिकारी का नाम भीनू प्रताप सिंह नेताम है। जो न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्र में रहते हैं। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। न्यू राजेंद्रनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आचमन गुरु घासीदास कॉलोनी न्यू राजेंद्रनगर निवासी रिटायर्ड आइएएस भानू प्रताप सिंह नेताम ने शिकायत दर्ज कराया कि उनके मोबाइल नंबर 9406053003 को हैक करके एयरटेल के सिम नंबर 9424218604 से पोर्ट करके शातिर ठगों ने सारी व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर ली। फिर 9 से 15 अगस्त के बीच भारतीय स्टेट बैंक के खाते से रुपए 6.35 लाख रुपए और एक्सिस बैंक के खाते से 14.47 लाख रुपए निकाल लिए।

**इस बात की जानकारी होते ही नेताम ने 16 अगस्त को इसकी शिकायत साइबर पुलिस थाना सिविल लाइन में की थी, किंतु पुलिस ने जांच का हवाला देकर उस समय केस दर्ज नहीं किया।**

दरअसल रिटायर्ड आइएएस भानू प्रताप सिंह नेताम और उनकी पत्नी के नाम पर मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में तीन बीमा पालिसी है। उन्होंने कंपनी के खिलाफ शिकायत करने समक्ष अधिकारी का नाम एवं फोन नंबर मांगा तो वहां से लोकपाल के नाम से पंकज त्रिपाठी का नाम और फोन नंबर 9012207395 दिया। उस नंबर पर कॉल करने पर पंकज त्रिपाठी ने बताया कि आपके तीन बीमा की राशि 28.50 लाख रुपए मिलेगे। साथ ही आप आरटीजीएस से रुपए भेजते रहेगे तो आपको मिलने वाले रुपए के साथ वह भी वापस हो जाएगा। उसकी बातों में विश्वास करके नेताम रुपए भेजते गए और पंकज त्रिपाठी मिलने वाली राशि बढाते गया। इस तरह सिलसिला 30 जनवरी से एक अगस्त 2023 तक चलता रहा।अंतिम राशि भेजने के नेताम को बताया गया कि अब उन्हें 42.50 लाख रुपए मिलेंगे। इस पर उन्होंने पंकज त्रिपाठी से लगातार संपर्क बनाए रखा पर कोई रकम नहीं मिली। जिसके बाद वे पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

# गरीबो की जमापूंजी पर कियोस्क संचालक ने कर दी हेराफेरी

## आरडी और जमा निकासी के नाम पर हड़पे लाखों रुपये,अब खाताधारकों को दे रहे धमकी

**"42 लाख के घोटाले को समझौते के नाम पर करा दी 10 रुपये के स्टाम्प में लिखापढ़ी**


**"मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिजौरी स्थित कियोस्क बैंक संचालक का कारनामा**


**समाज जागरण ब्यूरो**

उमरिया जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजौरी स्थित भारतीय स्टेट बैंक के कियोस्क सेंटर संचालक द्वारा गरीब और अनपढ़ खाता धारकों की जमापूंजी पर बड़े पैमाने पर हेराफेरी कर राशि हड़पने का मामला सामने आया है, जहां गरीबो की जमापूंजी को धोखाधड़ी करते हुए हड़पने का आरोप हैं। बताया जाता है कि ग्राम बिजौरी स्थित स्इक कियोस्क बैंक के संचालक द्वारा अनपढ़ खाताधारकों के खाते से अब तक लगभग 42 लाख रुपए धोखाधड़ी करते हुए हड़प लिया गया है, वहीं मामला उजागर होते ही खाताधारकों पर समझौते के नाम पर अनैतिक दबाव बनाने का मामला भी क्षेत्र में सुर्खिया बटोर रहा है।

### गांव के दबंग व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध-

बताया जाता है कि ग्राम बिजौरी में स्इककि कियोस्क बैंक के संचालक विकाश द्विवेदी निवासी जिला सतना हाल मुकाम मानपुर द्वारा अपने आपरेटर के माध्यम से पूरे बिजौरी गांव सहित क्षेत्र के लोगों को चुना लगा डाला इतना ही नहीं भोले भाले गांव के लोगों का करीब 42 लाख रुपए जालसाजी कर हड़पने के बाद आपरेटर को मौके से भगा भी दिया






गया और आपराधिक षड़यंत्र कर पूरा आरोप आपरेटर के सिर मढ़ते हुए गांव के दबंग व्यक्ति का सहारा लिया और सभी को धीरे धीरे पैसा वापस करने को कहते हुए करीब एक साल ऐसे ही गुजार दिया। इसी बीच अपनी खून पसीने की मेहनतकश कमाई की जमापूंजी वापस न मिलता देख कुछ ग्रामीणों ने बैंक संचालक के साथ उक्त गांव के दबंग व्यक्ति का भी विरोध करना शुरू कर दिया। जिस पर कियोस्क संचालक ने एक और दांव पेंच खेला और कुछ लोगो को बतौर गारंटी चार महीने पहले की तारीख डालकर अनवैलिड चेक दे दिया और बैंक में चेक न लगाने की बात कही,उक्त चेक को ग्रामीण आज भी अपने पास ही रखे हुए हैं वहीं समझौते के नाम पर दस रुपए के स्टांप पेपर में लिखा पढ़ी कर सात माह बाद किस्त में पैसे देने की बात कह डाली। इतना ही नही उक्त लिखा पढ़ी स्टांप को सरपंच पति श्री सुरेश उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने पास रख लिये तथा फोटो कापी उन चंद लोगों थमा दिया गया जिन लोगों ने विरोध करना शुरू किया था। इसके अलावा साथ साथ यह शर्त भी रख दी कि उक्त लिखापढ़ी वाले कागज को न तो किसी को दिखाओगे और न ही किसी के सामने चर्चा करोगे ,और न ही फोटो खींचने दोगे, नही तो तुम लोगों का पैसा वापस नहीं किया जाएगा। अब सीधे साधे ग्रामीण अपना लाखों रुपए खो कर उक्त फोटो कापी वाले कागज को रख कर अपनी जमापूंजी को वापस पाने की उम्मीद में बैठे हैं।

### खाताधारकों से ऐसे हड़पे रुपये-

बताया गया कि स्इककियोस्क बैंक बिजौरी के संचालक ने भोले भाले ग्रामीणों को ज्यादा ब्याज और आरडी के नाम पर दो साल में ही पैसे डबल होने का झांसा दिया गया जिस पर जमा किए गए पैसे को बताए गए अनुसार जमापर्ची सहित पास बुक में भी फ्रू दो साल लिखकर दे दिया, बेचारे भोले भाले ग्रामीणों को क्या पता कि वो जो पैसा जमा कर रहे हैं वो उनके खाते में डालने की बजाये संचालक खुद हड़प रहा है। म्याद बीत जाने और अपनी जमा पूंजी जरूरत पड़ने पर जब निकालने के लिए अन्य उरउ सेंटर में पंहुचे तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। अब बेचारे अपना पैसा पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं वहीं के सरपंच पति और कियोस्क संचालक उन्हें चुप रहने और किसी से कुछ न बताने की धमकी दे रहे हैं। खाता धारकों की माने तो कियोस्क संचालक और सरपंच पति कहते है कि अगर रिपोर्ट करोगे तो पैसा नही मिलेगा,बल्कि उसी पैसे से केस लड़ लेंगे। अब तक मिली जानकारी के अनुसार करीब100 से अधिक लोग इस धोखाधड़ी का शिकार हो चुके हैं वहीं जांच में धोखाधड़ी के शिकार हुए लोगो की संख्या बढ़ सकती है।

### भारतीय स्टेट बैंक मानपुर के अफसरों की भूमिका संदिग्ध-

अपनी समस्या लेकर जब भोले भाले ग्रामीण मानपुर स्इकबैंक पंहुचे और अपने खाते की जानकारी लेनी चाही तो अफसरों ने उन्हें डांट फटकार लगाते हुए बैंक से भगा दिया ,वहीं तत्काल मामले से कियोस्क संचालक को भी ग्रामीणों के आने की सूचना से अवगत करा दिया।

अब बड़ा सवाल ये है कि ग्राम बिजौरी के भोले भाले ग्रामीणों के साथ धोखाधड़ी कर हड़पे गए लाखों रुपए का मामला सामने आने के बाद क्या गरीबो को उनकी जमापूंजी मिल पाएगी और पुलिस व बैंक के जिम्मेदार अधिकारी कुछ कार्रवाई करेंगे या फिर यह मामला राजनीतिक दबाव में ऐसे ही दफन हो जाएगा।

जिले के पुलिस कप्तान एवं कलेक्टर से जनहितार्थ अपील है की संबंधित मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराई जाए साथ ही गरीबों की कमाई का 42 लाख हड़पने वाले किस्योस्क संचालक एवं उसके संरक्षक के ऊपर कानूनी कारवाई की जाए ताकि अन्य कियोस्क संचालक ऐसा कृत्य न कर सकें

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ अभियान

**समाज जागरण ब्यूरो**

डूमरकछार/पौराधार - नगर परिषद डूमरकछार द्वारा कार्यालय प्रांगण में स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिसके उपरांत नगर परिषद डूमरकछार और टीम क्लाइमेट मोटीवेटर के द्वारा जनभागीदारी के माध्यम से नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलो पर साफ-सफाई करवाया गया तथा नगर




मे रैली निकालकर रैली के माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील एवं सजग बनाने हेतू प्रयास किया गया। यह स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा उद्देश्य को लेकर 17 सितंबर से 2 अकटूबर गांधी जयंती तक चलाया जाना है,पखवाड़े का उद्देश्य भारतीय स्वच्छता लीग 2.0, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर और सामूहिक स्वच्छता अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों की भागीदारी जुटाना है।

कार्यक्रम मे नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार चौरसिया,मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा,उपाध्यक्ष कंचना मेहता,सभापति रवि सिंह,जीतेन्द्र चौहान,रंजीत वर्मा,विड्डू शर्मा ,महेश चौहान,पार्षदगण बिजेंद्र देवांगन, राकेश दिवान,चंदा देवी महरा,सरिता यादव,पार्वती सिंह गोड,दिव्या मेहता,निर्भय नारायण राव,रीता पालीवाल,लेखापाल रजनीश शुक्ला,उपयंत्री शिवराम इडपाचे परिषद के कर्मचारी वीरेंद्र रजक, सत्येन्द्र चौहान,हरीश सिंह,पंकज चतुवेर्दी, विपिन दूबे संधान ट्रस्ट के कार्यकर्ता जयप्रकाश रवि,रामप्रवेश चौधरी,सुरेश यादव सफाई मित्र कमलेश खरारे,भीम,सूरज बाल्मिक, राजेंद्र सरवारी,मुरली करौसिया, प्रकाश सनकत,रोहित,चंदन कुमार,छिद्दू,किशन मारवे, मनीष कुमार,सुनील बहोत,रमेश सहित अन्य सफाई मित्र समेत नगर के अन्य कई नागरिक एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# मौन समिति से ठेकेदार को शराब मूल्य से अधिक में बेचना प्रशासन की सहमति के बिना संभव नहीं है,,,,

## किसी भी ग्राहक को बिल नहीं दिया जाता बिल मांगने पर धमकी और ठेकेदार की धौस बताई जाती है,,,

शहडोल -नगर में शराब कारोबारी ने प्रशासन की मिली भगत से जगह-जगह शराब दुकानों में बेचने के लिए बाटी जा रही ,पैकरी कराई जा रही है, शराब मूल्य से अधिक पर ग्राहकों को शराब जिला मुख्यालय में ही बेची जा रही है लेकिन जिला प्रशासन मौन है क्योंकि उसका भी हिस्सा है इसमें लगातार ऐसी शिकायतें जिला प्रशासन को मिलती है लेकिन शहडोल सोहागपुर में कोई कार्यवाही नहीं की जाती, बिल मांगने पर धमकी दी जाती है की ठेका किसका है तुमको नहीं मालूम है,, सही कह रहे हैं ठेका तो माफिया चला रहे हैं प्रशासन की मिलीभगत से हमें तो डर के ही रहना पड़ेगा क्योंकि भाजपा राज है इसमें माफियाओं का बोल वाला है,,अगर नगर और मुख्यालय में जगह-जगह शराब इस तरह बेचना बिना प्रशासन की सहमति से संभव नहीं है,,,,,,, हो सकता है इसके बाद प्रशासन छोटी कार्यवाही करके वह वही भी काम ले लेकिन,,,, कार्रवाई भी छोटे लोगों पर होती है बड़े ठेकेदार पर नहीं होती इससे पहले भी शराब कारोबारी के ऊपर मामले हुए हैं लेकिन कहीं ना कहीं उसको दबा दिया गया है,,,, पूरा खेल तो जिला प्रशासन और ठेकेदार के बीच में ही चल रहा है जनता और ग्राहक तो उनके शोषण का शिकार हो रहे हैं,,,,,

## अनूपपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में विकास रथ के माध्यम से किया जा रहा योजनाओं का प्रचार-प्रसार

# विकास रथ योजनाओं के प्रति लोगों को कर रहा जागरूक

अनुपपुर 18 सितम्बर 2023/ मध्यप्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए अनूपपुर जिले में प्रचार रथों के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रामीण जन उत्सुकता के साथ प्रचार रथ के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं तथा योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज अनूपपुर जिले के विधानसभा पुष्पराजगढ़ के ग्राम बीजापुरी, बराझ, घिघोरी, दूधी, मझोली एवं विधानसभा अनूपपुर के नगरीय क्षेत्र तथा विभिन्न ग्रामों में विकास रथ द्वारा शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया।

# फर्जी शिक्षक भर्ती मामले में कानपुर में दरोगा पर गाज, सस्पेंड

### – वादी पर विपक्षी से समझौता करने का दबाव बनाने का आरोप

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। फर्जी शिक्षक भर्ती मामले में लगाए गए आरोपों के आधार पर विवेचक दरोगा पर गाज गिरी है। उसे सस्पेंड कर दिया गया है` घटना का संबंध बाद थाने से है जहां की सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार .इस मामले की विवेचना कर रहे थेवादी का आरोप है कि उन्होंने आरोपियों को पकड़ने के बजाय उसे पर समझौता बनाने का दबाव डाला और कहा कि जो पैसा मिले उससे आधा मुझे भी दे देना। इसी की शिकायत उसने पुलिस कमिश्नर से की थी, जिसके बाद ही जांच करके दरोगा के खिलाफ निलंबन किया कार्रवाई की गई। दरोगा राजेश कुमार के खिलाफ यह शिकायत बर्रा संघर्ष नगर निवासी संदीप सिंह ने पुलिस कमिश्नर से की थी। मामले में पीड़ित संदीप ने बताया कि मेमेरे बहनोई ग्वालियर के चंद्रनगर निवासी राजीव सिंह और उनकी पत्नी बबिता, साथी रामशरण समेत लोगों के साथ मिलकर पत्नी रूपा की शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 34 लाख रुपये लिए थे। फिलहाल दरोगा राजेश कुमार पर लगाए गए इस आरोप के बाद पुलिस कमिश्नर ने मामले की जांच के आदेश दे दिए थे। इस मामले में एसीपी नौबस्ता अभिषेक कुमार पांडेय ने जांच कर रिपोर्ट सौंपी है। मामले जांच के दौरान भ्रष्ट आचरण के चलते बर्रा थाने के दरोगा राजेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। जिस मामले से जुड़े अन्य पुलिस कर्मियों में भी ह-ड़कंप मचा हुआ है।

# थाना गौहरगंज में आज आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की मीटिंग आयोजित

रायसेन। थाना परिसर गौहरगंज मे थाना प्रभारी गौहरगंज आर के चौधरी एवम गौहरगंज तहसीलदार श्रीमती प्रीती नागेंद्र की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रमुख रूप से, बिजली विभाग के जेई सुकेत नरवरिया एवं कस्बा व आसपास के गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे थाना परिसर गौहरगंज में आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी गणेश अनंत चतुर्दशी,ढोल ग्यारस, ईद मिलाद उल नवी एवं अन्य त्योहारों के संबंध में शांति समिति की मीटिंग ली गई मीटिंग में कस्बा गौहरगंज ग्राम सरपंच गुड्डू भाई,नयापुरा सोडर पुर सरपंच ग्यास-ुद्दीन भाई , धामधूसर सरपंच दिनेश कुमार , हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष



विनीत गौर एवं मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष आरिफ मलिक,एडवोकेट सुनील धाकड़, तारिक खान , जेपी चतुर्वेदी , जनपद विनोद मैथिली व नगर के गणमान्य नागरिक मुन्ना खान, राहत खान, बिलाल भाई, मुकेश तिवारी, जयराम पटेल, आशीष गौर ,शुभम गौर, बाबूलाल, रामस्वरूप, नारायण गौर, पत्रकार प्रेम नारायण राजपूत, दोनों समुदाय के लोग उपस्थित रहे सभी लोगों द्वारा शांति सौहार्द बनाए रखने त्योहार शांतिपूर्ण एवं भाईचारे की भावना से मनाने की सहमति व्यक्त की गई ।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने गढ़ी में तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुकाएं पहनाकर प्रदान की पानी की बॉटल और साड़ी

रायसेन। गैरतगंज तहसील के इको सेंटर रेंज परिसर गढ़ी में स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत आयोजित तेंदूपत्ता संग्राहकों को सामग्री वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका पहनाकर, साड़ी और पानी की बॉटल प्रदान की गईं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने तेंदूपत्ता संग्राहकों तथा नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहक भाई-बहनों को, तेंदूपत्ता संग्रहण में आने वाली क।ठनाईयों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना शुरू की गई है। जिसके तहत तेंदूपत्ता संग्राहकों को को चरणपादुकाएं, सा-ड़ियां, पानी की बॉटल, साड़ी प्रदाय की जा रही हैं। साथ ही छाता खरीदने के लिए तेंदूपत्ता संग्राहकों के बैंक खाते में पहले ही राशि जमा करा दी गई है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के नंगे पांव होने की वजह से उनके पैरों में कांटे चुभने एवं छाले पड़ने सहित अनेक परेशानियां होती हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की इन परेशानियों को दूर कर उनका जीवन सरल बनाने का काम मुख्यमंत्री चौहान द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, वन विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। वन मंडल रायसेन अंतर्गत कुल 39610 परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं जिनके लिए शासन द्वारा निर्धारित कुल संग्रहको को ₹200 प्रति छाते के मान से रुपए संग्रहको के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए



गए हैं। प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को एक जोड़ी जूता, एक जोड़ी चप्पल, एक पानी की बोतल और परिवार की प्रत्येक महिला सदस्यों को साड़ी वितरित की जा रही है। जिला यूनियन रायसेन से 39610 पानी की बोतल, इतनी संख्या में जूते एवं चप्पल तथा 49950 साड़ियां वितरित की जाने का लक्ष्य है। इसके लिए सम्पूर्ण जिले में कार्यक्रम आयोजित कर तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामग्री वितरित की जा रही है।

**विकास रथों द्वारा ग्रामों में पहुंचकर दी जा रही है योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी**

प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाने के लिए रायसेन जिले की सभी विधानसभाओं में ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में विकास रथों द्वारा निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 सितम्बर को उदयपुरा तहसील के देहरीकलां, भारकच्छकलां, संखेड़ा सहित अन्य ग्रामों और गौहरगंज तहसील के बेजालपुर, डंगरवा-रा, नयापुरा सोडरपुर सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर विकास रथों द्वारा एलईडी पर वीडियो क्लिप प्रसारित कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ, मुख्यमंत्री किसान कल्याण सहित अन्य योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी दी गई

# टीएल बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने की सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा शासकीय गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की भी जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कृषि, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे सहित अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

रायसेन। कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 अंतर्गत कलेक्टर श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 पर चर्चा करते हुए सभी विभागों, शास-ाकीय-अशासकीय कार्यालयों एवं विभिन्न संस्थाओं में अधिनियम के तहत नियमानुसार आंतरित परिवाद समिति का अनिवार्य रूप से गठन किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए। कार्यशाला में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दीपक संकत तथा सहायक संचालक श्री संजय गहरवाल द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अधिनियम अंतर्गत समिति का गठन नहीं किए जाने पर 50 हजार रू तक जमार्नें का प्रावधान है। कार्यशाला में सभी विभागों को अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यालयों, विकासखण्ड स्तरीय कार्यालयों, सभी स्तर के शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, उद्योग, फैक्ट्री, संस्थान, स्कूल-कॉलेज, सोसायटी-न्याय, उपक्रम, असंगठित क्षेत्रों सहित अन्य सभी स्थलों पर जहां न्यूनतम 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। उन सभी को आंतरित परिवाद समिति अनिवार्य रूप से गठित कर जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के ई-मेल ूबकतंप/दपबण्पद पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणेशोत्सव पंडालों में अस्थाई विद्युत कनेक्शन के लिए विशेष इंतजाम

रायसेन। गणेशोत्सव त्यौहार तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने माकूल प्रबंध किए हैं। कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झॉकियों में बिजली साज-सज्जा,नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। कंपनी के निकटतम जोन कार्यालय/वितरण केन्द्र में निर्धारित प्रपत्र में सही,संयोजित विद्युत भार को दशार्ते हुए अस्थायी कनेक्शन हेतु आवेदन प्रस्तुत करें। बिजली कंपनी के पर जाकर भी अस्थाई कनेक्शनके लिए आवेदन किया जा सकता है, लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं, आवेदन में दर्शाए अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शनकी रसीद अवश्य लें, रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडाल/झॉकी के सामने लगाएं, आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज-सज्जा के लिए न करें, विद्युत कनेक्शनमीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन हेतु लागू घरेलू दर पर की जाएगी, झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज-सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करे, अनधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें, अधिक भार से ट्रांसफार्मर के जलने की संभावना तथा दुर्घटना की आशंका, पारेषण एव वितरण प्रणाली पर विपरीत असर होने से अंधेरे की संभावना, अनधिकृत विद्युत उपयोग करने पर इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत उपयोगकर्ता एवं जिस विद्युत ठेकेदार से कार्य कराया गया है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही, अनधिकृत विद्युत उपयोग की दशा में संबंधित विद्युत ठेकेदार के लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही।

# रायसेन जिले के पर्यटन स्थल सांची में 20 सितंबर को प्रवेश करेगी मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा

### पत्रकार वार्ता में जानकारी उपलब्ध कराने मौजूद रहे स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, प्रदेश भाजपा प्र–वक्ता बृज गोपाल लोया एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा

रायसेन। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश द्वारा निकाली जा रही मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा रायसेन जिले के सांची पर्यटन स्थल पर 20 सितंबर को सुबह 10:00 बजे प्रवेश करेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता ब्रज गोपाल लोया एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि जन आशीर्वाद यात्रा में मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा एवं भूपेंद्र सिंह यादव सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी एवं मध्य प्रदेश अंत्योदय समिति के अध्यक्ष सिलवानी विधायक रामपाल सिंह द्वारा मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा के बारे में विस्तार से बताया गया। सांची में जन आशीर्वाद यात्रा का भव्य स्वागत कार्यक्रम बस स्टैंड पर किया जाएगा, इसके अलावा जन आशीर्वाद यात्रा का सलामतपुर चौराहा पर स्वागत कार्यक्रम होगा इससे आगे चलकर सांची मार्ग स्थित मेढ़की, पगनेश्वर में स्वागत होगा इसके पश्चात जन आशीर्वाद यात्रा 11:30 बजे के लगभग जिला मुख्यालय रायसेन आएगी जहां विशाल जनसभा का आयोजन रखा गया है जो की महामाया चौक पर संपन्न होगा । इसके पश्चात जन आशीर्वाद यात्रा ग्राम पठारी, नकतरा, खंडेरा, नरवर , सिरसौदा, देवनगर, गैरतगंज पहुंचेगी जहां बस स्टैंड पर आम सभा का आयोजन रखा गया है। इसके पश्चात जन आशीर्वाद यात्रा डांडिया, पलोहा बर्री कला, होते हुए बेगमगंज में प्रवेश करेगी जहां विशाल आम सभा का आयोजन रखा गया है रात्रि विश्राम जन आशीर्वाद यात्रा बेगमगंज में ही करेगी। इसके पश्चात 21 सितंबर को जन आशीर्वाद यात्रा हप्पिली तिराहा, पड़ाझीर, तुलसीपार, मोकदपुर,घोगरी तिराहा, सुलतान गंज, सियर मऊ, सुल्तानपुर जोड़, ककरुआ जोड़, सिलवानी, साई खेड़ा, बम्होरी, बटेरा, खरगोन, भो-ड़िया, होते हुए बरेली पहुंचेगी जहां हॉकी ग्राउंड पर जनसभा का आयोजन रखा गया है। इसके पश्चात जन आशीर्वाद यात्रा बरैली में प्रवेश करेगी जहां आमसभा का आयोजन रखा गया है। जन आशीर्वाद यात्रा का विधिवत समापन 21 सितंबर को बाड़ी में होगा जहां विशाल आम सभा का आयोजन रखा गया है। किया जाएगा।

**गरीब कल्याण महा अभियान रिपोर्ट कार्ड वर्ष 2023 किया प्रस्तुत,,,**

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रवक्ता बृज गोपाल लोहा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष सहित सभी



अतिथियों द्वारा गरीब कल्याण महाभियान रिपोर्ट कार्ड वर्ष 2023 प्रस्तुत किया गया एवं इस मामले की जानकारी मौजूद पत्रकार बंधुओ को उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, मध्य प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता ब्रज गोपाल लोया, वरिष्ठ भाजपा नेता एस मुनियन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने की आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा

**रायसेन, 18 सितम्बर 2023**

जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस सम्पन्न हुई। जिसमें कलेक्टर श्री दुबे ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में चर्चा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कहा। कलेक्टर श्री दुबे ने पोस्टल बैलेट, मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा मतदान केन्द्रों तक आवागमन हेतु व्यवस्था, मतदान हेतु दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं, मतदाताओं की



संख्या, सम्पत्ति विरूपण सहित आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्-ाक श्री विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री अमृता गर्ग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# खेत गयी महिला के ऊपर तेंदुए ने किया जानलेवा हमला,मौके पर हुई मौत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 19 सितम्बर )लाँजी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्रामपंचायत पीपलगांव के ग्राम सोनेसराड़ में खेत गई एक महिला पर तेंदुए ने हमला कर दिया,जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई।सोमवार को मृतका के पति ने खेत में लहूलुहान अवस्था में देखा। जिसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी। वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आसपास पगमार्क देखकर तेंदुए के हमले से मौत होने की पुष्टि की है। पीपलगांव के ग्राम सोनेसराड़ निवासी थी होलन बाई पति मक्खन मानकर 40 वर्ष ग्राम पंचायत पीपलगांव के ग्राम सोनेसराड़ निवासी थी। उसका ससुराल और मायका दोनों ही ग्राम सोनेसराड़ का है। वह 17 सितंबर की दोपहर में खेत गई थी, लेकिन वह देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। वहीं स्वजनों को लगा कि वह अपने मायके में होगी। 18 सितंबर को मृतका के पति मक्खन मानकर सुबह खेत गया तो खेत की मेड़ पर लहूलुहान पाई गई।

**वन विभाग पहुंचा घटना स्थल पर**

घटना की जानकारी वन विभाग व पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचे।



जहां हुलनबाई का शव बरामद किया। जिसके शरीर में गर्दन पर नाखून के निशान पाए गए। वन अमले द्वारा आसपास देखने पर तेंदुए के पगमार्क पाए गए। उसके बाद से वन विभाग ने भी तेंदुए के हमले से मौत होना स्पष्ट कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई पूरी की। शव का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल लांजी में कर स्वजनों को सौंप मर्ग कायम किया है।वन विभाग ने मृतका के स्वजन को सहायता राशि आठ लाख रुपये दिलवाने की बात कही है।जिस-ाकी कार्रवाई वन विभाग के द्वारा की जा रही है।वहीं इस मामले पे डिप्टी रेंजर ने बताया कि खेत पर गयी महिला के ऊपर तेंदुए ने हमला कर लहूलुहान कर दिया था जिसकी मौत हो गयी है।

**कई महीनों से तेंदुए की दहशत जारी**

महाराष्ट्र राज्य के नागझिरा अभयारण्य से भटक कर आई बाघिन का लांजी-किरनापुर क्षेत्र में भय बना हुआ है। हालांकि वन विभाग के दल द्वारा लगातार वापसी का रास्ता दिखाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन उसे वापस नहीं किया गया। जिसका भय जंगल से लगे ग्रामों में बना हुआ है। लोग उसके डर से बाहर नहीं निकल रहे और सभी पंचायतों में मुनादी भी वन विभाग के द्वारा कराई गई है की कोई अकेले व सूनसान इलाकें में बाहर न जाए।

# पति के दीघार्यु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत,धूमधाम से मनाया गया हरितालिका तीज

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 19 सितम्बर )भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि हरितालिका तीज, भगवान शिव और माता के अखंड जुड़ाव का प्रतीक है। इस दिन भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधिवत पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन गौरी-शंकर की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

हरतालिका तीज व्रत करने से पति को लंबी आयु और सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है। जिसके चलते इस निर्जला व्रत को सुहागिन महिलाएं और कुंवारी युवतियां भी करती है। 18 सितंबर को मुख्यालय सहित पूरे जिले में निर्जला व्रत हरितालिका तीज मनाया गया। जहां महिलाओं एवं युवतियों ने भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करके पति की दीघार्यु और सुयोग्य वर की मनोकामना की। व्रतधारी महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर और रात में पूजन कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। 18 सितंबर को मनाए गए हरितालिका तीज व्रत करने वाली महिलाओं ने प्रातः गौरपूजन किया जाएगा। जिसके बाद घरों में सुंदर मंडप के नीचे गौर को विराजित कर उसका विधि, विधान से पूजन किया जाएगा। पूजन में व्रतधारी महिलायें पांच प्रकार के व्यंजन अर्पित कर रेत से भगवान



शंकर और पार्वती के अक्श को हल्दी, कुमकुम, चंदन, बेलपत्र और भगवान शंकर एवं माता पार्वती को चढ़ने वाले फल एवं सुहाग की सामग्री चढ़ाकर शुभ मुहुर्त पर भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन किया। रात्रि में व्रत धारी महिलाएं, एक-दूसरे के घरों में पहुंची और हल्दी कुमकुम का सौभाग्य का तिलक लगाया और रात्रि जागरण किया। गौरतलब हो कि हरितालिका तीज का व्रत, सुहागन महिलाओं की ओर से पति की दीघार्यु और कुंवारी युवतियों द्वारा सुयोग्य वर की कामना से व्रत को निर्जला रूप में किया जाता है। यह व्रत वर्ष में एक बार आने वाला कठिन व्रत है, व्रत सभी सौभाग्यवती स्त्रियां निर्जला, निराहार रहकर करती है, यह सबसे लंबी अवधि का व्रत माना गया है। जो सूर्योदय से शुरू होकर दूसरे दिन सूर्योदय तक उपासक निराहार निर्जला रहकर व्रत करते हैं रात्रि में जागरण कर चार पहर की पूजा होती है। 19 सितंबर को हरितालिका तीज के गौर का विसर्जन सरोवरो में भक्तिभाव के साथ किया गया।

# जिले में अब तक 1104 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 0.8 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 18 सितम्बर 2023**

जिले में 01 जून 2023 से 18 सितम्बर 2023 तक 1104 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 434.6 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 18 सितम्बर 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 891.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1279, बेगमगंज में 1141.5, सिलवानी में 968, गौहरगंज में 850, बरेली में 1504.8, उदयपुरा में 1308, बाड़ी में 940.4, सुल्तानपुर में 933 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1223.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटे में 0.8 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 18 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 0.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 0 मिलीमीटर, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 0, सिलवानी में 0, गौहरगंज में 0, बरेली में 7.2, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 01, सुल्तानपुर में 0 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# विकास रथों द्वारा ग्रामों में पहुंचकर दी जा रही है योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी

**रायसेन, 18 सितम्बर 2023**

प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाने के लिए रायसेन जिले की सभी विधानसभाओं में ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में विकास रथों द्वारा निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 सितम्बर को उदयपुरा तहसील के देहर-ाकलां, भारकच्छकलां, संखेड़ा सहित अन्य ग्रामों और गौहरगंज तहसील के बेजालपुर, डंगरवारा, नयापुरा सोडरपुर सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर विकास रथों द्वारा एलईडी




पर वीडियो क्लिप प्रसारित कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ, मुख्यमंत्री किसान कल्याण सहित अन्य योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी दी गई।

# बाइक को सुधारते समय शार्ट सर्किट से लगी आग, बाल बाल बचा मैकेनिक

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 19 सितंबर )शहर में उस समय अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब कालीपुतली चौक में ऑटो स्पेयर्स पार्ट की दुकान के सामने बाइक सुधारते समय उसमे आग लग गयी जिससे बाइक धूँ धूँ कर जलने लगी, समय रहते मैकेनिक दुकान से बाहर आ गया अन्यथा बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं



किया जा सकता था। जानकारी अनुसार सुधार कार्य करते समय बाइक में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। वाहन में आग की सूचना के बाद पहुंचे फायरकर्मी ने स्प्रे की मदद से वाहन में लगी आग को बुझाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। घटना कालीपुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर गली में नगरपालिका काम्पलेक्स के सामने की है। अब यह संयोग है या कुछ और इस स्थान पर आये दिन ऐसी दुर्घटना होती रहती है जिससे दुकानदारों में दहशत का माहौल बना रहता है।

# अपनी मांगो को लेकर परिवहन कर्मचारियों ने कार्यालय में जड़ा ताला, आमजन को हुई परेशानी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 19 सितंबर )अब परिवहन विभाग के अधिकारी,कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर कार्यालय में ताला जड़ दिया जिससे लोगों को खासा परेशानी हुई। परिवहन विभाग के कर्मचारी विगत लंबे समय से सरकार से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत है लेकिन सरकार, कोई ध्यान नहीं दे रही है, जिससे नाराज आरटीओ अधिकारी, कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर पूरे प्रदेश में 18 सितंबर को आरटीओ अधिकारी, कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चले गए और कार्यालय में ताला जड़ दिया है। परिवहन विभाग अधिका-री अनिमेष गढ़पाल का कहना है कि जब तक मांगो




पर ध्यान नहीं दिया जाता, तब तक काम बंद रहेगा।परिवहन कार्यालय अधिकारी, कर्मचारियों के अवकाश के कारण लोगों को वाहनों से संबंधित काम लाइसेंस, फिटनेस, नवीनीकरण जैसे अन्य कार्यों के लिए परेशान होना पड़ा। प्रदेश में आगामी समय में होने वाले चुनाव से पूर्व अधिकारी, कर्मचारी संगठनों के मांगों को लेकर किये जा रहे विरोध प्रदर्शन ने सरकार की चिंता को बढ़ा दिया है। 18 सितंबर सोमवार से प्रदेश में परिवहन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश पर चले जाने से कार्यालय बंद रहा। परिवहन अधिकारी, कर्मचारियों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए वेतन विसंगति दूर कर ग्रेड-पे में वृद्धि करने, कैडर रिव्यू करने, क्रमोन्नति व्यवस्था लागू करने, दूसरे विभागों से प्रतिनियुक्ति बंद करने, परिवहन उप निरीक्षक के लिए विभागीय परीक्षा का आयोजन करने जैसी मांगों के निराकरण की मांग की गई।बताया जाता है कि मध्यप्रदेश परिवहन (राजपत्रित) अधिकारी संगठन ने अपनी मांगों को लेकर 3 जून को परिवहन आयुक्त को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था। जिस पर संगठन को 15 दिनों में उनकी मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक शासन स्तर से कोई आदेश पारित नहीं किये जाने से परिवहन अधिकारी, कर्मचारी स्वयं को ठगा महसुस कर रहे है।

# सीएम हेल्पलाईन 181 पर एक कॉल से प्राप्त की जा सकती है अनेक सेवाएं

रायसेन। सीएम जनसेवा के तहत दी जाने वाली निःशुल्क सेवाएं में मध्यप्रदेश के नागरिक सीएम हेल्पलाइन 181 पर एक कॉल के माध्यम से मूल निवासी व आय-प्रमाणपत्र और खसरा, खतौनी बी-1, एवं नक्शा की नकल अप्रमाणित प्रति निःशुल्क अपने व्हॉटसएप नम्बर पर तत्काल प्राप्त कर सकते है। मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के तहत सेवा मात्र 10 रुपए में उपलब्ध कराई जा सकती है। उनमें लोकसेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन, एमपी भू-लेख के माध्यम से ली जाने वाली सेवाएँ, खसरा, खतौनी बी-1, नक्शा की प्रमाणित प्रति एवं भू-अधिकार पुस्तिका के लिए 30 रुपए प्रथम पृष्ठ व अतिरिक्त पृष्ठ 15 रुपए के स्थान पर सीएम हेल्पलाइन 181 पर कॉल कर मात्र 10 रुपए प्रति पृष्ठ घर बैठे प्राप्त कर सकते है। इन कार्यो के लिए कोई दस्तावेज देना नहीं होगा। स्थानीय निवास प्रमाणपत्र एवं आय प्रमाणपत्र के लिए मोबाइल नॅबर का अधार से लिंक होना अनिवार्य है। सीएम जनसेवा के तहत हितलाभ एवं स्वीकृति-पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में समारोह आयोजित कर जन-सेवा अभियान के स्वीकृति-पत्र तथा अभियान में शामिल 38 योजनाओं का हितलाभ संबंधित हितग्राहियों को प्रदान किया जाए।

# राम जन्मभूमि आंदोलन के सूत्रधार शंकराचार्यों को किनारे करने वाले न दें उपदेश

*-बोले रामगोविंद चौधरी*
*-मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री के भाषण पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने जताई आपत्ति*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीना मध्य प्रदेश की एक जनसभा में भाषण के दौरान विपक्षी गठबंधन पर सनातन संस्कृति को खत्म करने के आरोप लगाया गया। जिस पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने सोमवार को एक बयान जारी कर भाजपा को आड़े हाथों लिया और अपनी जोरदार आपत्ति दर्ज कराई। कहा कि यहां सनातन धर्म की बात की जा रही है। भारत सनातन धर्म का देश है, सनातन धर्म क्या कहता है। ये हमें समझा रहे है जो स्वंय धर्म के मर्म को जान कर भी झूठ फैला रहे है। भाजपा का लक्ष्य है देश की जनता का ध्यान मोड़ कर धन और वोट हासिल करना मात्र। राम जन्मभूमि आंदोलन के सूत्रधार शंकराचार्यों को किनारे करने बाले उपदेश न दें। सनातन धर्म हम सबका है, हम इन्हें धर्म का ठेकेदार नहीं बनने देगें। सनातन संस्कृति की परम्परा में अर्ध कुम्भ को कुम्भ कहने वालो ने जिस तरह रामजन्मभूमि ट्रस्ट में परम पूज्य शंकराचार्यो को शामिल न कर देश विदेश के करोड़ों सनातन धर्म प्रेमीयों के अपमान पर भाजपा को जनता अब सबक जरूर सिखायेगी। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा एक ही खेल खेल रही है कि कैसे जनता का ध्यान मूल समस्याओ से मोड़ा जाए। कैसे देश में धार्मिक विवाद हो, ताकि असली बातों से घ्यान हट जाएं। मैनपुरी लोकसभा और घोसी विधानसभा उप चुनाव परिणाम के बाद भाजपा हताशा और निराशा में है वह समझ गयी है कि 2024 के चुनाव के चुनाव में जनता जुमालेबाजी को नकार देगी।



# सड़क दुर्घटना : रफ्तार के कहर से गई चालक की जान

**शंकर सिंह, समाज जागरण**

लक्ष्मणपुर (बलिया) : नरही थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बिलरिया के सामने एनएच 31 पर बड़ी दुर्घटना सामने आई है। जहां एक ऑटो को ओवरटेक करने के चक्कर में तेज रफ्तार ऑटो पलट गई। जिसमे उक्त ऑटो ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही दो अन्य लोग भी इस हादसे गंभीर रूप से घायल हो गए। विदित हो की जबसे मई माह में भरौली से बक्सर को जोड़ने वाली सेतु का उद्घाटन हुआ है तभी से एनएच 31 पर आए दिन दुर्घटना होती रहती है। अभी तीन दिन पहले ही नरही थाना क्षेत्र के उजियार में गैस टैंकर के धक्के से युवक की मौत हुई थी। घटना को एक हफ्ता भी पूरा नहीं हुआ की तीसरे ही दिन ऑटो ड्राइवर की मौत हो गई। पुल के उद्घाटन के पश्चात इस सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन तेज हो गया तथा अच्छी सड़क होने की वजह से हर गाड़ी की रफ्तार भी ज्यादा ही रह रही है। नतीजन आए दिन दुर्घटना हो रही है। दुर्घटनाग्रस्त ऑटो बलिया से भरौली सवारियों को लेकर जा रही थी। तेज रफ्तार की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गई। चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। जबकि दो सवारियां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों में सुधा 48 वर्ष पत्नी राजेंद्र निवासी रघुवरगंज मुहम्मदाबाद तथा अशोक चौधरी उम्र 24 निवासी काजीपुर बक्सर बिहार है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नरही पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी नरही पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने अशोक की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। साथ ही पुलिस ने मृत चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# खेत में शव मिलने से सनसनी, बाराबांध का निवासी निकला मृतक

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : थाना क्षेत्र के गड़वार-मिश्रोली नहर मार्ग पर सोमवार को खेत में एक व्यक्ति का शव मिलने से कोहराम मच गया। मृत व्यक्ति बाराबांध गांव का निवासी निकला। मृतक की पहचान उसके पुत्र अमन ने शिवलाल यादव पुत्र स्व.चन्द्रशेखर यादव निवासी बाराबांध थाना गड़वार के रूप में की। ।परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृत शिवलाल रविवार की सुबह घर से किसी कार्य के लिए निकले थे लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। सोमवार को शिवलाल सुबह गड़वार-मिश्रोली नहर मार्ग पर खेत में संदिग्धावस्था में मृत पड़े मिले। शिवलाल गुजरात में प्राइवेट कंपनी में कार्य करते थे। पांच दिनों पूर्व ही अपने गांव आये थे। इनको एक पुत्र व एक पुत्री है। इस बाबत थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेजा गया है।\



# लड्डू की हत्या करने वाले एक और आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : थाना क्षेत्र के चिलकहर में शुक्रवार के दिन पुरानी रंजिश को लेकर संदीप उर्फ लड्डू की चाकू से मारकर हत्या व विकास को घायल करने के मामले में एक और आरोपी सोमवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गिरफ्तार हुआ। एसआई ब्रजेश सिंह ने थाना क्षेत्र के चोगड़ा चट्टी से नामजद आरोपी रोहित पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर दिया। इस मामले में पुलिस ने शनिवार को भी हत्यारोपियो तीन युवकों रवि सिंह पुत्र प्रदीप सिंह, नीरज सिंह पुत्र अमरजीत सिंह, आयुष उर्फ रैंचो पुत्र राजेश सिंह को भी जिगनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 टिकट काउंटर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला ने बताया कि पुलिस अन्य आरोपियों की खोजबीन में जुटी है। जल्द ही सभी आरोपित भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।



# वॉक इन इंटरव्यू व पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन

*जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय*
*-विश्वविद्यालय में 20 और 21 सितंबर को होगा वॉक-इन-इंटरव्यू*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 20 और 21 सितंबर को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जायेगा। पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 24 सितंबर को होगा। बीएससी.(कृषि) मृदा विज्ञान, कृषि अभियंत्रण, एम. एस-सी. (गणित), एम. एस-सी. (कृषि) एग्रोनॉमी तथा पी जी डिप्लोमा योग व प्राकृतिक चिकित्सा के लिए दिनांक 20 सितंबर और बी. एस-सी. (कृषि) कृषि प्रसार विषय के लिए 21 सितंबर को यह इंटरव्यू आयोजित होगा। उपयुक्त अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी सभी आवश्यक प्रपत्रों के साथ उक्त तिथि को प्रातः 10.00 बजे विवि के प्रशासनिक भवन पर उपस्थित हों। अभ्यर्थी अर्हता, वेतन आदि अन्य सूचनाओं के लिए कृपया विवि की वेबसाइट को देखें। यह सूचना विवि के कुलसचिव एसएल पाल ने दी है।

**जेएनसीयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 24 को**

जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में पीएचडी के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 24 सितंबर को किया जाना सुनिश्चित है। विवि द्वारा उक्त परीक्षा का केंद्र श्री मुरली मनोहर टाउन पीजी कालेज को निर्धारित किया गया है। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा का प्रथम प्रश्नपत्र शिक्षण एवं शोध कौशल प्रातः 10.00 से 12.00 बजे और शोध विषय का द्वितीय प्रश्नपत्र अपराह्न 2.00 से 4.00 बजे होगा। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट से 18 सितंबर से डाउनलोड कर सकते हैं। यह सूचना पीएचडी प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. विनीत सिंह ने दी है।

**कुलपति द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण**

जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय परिसर में बीएएमएस की परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। 15 से 22 सितंबर तक आयोजित हो रही इस परीक्षा में बी.ए.एम.एस. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की सप्लिमेंटरी और चतुर्थ वर्ष की वार्षिक परीक्षा विवि परिसर में हो रही है। सोमवार को कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने उक्त परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने हेतु केन्द्र का निरीक्षण किया और केंद्राध्यक्ष डॉ. पुष्पा मिश्रा को उचित दिशा-निर्देश प्रदान किये। संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण डॉ. अजय चौबे व कक्ष निरीक्षक डॉ. प्रेम भूषण यादव उपस्थित रहे।



# भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव का आगमन आज, होगा भव्य स्वागत और रोड-शो

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय यादव (पूर्व विधायक) का रोड शो व स्वागत समारोह 19 सितंबर मंगलवार को जनपद में होगा। कुल पांच विधानसभाओं को टच करते हुए वे जीराबस्ती स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर शाम चार बजे पहुंचेगे। इसको लेकर जगह-जगह भाजपाइयों ने उनके स्वागत की तैयारी की है। बतातें चले कि संजय यादव लखनऊ से चल बलिया जनपद की सीमा में प्रवेश करेंगे। वह रसड़ा, नगरा, बिल्थरारोड चौकियां मोड़, सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र के माल्दह, वंशीबाजार, नवरतनपुर, नगरा मोड़, सिकंदरपुर, बहेरी, खेजुरी, खडसरा, पचखोरा व बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के सुखपुरा होते हुए नगर विधानसभा में दाखिल होंगे। सभी जगहों पर जिलाध्यक्ष संजय यादव का जोरदार स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वह जनपद के विभिन्न मन्दिरों में पहुंच कर मत्था टेकेंगे। उसके बाद पार्टी कार्यालय पर पहुंचेंगे जहां स्वागत समारोह होगा। उक्त जानकारी जिला मंत्री अरुण सिंह बंटू और मिडिया प्रभारी पंकज सिंह ने दी है।



# परीषदीय विद्यालय प्रधानाध्यापकों की बैठक संपन्न

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : क्षेत्र के गोठाई स्थित मैरेज हाल पर सोमवार को प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालयो के प्रधानाध्यापकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा क्षेत्र के 130 विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य दिसंबर माह तक पूरा कर लेना है। इसी के साथ निपुण लक्ष्य, नेट परीक्षा, ट्रैकर स्पॉट असेसमेंट पर अध्यापकों को बल देने को कहा। बैठक में बीइओ ने अध्यापकों से समुदाय से प्रभावी संवाद एवं आत्मिक संबंध विकसित कर शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करने को कहा। बैठक में बीइओ आरपी सिंह, एआरपी दयाशंकर, सतीश कुमार, मनीष कुमार, अजीत यादव, शैलेंद्र प्रताप यादव,संजय यादव, वीरेंद्र यादव सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

# घर के आंगन में चक्कर खाकर गिरने से युवक की हुई मौत

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : थाना क्षेत्र के बघुड़ी गांव निवासी 38 वर्षीय सोनू राजभर की घर के आंगन में चक्कर आने के बाद गिरने से मौत हो गई। गांव में मातम का दौर.है। विश्वकर्मा पूजा से देखकर मालदा चट्टी से अपने घर आया और छत पर जाकर सो गया। कुछ देर बाद छत से नीचे सीढी के सहारे आंगन में उतर गया। आंगन में उतरने के बाद उसको चक्कर आ गया और बेहोश होकर गिर गया। बेहोशी के हालात में पारिवारिक जनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघुड़ी ले गए जहां पर रात्रि में कोई डॉक्टर नहीं था। उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार जनों के द्वारा रात्रि में ही सोनू के शव को लेकर अपने घर चले गए। लेकिन ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि युवक शराब पीकर के मारा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोनू राजभर की पत्नी निराशा देवी के द्वारा बताया गया कि हम लोग इसे आगे जो आ गए थे और मना करने के बाद भी शराब पीते थे आज भी शराब पीकर के ही आए हैं वहीं चौकी प्रभारी मालदा शिव मूर्ति तिवारी के द्वारा बताया गया कि सोनू की पत्नी के द्वारा इस्तीफाकिया मौत की सूचना दी गई है सोनू अपने पीछे अपनी बूढ़ी मा पत्नी और दो बच्चे को छोड़ गए हैं माता पत्नी और बच्चों का रो-रो करके बुरा हाल है।

# सरयु नदी का जलस्तर घटाव पर जबकि कटान हुई और तेज

*-प्राकृतिक आपदा*
*-धान गन्ना की फसलों, बांस व अन्य पेड़ सहित कई बीघा जमीन कट कर नदी में हुई वीलीन*

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : क्षेत्र में सरयु नदी के जलस्तर में घट बढ़ का खेल जारी है। पिछले सप्ताह जिस तेजी से नदी जल में बृद्धि हुई थी अब पानी क्रमशः घटता जा रहा है जिससे दियारों के किसानों ने राहत ली है। वैसे जलस्तर घटते जाने के साथ ही क्षेत्र के दियारा दरौली तथा दियारा हरनातार में नदी का कटान तेज होता जा रहा है। पिछले तीन दिनों में नदी के जलस्तर में जहां सात फिट से ज्यादा की कमी हुई है वहीं दोनों दियारों में किसानों की 6 बीघा से अधिक उपजाऊ भूमि धान व गन्ना की फसलों,पेड़ व बांस के खोट सहित कट कर नदी में समाहित हो गई।कटान के मद्देनजर किसान नदी के बिल्कुल करीब स्थित अपने खेतों में खड़े बांस के कोठ,बबूल के पेड़ व गन्ने की फसल काटने लगे हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खरीद गांव निवासी जितेन्द्र यादव का दियारा दरौली में स्थित गन्ना की फसल सहित एक बीघा भूमि कटान की भेंट चढ़ गई है।इसी प्रकार पुरूषोत्तम पट्टी गांव निवासी सत्यदेव, व्यास ज ी यादव,शिवकुमार यादव व छट्ठू यादव की दियारा हरनाटार में स्थित 5 बीघा उपजाऊ भूमि गन्ना की फसल ,बांस के कोठ तथा आधा दर्जन से ज्यादा बबूल व सेमर के पेड़ सहित कट कर नदी में समाहित हो चुकी है।



# शीतला चौकियां धाम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, कलश स्थापना,गणपति पूजन 19 से

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

चौकियां धाम, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणपति महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। शीतला माता मन्दिर के बगल पूर्व दिशा में जय मां शीतला बाल गणपति पूजा समिति के लोगों द्वारा मूर्ति स्थापना इस बार गणेश चतुर्थी 19 सितम्बर से की जायेगी जिसे बहुत ही सुन्दर आकर्षण रूप से सजाया जा रहा है। भगवान गणेश की स्थापना का शुभ समय मंगलवार सुबह 11:29 बजे से दोपहर 1:24 बजे तक और शाम 7:27 बजे से रात्रि 9 बजे तक शुभ समय में कलश स्थापना कर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा स्थापित कर पूजन पाठ किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में अनिल साहू, अतुल साहू, हिमांशु माली, आदित्य माली, प्रियांशु माली, तनिष्क गिरी, रोहित मोदनवाल, बृजेश माली, गप्पू प्रजापति, राहुल गुप्ता, गणेश माली, हिमांशु शर्मा, संगम सैनी, रामजोर माली आदि लगे हुये हैं।



# पेंशनर्स 20 सितम्बर को अपनी मांगों को लेकर करेंगे शक्ति प्रदर्शन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के घोषित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनपद के पेंशनर्स अध्यक्ष सीबी सिंह के मार्गदर्शन में जनसंपर्क करके प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पेंशनर्स को प्रेरित कर रहे हैं। जनसंपर्क के समय पेंशनर्स को मांगों से अवगत कराया जा रहा है। प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की पेंशनर्स कल्याण से संबंधित मांग पर उपेक्षा से उत्तेजित पेंशनर्स बड़ी संख्या में धरना/प्रदर्शन में उपस्थित होकर आक्रोश व्यक्त करने का संकल्प लिया। पेंशनर्स मांगों यथा कोविड काल में रोके गये महंगाई राहत के एरियर्स को तत्काल भुगतान करने, पूर्व की भांति रेल यात्रा में सीनियर सिटीजन को देय कन्शसन को बहाल करने, पेंशनर्स को 65 वर्ष, 70 वर्ष एवं 75 वर्ष की उम्र पर क्रमशः 5 प्रतिशत, 19 प्रतिशत एवं 15 प्रतिशत वृद्धि करने, पेंशन राशिकरण की वसूली 15 वर्ष की जगह 10 वर्ष किये जाने, वर्ष 2005 से नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, रोडवेज बस में फ्री यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने आदि प्रदेश सरकार स्तरीय 19 एवं केन्द्र सरकार स्तरीय कुल 4 मांग को शीघ्र पूरी करने से सम्बन्धित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजेंगे। जनसंपर्क में राजबली यादव, कंचन सिंह, राम अवध लाल, शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, शेषनाथ सिंह, वीबी सिंह, मिठाई लाल, रामकेश यादव, श्याम विहारी सिह, रमेश, ओम प्रकाश सिंह, अजय सिंह, केके त्रिपाठी, ठकुरी यादव, पदकधारी, डा. भारत यादव, मंजू रानी राय, गोरखनाथ माली, कृपाशंकर उपाध्याय, महेंद्र पाठक, राम आश्रय आदि उपस्थित रहे।

# आगामी नवरात्रि में सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने की उठी आवाज

## *श्री दुर्गा पूजा महासमिति के बैठक में आम सभा ने की चर्चा*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। श्री दुर्गा पूजा महासमिति के वार्षिक आम सभा की बैठक अध्यक्ष अनिल अस्थाना के नेतृत्व में केंद्रीय कार्यालय नवदुर्गा शिव मंदिर नखास विसर्जन घाट पर हुई जिसका संचालन उपाध्यक्ष मनीष देव ने किया। इस मौके पर विभिन्न पूजा समितियों से पहुंचे पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं बतायीं। समितियों की प्रमुख समस्याएं नगर में पूजा के दौरान सड़क, बिजली और सफाई की रखी जिस पर महासमिति ने आश्वस्त किया कि इस मामले पर जिला प्रशासन से वातार्लाप करके नवरात्रि से पहले पहले निराकरण करा दिया जायेगा। सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। साथ ही बिजली की समस्या को भी विभाग से बातचीत कर आपूर्ति दिलाने पर बल दिया जायेगा। महासमिति ने जिला प्रशासन से मांग किया कि नगर में जगह खोदी गई सड़कों को अभिलंब दुरुस्त करे। विद्युत आपूर्ति नवरात्रि तक सुचारू रूप से व्यवस्थित करे। साथ ही नगर में यातायात व्यवस्था को भी पूजा को देखते हुए सुचारू रूप से संचालित करे। इस अवसर पर डॉ विजय रघुवंशी, राम प्रकाश यादव, महेश जायसवाल, गौरव श्रीवास्तव, आनंद अग्रहरि, गणेश साहू, अतुल प्रताप सिंह, रत्नेश सिंह, राजन अग्रहरि, शैलेंद्र मिश्रा, दीपक जायसवाल, संजय मोदनवाल, संदीप जायसवाल, आलोक वैश्य, डॉ अमरनाथ पांडेय, राकेश सिंह, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, आशीष रावत, रतनदीप निषाद, मोहम्मद शाहिद, उदय चंद मौर्य, कृष्ण कुमार सोनी, शैलेंद्र, बबलू, चंद्रशेखर, अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता, शनि जायसवाल, संजय विश्वकर्मा, अरविंद, रिंकू, सचिन सोनी, सचिन सोनी, महेंद्र अग्रहरि आदि उपस्थित रहे। अंत में महासचिव राहुल पाठक ने समस्त अतिथियों और समितियों के प्रति आभार किया।

# ए वन मार्ट पर मना धूम धाम से अंकुश सिंह का जन्म दिन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के दुबिहां मोड पर स्थित ए वन मार्ट पर प्रोपराइटर सुभाष सिंह कुशवाहा के सुपुत्र अंकुश सिंह का जन्म दिन शुक्रवार को बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। उपस्थित शुभचिंतकों के बीच केक काटा गया।केक काटते ही हैप्पी बर्थ डे टू यू की गूंज से कार्यक्रम स्थल गूंज गया।एक दूसरे के द्वारा सभी को केक खिलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने अंकुश सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने भोज में भाग लिया। इस अवसर पर सुभाष सिंह कुशवाहा, अजय यादव चक बड़ी, पनेश सिंह पातेपुर, सुनील यादव ब्रांड, अनुराग उपाध्याय, अभिषेक पांडे,विवेक पांडे, विश्वास पांडे, रामाश्रय यादव,बडक मिश्रा, जितेंद्र कुमार ,नीरज सिंह कुशवाहा गोलू इलेक्ट्रॉनिक,श्रीनिवास वर्मा, रोशन वर्मा, रितेश खरवार,रामनिवास वर्मा, सुमित गुप्ता, शिवम उर्फ खुरचूली,अंगद कुशवाहा, मुलायम कुशवाहा, इत्यादि लोग शामिल रहे।

# आयुष्मान भवः मेले का हुआ आयोजन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। जनपद में आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत जनपद की 22 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 81 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्रामीण, 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्ट शहरी एवं 323 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर उपकेन्द्र पर आयुष्मान भवः मेले का आयोजन हुआ जिसका थीम है ह्यगैर संचारी रोगह्य जिसका शुभारम्भ जनपद के जनप्रतिनिधि ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० लक्ष्मी सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहटी जलालपुर पर आयोजित होने वाले मेले का अनुश्रवण किया जिसका शुभारम्भ डा0 हेरेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व विधायाक जफराबाद ने किया। इसी प्रकार अन्य इकाइयों पर भी मेले का शुभारम्भ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने प्रातः 10 बजे किया जो सायं 4 बजे तक चला। उक्त मेले में निम्न प्रकार की सेवाएं जनसमुदाय को निःशुल्क प्रदान की गयीं। विशिष्ट देखभाल के माध्यम से स्क्रीनिंग, निदान, बुनियादी एवं उन्नत स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं। विशेषज्ञ सेवाएं जैसे बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन, एनेस्थेटिस्ट, नेत्र विशेषज्ञ, ई0एन0टी0 विशेषज्ञ, त्वचा विशेषज्ञ, मनेचिकित्सक, दन्त सर्जन आदि ने विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवायें स्वशासी मेडिकल कालेज जौनपुर द्वारा जनपद की 5 एफ0आर0यू0 (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मछलीशहर, मड़ियाहूँ, बदलापुर, केराकत, शाहगंज) प्रदान की गयी। समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर एवं उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों पर ओ0पी0डी0 सेवायें, एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग तथा टेलीकन्सल्टेशन की सेवाएं प्रदान की गयीं। साथ ही सभी आयुष्मान भवः मेले में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया गया एवं आभा आईडी भी विकसित की गयी। आयुष्मान भवः मेले के साथ सेवा पखवाड़ा का भी शुभारम्भ किया गया जिसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर उपकेन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ-सफाई की गयी एवं स्वच्छता गतिविधों का आयोजन किया गया।




# आज के परिवेश में कम्प्यूटर एवं तकनीकी शिक्षा का ज्ञान जरूरी : निशि यादव

## *सेमिनार में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले को किया गया सम्मानित*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

सरायख्वाजा, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत सोशल स्टडी प्वाइंट जमालपुर परिसर में संस्था की स्थापना दिवस समारोह मनाया गया जिसमें सेमिनार का भी आयोजन हुआ। सेमिनार में सफल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य निशी यादव ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान सोशल स्टडी पॉइंट का मुख्य उद्देश्य गरीब वंचित समुदाय के होनहार बच्चों बच्चियों को कंप्यूटर शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य कार्य कर रही हैं जो काफी सराहनीय है। आज के समय में लड़के/लड़कियों में कोई अंतर नहीं है। उन्हें कंप्यूटर व तकनीकी शिक्षा का ज्ञान होना जरूरी है तभी इस स्पर्धा के क्षेत्र में वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षक नेता राममूरत यादव व रमेश यादव एडवोकेट ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यह संस्था जरूरतमंद असहाय बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा तकनीकी शिक्षा का पढ़ाई कर रहा है जिससे लोगों को काफी सहूलियत मिली है। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल ने कहा कि आज आधुनिक युग में तकनीकी और कंप्यूटर शिक्षा का अच्छा ज्ञान होगा तभी किसी क्षेत्र में सफलता मिलेगी। इस दौरान सेमिनार का आयोजन हुआ जहां विजय कुमार को प्रथम स्थान, अरविंद यादव को द्वितीय स्थान, संजय निषाद को तृतीय स्थान मिला और पठन-पाठन में अच्छे कार्यों के जानने के चलते अध्यापकों और सेमिनार में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रिती सिंह, गुलाबचंद यादव, खुशबू यादव, सुजीत, कृष्णा, अजय सोनकर, आकाश, विकास, पंकज, इंद्रसेन, सुप्रिया, प्रियंका आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अंकित सेन ने किया।



# गुजरात से हासिल किया प्रशिक्षण, अब गन्ना बेल्ट में उगा रहे हैं ड्रैगन फ्रूट, लागत का तीन गुना होता है मुनाफा

मेरठः पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की बात करें तो गन्ने की फसल पर निर्भर रहने वाले किसानों ने आधुनिक पद्धतियों से अलग प्रकार की फैसले उगानी शुरू की हैं. जिससे किसानों को काफी फायदा हो रहा है. कुछ इसी तरह का नजारा मेरठ से 40 किलोमीटर दूर भैंसा गांव में देखने को मिल रहा है. जहां किसान सचिन द्वारा गुजरात से पांच दिन के प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की है. जिससे उन्हें काफी फायदा हो रहा है.

ड्रैगन फ्रूट की खेती करने वाले किसान सचिन ने बताया कि पहले वह भी गन्ने की ही खेती किया करते थे लेकिन गन्ने में लगने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों से वह तंग आ गए थे. जिसके बाद उन्होंने गुजरात से 4 दिन का ड्रैगन फ्रूट का प्रशिक्षण प्राप्त किया.

# नौवीं से 12वीं क्लास तक हर साल मिलेंगे 12000 रुपये, इस स्कॉलरशिप का भरें फॉर्म, लास्ट डेट 10 दिन बढ़ी

उत्तर प्रदेश नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 10 दिन के लिए बढ़ा दी गई है. परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार यूपी नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप के लिए फॉर्म अब 28 सितंबर तक भरे जा सकते हैं. इस स्कॉलरशिप के लिए वे छात्र अप्लाई कर सकते हैं जो साल 2022-23 में कक्षा सात कम से कम 55 फीसदी मार्क्स से किए हैं. एससी और एसटी वर्ग के छात्रों को 5 फीसदी की छूट मिलेगी. इसका मतलब ये कि एससी और एसटी वर्ग के जिन छात्रों के मार्क्स 50 फीसदी हैं वे भी स्कॉलरशिप के योग्य हैं और अप्लाई कर सकते हैं.




ऑफिशियल वेबसाइट entdata.co.in पर जारी नोटिफिकेशन के अनुसार जिन छात्रों की पारिवारिक आय 350000 से अधिक नहीं है वे ही मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप की परीक्षा दे सकेंगे और उन्हें ही स्कॉलरशिप मिलेगी. साथ ही सरकारी स्कूल का छात्र होना चाहिए. नोटिफिकेशन के अनुसार जो छात्र जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, सरकारी आवासीय विद्यालय और प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे हैं वे स्कॉलरशिप पाने के पात्र नहीं हैं.

# विधायक बलराज कुंडू ने इस बार फिर शुरू की अपने क्षेत्र महम की बहन- बेटियों के लिए फ्री में बस की सुविधा

## पूरे हरियाणा प्रदेश की बहन- बेटियों के सपनों को पूरा करना ही है मेरा लक्ष्य- बलराज कुंडू

विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़




चण्डीगढ़,18 सितम्बर जिला जींद के मशहूर जुलाना हलके में कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए महम विधायक बलराज कुंडू ने इस बार फिर फ्री बस सेवा की शुरूआत की है।
हरियाणा में छात्राओं को मुफ़्त में बस सुविधा देने की रीति चलाने वाले बलराज कुंडू ने क्षेत्र की बहनों और बेटियों को कहा है-
"बहनों तुम पढ़ो, जितनी बसों की जरुरत होंगी तुम्हारा ये भाई चलाएगा। तुम्हारा काम अच्छी पढ़ाई करके इस क्षेत्र और अपने परिवार का नाम रोशन करने का है। यह पढ़ाई तुम्हारे भविष्य को संवारने का बड़ा काम करेगी। मेरी कामना है कि तुम्हारे में से ही कुछ बहन - बेटियाँ देश में ही नहीं पूरे विश्व में नाम कमाने में कामयाब होने। बलराज कुंडू ने कहा अच्छे अंक लाना तुम्हारा काम है और वो तभी हो सकता है जब तुम्हारी पढ़ाई में कहीं कोई रुकावट नहीं आए। यही सोचकर लेकर मै अपने इलाके की बहनों का जीवन बनाने के लिए उतरा हूँ। मेरा राजनीतिक उद्देश्य इससे बड़ा नहीं है।
उन्होंने कहा जिस तरह महम की बेटियाँ पढ़ लिख कर अपने सपनों को पूरा कर रही हैं। उसी तरह पूरे प्रदेश की बेटियों के सपनों को पूरा करना ही मेरा लक्ष्य है।
बलराज कुंडू ने सोमवार को अपने जुलाना हलके की लाडली बहनों के लिए फ्री बस सेवा का शुभारंभ मालवी गाँव से नारियल तोड़कर किया। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि- आप सब मेरी लाडली बहनों को कोई भी फिक्र करने की जरूरत नहीं। सब मन लगाकर पढ़ो, आप सभी के लिए जितनी भी बसों की जरूरत होगी उन्हें आप सभी की सुविधा हेतु आप का भाई बलराज कुंडू चलाएगा।

भाई बलराज कुंडू के इस नेक कार्य कोर्ट देखकर जुलाना हलके के ग्रामवासियों ने विधायक बलराज कुंडू की जमकर तारीफ की और कहा कि प्रदेश के हर हलके को बलराज कुंडू जैसे सच्चे जनसेवक की जरूरत है। समाजसेवी व जनसेवक तो बहुत लोग अपने आप को लिखते हैं अपने नाम के आगे लेकिन सही मायनों में जनसेवक बलराज कुंडू है जिसने जुलाना हलके की बेटियों की तकलीफ को समझा।
इस अवसर पर बसों के जिन रूट की घोषणा की गई है उनमें गाँव मालवी, कमाचखेड़ा, दौरड़, जुलाना, ब्राह्मणवास, किलाजफरगढ़, पौडी, लाखनमाजरा और रोहतक हैं।

# हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से करनाल पधारे महापौर और उनकी टीम का करनाल की मेयर ने किया सम्मान

महेश शर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण हरियाणा

करनाल, सितम्बरः हिमाचल प्रदेश से धर्मशाला के महापौर, पूर्व महापौर, पार्षदगण व साथ पधारे विभिन्न अधिकारियों का मेयर रेनू बाला गुप्ता के आज अपने निवास स्थान पर पधारने पर उन्हें हार्दिक सम्मान दिया है।
मेहमानों के आगमन पर महापौर न उन्हें करनाल की ऐतिहासिक स्थिति के बारे में जानकारी देने के साथ वर्तमान सौंदर्यकरण से भी अवगत कराते हुए श्रीकृष्ण गौशाला की सैर कराते हुए गाय माता के प्रति क्षेत्रवासियों की आदर भावना की भी विस्तार से जानकारी दी। गौशाला मे गाय के प्रति अपनी श्रद्धा व आस्था दिखाते हुए हिमाचल प्रदेश धर्मशाला से आए महापौर, पूर्व महापौर, पार्षदगण व अधिकारियों ने मेयर रेनू बाला गुप्ता के साथ मिलकर गऊओं को चारा व गुड़ खिलाया। श्री कृष्ण गौशाला के प्रधान सुशील गुप्ता ने हिमाचल से आए अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मशाला मेयर श्री ओंकार सिंह नेहरिया जी, पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी जी, पार्षद अनुराग जी, पार्षद अनुज जी, पार्षद नीनू शर्मा जी, पार्षद श्रीमती संतोष शर्मा जी, अमित भारद्वाज जी डिप्टी कण्ट्रोलर, राजेश कुमार सुपरीटेंडेंट, एस. डी.ओ. नवदीप जी, श्री बृज गुप्ता जी, गौशाला प्रधान श्री सुनील गुप्ता जी, रामकुमार जी, पार्षद श्री ईश गुलाटी जी मौजूद रहे।

# यमुनानगर के शादीपुर में सेना के हैलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण हरियाणा

चण्डीगढ़, सितम्बरः भारतीय सेना के एक हैलीकॉप्टर की यमुनानगर के गाँव शादीपुर में एमरजैंसी लैंडिंग से क्षेत्र के लोगों की बेचैनी बन गयी। जब ग्रामवासियों ने हैलीकॉप्टर से बाहर आए जवानों के साथ सम्पर्क किया तो पता चला कि हैलीकॉप्टर में कोई तकनीकी खराबी आने के कारण उन्हें यहाँ हैलीकॉप्टर उतारना पड़ा है।

# राजमिस्त्री यूनियन ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

## रमेश ठेकेदार बावल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

दैनिक समाज जागरण हरियाणा कार्यालय, चण्डीगढ़

रेवाड़ी, 18 सितम्बरः। जिला रेवाड़ी राजमिस्त्री यूनियन एवं भवन निर्माण संस्था की ओर से रविवार को विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। जगन गेट विश्वकर्मा मंदिर में विशाल भंडारे एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश ठेकेदार बावल विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे।



**रमेश ठेकेदार ने उपस्थित लोगों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।**
हरियाणा के जिला रेवाड़ी की राजमिस्त्री यूनियन एवं भवन निर्माण संस्था ने प्रति वर्ष ऐसा आयोजन आयोजन करती है। जिसमें लोक कलाकारों को द्वारा भगवान विश्वकर्मा का गुणगान किया जाता है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाता है। समारोह में क्षेत्र के लोक कलाकारों ने भगवान विश्वकर्मा का गुणगान करते हुए उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर ठेकेदार यूनियन के प्रधान रामनिवास, उपाध्यक्ष बनवारी लाल, पूर्व प्रधान फूसाराम, पूर्व प्रधान दिलीप ठेकेदार, सेवा स्तंभ के प्रधान भगत सिंह सांभरिया बलबीर कसाना, जितेंद्र धनखड़, जग्गन ठेकेदार, दून टिंबर के संचालक राजेंद्र, राजू सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने इनेलो के नेतृत्व पर छोड़े तीक्ष्ण बाण

## हरियाणा में इनेलो ने सारी उम्र कांग्रेस का विरोध किया और आज कुर्सी के लिए कांग्रेस की गोद में बैठने के लिए है तैयार- अजय सिंह चौटाला

चौधरी देवीलाल के जयंती कार्यक्रम में भी इनेलो के नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का मंच पर स्वागत के लिए हैं बेताब- अजय सिंह चौटाला

विनोद कश्यप, प्रभारी,
दैनिक समाज जागरण हरियाणा,
पंजाब व चण्डीगढ़



चण्डीगढ़,18 सितम्बरः हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन में जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी के गठबंधन पर सवाल उठाने वाली इनेलो ने सारी उम्र कांग्रेस का विरोध किया था लेकिन आज इनेलो का नेतृत्व कुर्सी की भूख में कांग्रेस की गोद में बैठने को तैयार बैठे हैं।
अजय चौटाला ने कहा कि कांग्रेस, सपा, आमआदमी पार्टी जैसे विपक्षी दलों की बैठकों में शामिल होने के लिए इनेलो ने पटना, मुंबई, बैंगलोर की रेल टिकटें तक बनवाई, लेकिन सारी टिकटें धरी की धरी रह गई क्योंकि इनेलो को किसी ने निमंत्रण नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि यहाँ तक इनेलो जननायक चौधरी देवीलाल के जयंती कार्यक्रम में भी कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का मंच पर स्वागत करने को इनेलो का नेतृत्व तैयार बैठा है। अजय चौटाला जेजेपी की भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र की दादरी में आयोजित नव संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।
अजय चौटाला ने उपस्थित जनसभा में भरोसा दिलाया कि मौका मिलने पर जेजेपी ही हरियाणा में 5100 रुपए बुढ़ापा पेंशन करेगी। वहीं रैली में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दादरी में औद्योगिक क्लस्टर बनाने की घोषणा की। उन्होंने राजस्थान में जेजेपी की चाबी से विधानसभा का ताला खोलने की भी बात कही।
डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी गठबंधन सरकार में हिस्सेदार बनकर चौधरी देवीलाल की तरह अपने एक-एक चुनावी वादों को अमलीजामा पहना रही है। अजय चौटाला ने कहा कि कांग्रेस भी इनेलो की तरह भ्रम फैलाने का काम करती है।
उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज में किसानों को लूटने वाली कांग्रेस सरकार में बुढ़ापा पेंशन कितनी बढ़ाई गई, ये हुड्डा बताएं ? जबकि गठबंधन सरकार ने बुढ़ापा पेंशन को बढ़ाकर 2750 रुपए की है। अजय चौटाला ने यह भी कहा कि मौका लगने पर जेजेपी वादे के मुताबिक 5100 रुपये बुढ़ापा पेंशन करने का काम भी करेगी।
विशाल रैली को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पदमा स्कीम के तहत 25 से 100 एकड़ की भूमि में औद्योगिक क्लस्टर बनाने की योजना बनाई है और इस योजना के तहत दादरी में जमीन उपलब्ध होने पर औद्योगिक क्लस्टर बनाया जाएगा क्योंकि लंबे समय से क्षेत्र के लोग यहां औद्योगिक प्रोजेक्ट की मांग कर रहे थे।
दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा का सड़क विकास कार्यों में बहुत बुरा हाल था। कलानौर के बाद इस क्षेत्र में सड़कें नहीं बनाई जाती थी लेकिन मौजूदा सरकार ने हर क्षेत्र में बेहतर सड़कों का जाल बिछाया है।
उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 152-डी राजमार्ग, नया नेशनल हाईवे, बौंद वाली सड़क का 100 करोड़ रूपए की लागत से चौड़ीकरण कार्य, दादरी में नई बाईपास, बाढड़ा में करीब 300 करोड़ रूपए से सड़क विकास कार्य करवाए, दादरी में करीब 180 करोड़ रूपए से सड़क विकास कार्य हुए, गांव चिड़िया से रेवाड़ी को जाने वाली सड़क के लिए 71 करोड़ रुपए मंजूर करवाए।
इनके अलावा सरकार ने दादरी में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए 155 करोड़ रुपए मंजूर किए, दादरी में तीन मंजिला नया सचिवालय, 100 एकड़ में नई पुलिस लाइन, जेल, मेडिकल कॉलेज और बस अड्डा बनाया जाएगा। वहीं 22 करोड़ रूपए से बौंद गांव में कॉलेज के सुधारीकरण पर खर्च किए जा रहे है और गांव कादमा में भी नया कॉलेज बनाया जा रहा है।
दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हर क्षेत्र का विकास करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार कानून, महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण, यूएलबी और पंचायत चुनावों में बीसीए वर्ग को आरक्षण, किसानों के लिए बेहतर मंडी व्यवस्था और भुगतान प्रणाली, किसानों के मुआवजे के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल, किसान आंदोलन के दौरान झूठे मुकदमे न होना जेजेपी की सरकार में हिस्सेदारी होने से ही संभव हो पाया है।
दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल की सेना निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि किसान-कमेरे वर्ग को और ताकत देने के लिए पार्टी कार्यकर्ता जेजेपी के वोट प्रतिशत को 17 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने पर काम कर रही है।
उपमुख्यमंत्री ने 25 सितंबर को चौधरी देवीलाल की 110वीं जयंती पर सीकर में होने वाले कार्यक्रम के लिए पार्टी कार्यकताओं को न्यौता दिया और कहा कि सीकर की पावन धरा पर जेजेपी शक्ति प्रदर्शन करेगी तथा राजस्थान विधानसभा का जेजेपी की चाबी से ताला खुलेगा।

जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान ने कहा कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की छोटी कलम को बड़ी कलम बनाने के लिए कार्यकर्ता संकल्प के साथ आज से ही मिशन दुष्यंत 2024 में जुट जाए।
उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें और संगठन की ताकत बढ़ाएं। निशान सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी का प्रचार करें।
वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़ ने कहा कि जेजेपी की सरकार में हिस्सेदारी होने से जनता की भलाई में अनकों कार्य हुए है और इससे पहले सर छोटूराम, चौ. देवीलाल जैसे महापुरुषों ने भी सरकार में हिस्सेदारी करके गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के हित में ऐतिहासिक कार्य किए है।

# विकास कार्य नहीं होने और समय पर वेतन न मिलने से खफा भाजपा समर्थित सांपला पंचायत के अध्यक्ष खंड के सदस्यों की त्यागपत्र की पेशकश

कैलाश वर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण हरियाणा

रोहतक, 18 सितम्बरः रोहतक में भाजपा समर्थित सांपला पंचायत समिति के चेयरमैन व बीडीसी सदस्य विकास कार्य न होने से खफा हैं। उन्होंने एसडीएम को डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा और सामूहिक इस्तीफे का ऐलान करते हुए चेतावनी दी। जिसमें कहा कि 9 माह से अधिक समय पद ग्रहण किए हो चुका है, लेकिन अभी तक उनके यहां कोई भी विकास के काम नहीं हुए हैं। पंचायत समिति सांपला के चेयरमैन टीनू खत्री ने बताया कि सोमवार को उनकी आपातकालीन बैठक हुई थी। उन्होंने कहा कि अभी तक एक भी रुपए का विकास कार्य नहीं हो पाया है और ना ही अधिकारी मीटिंग में नहीं आते। फरवरी में पहली मीटिंग हुई थी। उसके भी अभी तक काम नहीं हो पाए हैं। लोग काम के लिए कह रहे हैं, लेकिन उनके काम नहीं बन रहे।




### मांग नहीं मानी तो देंगे सामूहिक इस्तीफा

उन्होंने कहा कि कुल 18 पंचायत समिति के सदस्य हैं। सभी अपनी मांगों को लेकर सामूहिक रूप से एसडीएम को इस्तीफा देने के लिए मिले थे। एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं एसडीएम ने सुचारु रूप से काम करवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर लोगों के काम नहीं हुए तो सभी सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे।

### 20 को बुलाई मीटिंग

चेयरमैन टीनू खत्री ने कहा कि 20 सितंबर को एसडीएम ने मीटिंग बुलाई है। अगर उसमें मांग नहीं मानी जाती तो सामूहिक इस्तीफा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को चौकीदार बनाकर बैठा दिया है, गांव के तो कोई काम नहीं कर पा रहे। वेतन भी समय पर नहीं मिलती। करीब 7 माह बाद वेतन मिला। उन्होंने कहा कि वे भाजपा समर्थित हैं, इसलिए पार्टी हाईकमान से भी बात की थी। पार्टी तो सहयोग कर रही है, लेकिन अधिकारियों की आदत खराब हो चुकी है।

# बाढडा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जन संवाद कार्यक्रमों में कृषि मंत्री जे .पी. दलाल को लोगों ने किया निराश

## आप कार्यकताओं ने लगाए सरकार विरोधी नारे

बाढडा,18 सितम्बरः हरियाणा के बाढडा विधानसभा क्षेत्र के लोगों का सरकार की नीतियों से विश्वास उठने लगा है। उन्होंने अपने क्षेत्र में पधारे कृषि मंत्री जे .पी. दलाल को क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि जिस विश्वास के साथ क्षेत्र की जनता ने अपने हलके से 2019 में विधायक का चयन किया था, उनका कोई का सिरे नहीं चढ़ा है।
लोगों ने इस अवसर पर कृषि मंत्री के सम्मुख ज्ञापन भी सौंपा। जिस पर उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र बाढ़रा में जो- जो समस्याएं बताई गई हैं उन का समाधान चंडीगढ़ से विशेष टीम बुलाकर कैंप में करवाया जाएगा।
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल जब जन संवाद कार्यक्रमों के लिए गांव जेवली, बाढड़ा और कारी रूपा में पहुंचे तो वहाँ आयोजन स्थल पर लोगों की बहुत कम हाज़िरी देखकर कर्मचारियों और पार्टी कार्यकताओं से बातचीत भी की। जन संवाद कार्यक्रमों में विभिन्न गाँवों में कम हाज़िरी देखकर भी उन्होंने जनता को संबोधित किया तो सरकार के पक्ष में माहौल नहीं पाया।
इधर विधायक नैना चौटाला ने किसान भवन में किसान संगठनों ने सोलर ट्यूबवैल कनेक्षन का बिजली आधारित ट्यूबवैल में स्वीकृति दिलवाने पर आभार प्रकट किया। यहाँ विधायक नैना सिंह चौटाला ने बाढड़ा किसान भवन के अतिरिक्त ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसान भवन के बन जाने से इलाके के बड़े- बुजुर्गों को मिल बैठ कर विचारों को सांझा करने और विकास कार्य की जरूरतें पूरी करने का अवसर मिलेगा।
इसके बाद नैना चौटाला ने कालेज में प्राध्यापकों की कमी को जल्दी पूरा कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर कालेज की छात्राओं के ज्ञापन पर चर्चा करते हुए ने नैना चौटाला ने कहा कि कालेज की छात्राओं की अपील पर बहुत जल्दी अमल किया जाएगा और यहाँ जितने भी शिक्षक डेपुटेशन पर हैं उन सभी का डेपुटेशन रद्द करने के लिए उचित कार्यवाही की जाएगी। विधायक नैना चौटाला के रामबास धरने पर ना जाने पर किसानों ने सरकार के विरोध में सड़क पर नारेबाजी की और लोगों ने महापंचायत करके अगले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में सरकार को सबक सिखाने की चेतावनी भी दी। इस अवसर पर सरकार के विरोध में क्षेत्र की जनता ने मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। विधायक नैना चौटाला के रामबास में समस्याओं के समाधान के लिए लगे धरने पर ना जाने पर किसानों ने सड़क पर जमकर नारेबाजी और महापंचायत कर सबक सिखाने की चेतावनी दी।
कृषि मंत्री के जन संवाद कार्यक्रमों का विरोध करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे आप कार्यकताओं ने गांव कादमा, नांधा, धनासरी, बडराई, गोपालवास में परिवार जोड़ो अभियान चलाकर लोगों को आप की सदस्यता ग्रहण करवाई और सरकार को अगले चुनाव में पराजित करने की सलाह भी दी।

# नायक समाज का सूद सहित लौटाएंगे सम्मान-घोड़ेला

## -नायक समाज का सम्मान समारोह आयोजित, पूर्व विधायक घोड़ेला को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण



हरियाणा /हिसार(राजेश सलूजा) :बरवाला से पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला ने कहा कि केवल कांग्रेस पार्टी ही सभी वर्गों का भला कर सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में न केवल सभी वर्गों के लिए अलग अलग चौपालें बनवाई गई, साथ ही उनके लिए कई तरह की योजनाएं भी क्रियांवित की गई। इसी का नतीजा है कि आज भी लोग हुड्डा राज को भूले नहीं हैं। पूर्व विधायक घोड़ेला बरवाला के वार्ड नंबर सात स्थित नायक धर्मशाला में आयोजित नायक समाज के सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे।
इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर समाज के लोगों की ओर से पूर्व विधायक का गर्मजोशी व फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया और उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। विदित रहे कि नायक धर्मशाला का निर्माण भी पूर्व विधायक घोड़ेला ने हीं हुड्डा सरकार के दौरान करवाया था। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक घोड़ेला ने कहा कि नायक समाज ने हमेशा से ही कांग्रेस का साथ दिया है और उन्हें विश्वास है कि आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भी नायक समाज कांग्रेस की बहुमत के साथ सरकार बनाने में अपना पूरा सहयोग व समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल जाति व धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाने का काम करती रही है। भाजपा की नीतियां हमेशा की तरह गरीब व किसान विरोधी रही है। यही कारण है कि आज लोग भाजपा को सत्ता से बेदखल कर कांग्रेस को एक बार फिर बहुमत के साथ सत्ता का ताज सौंपने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नायक समाज ने उनका हमेशा से साथ दिया है और उन्हें विश्वास है कि आने वाले चुनावों में यह समाज उनका साथ देंगे। उन्होंने समाज के लोगों को विश्वास दिलाया कि समाज ने उन्हें जो मान सम्मान की पगड़ी पहनाई है, वे उसका सूद सही ऋण चुकाएंगे। इस मौके पर श्याम आर्य, डॉ सुंदर नायक, ताराचंद नायक, मोहनलाल, नरेश नायक, राधे नायक, सचिन चौहान, संदीप नायक, विकास नायक, दीपू नायक, सोमी चुघ, भादर नायक, रामफल नायक, ईश्वर चौहान, बलजीत नायक, लीलूराम, अजीत बैनीवाल, ओपी वधवा, कैलाश ककड़, सुनील मित्तल, रामस्वरूप मदान, दलबीर हलवाई, राजेंद्र, ओम वर्मा, पन्नुराम वाल्मीकि सहित समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद मेजर आशीष धौंचक के परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

विनोद कश्यप प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा/
पंजाब व चण्डीगढ़

सितंबरः पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए मेजर आशीष धौंचक के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और परिजनों को ढांढ़स बंधाया।
हुड्डा ने कहा कि मेजर आशीष जैसे वीर सैनिकों की बदौलत आज देश सुरक्षित है। उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है जिसके लिए देश हमेशा उनका और उनके परिवार का ऋणी रहेगा। पूरे देश को मेजर आशीष पर गर्व है और देश आज दुख की इस घड़ी में शहीद के परिवार संग खड़ा है।



# राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल अनाजमंडी बरवाला के विद्यार्थियों ने किया एफसीआई, खाद्य संग्रह भण्डार, बरवाला का भ्रमण और खाद्यान्न खरीद, भंडारण, वितरण योजनाओं की ली जानकारी।

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा): भारतीय खाद्य निगम के खाद्य संग्रह भंडार, बरवाला में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया` इस कार्यक्रम में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल अनाज मंडी, बरवाला के विद्यार्थियों ने स्कूल प्रिंसिपल सुभाष बिश्नोई ने भाग लिया। और निगम के खाद्य संग्रह भंडार, बरवाला में भ्रमण किया` भ्रमण के दौरान निगम के प्रबंधक श्रीमती सविता मालवी, मंडल कार्यालय हिसार, नेत्रपाल कांवत , प्रबंधक, खाद्य संग्रह भंडार, बरवाला , अनूप मलिक तकनीकी सहायक खाद्य संग्रह भंडार, बरवाला ने विद्यार्थियों को भारतीय खाद्य निगम के कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। इस दौरान गोदाम में भंडारित चावल और गेहूं के भंडारण की प्रक्रिया व वितरण प्रणाली के बारे में बताया। इस दौरान निगम के प्रबंधक सविता मालवी मंडल कार्यालय हिसार ने बताया कि एफसीआई एक संविधिक निकाय है जिसे भारतीय खाद्य निगम अधिनियम 1964 के तहत वर्ष 1965 में स्थापित किया गया। इसकी देश में भीषण अन्न संकट विशेष रुप से गेंहू के अभाव के चलते इस निकाय की स्थापना की गई थी। इसका मुख्य कार्य खाद्यान्न एवं पदार्थों की खरीद भंडारण, परिवहन, वितरण करना है। उन्होंने बताया कि भारतीय खाद्य निगम देश की खाद्य सुरक्षा की गारंटी लेता है। यह भविष्य में देश के समक्ष आई किसी भी प्राकृतिक आपदा का डटकर सामना कर सकता है।

# बच्चों का हो कौशल विकास

## *आश्रित बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा मैडिटेशन की आवश्यकता पर दिया जाए बल*

महेश शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण हरियाणा

करनाल, सितम्बरः हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने सोमवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन तथा हरियाणा राज्य बाल मधुबन, करनाल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सदस्य अनिल लाठर और श्याम शुक्ला ने बाल देख रेख संस्थानों में निरीक्षण के दौरान बच्चों के शिक्षा स्वास्थ्य और अन्य पहलुओं पर निरंतर निगरानी रखने, रोजाना पोषण आहार के साथ इम्युनिटी बनाये रखने के लिए प्रतिपूरक आहार दिए जाने उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग और मैडिटेशन करवाया जाने , संस्थान को निरंतर सेनेटाइज किया जाने के लिए कहा।
आयोग के सदस्यों ने बाल देख रेख संस्थान प्रबंधन को बच्चों की निरंतर मॉनिटरिंग करने, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाने के लिए कहा। सदस्यों ने बताया कि संस्थानों में आश्रित बच्चों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष निगरानी बनाने रोजाना, बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाने के निर्देश दिए गए है।
कहा गया कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग मैडिटेशन और लगातार काउंसलिंग भी करवाने, संस्थान में बच्चों को स्वछता पोषण के महत्व लगातार बताया जाने मानसिक और शारीरिक समंजस्य बनाये रखने के लिए कहा गया। बच्चों को भविष्य में बेहतर जीवन के लिए शिक्षा, साथ खेलों पर जोर देने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि संस्थानों में बच्चे जीवन की नयी कला सीखा रहे है। संस्थानों में आश्रित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में हरसम्भव प्रयास किये जा रहे है प्रत्येक बच्चे में प्रतिभा होती है केवल उसे निखारने की जरूरत होती है। सदस्यों द्वारा दोनों संस्थानों में स्थापित सुझाव पेटी को भी खोला गया । सदस्यों ने बच्चों से बातचीत के दौरान मौसमी बीमारियों से सावधानी बरतने के प्रति जागरूक किया। बच्चों के कौशल विकास के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग और निरंतर प्रतियोगिता भी करवाई गयी है । सभी बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों के साथ भी जोड़ा जा रहा है। बच्चों को स्वछता किट उपलब्ध करवाई गयी है । मौके पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष उमेश चांनना, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड बलराज सांगवान, मेडिकल ऑफिसर डॉ मनोज, साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर हवा सिंह, प्रोग्राम ऑफिसर सुमन, साइकोलॉजिस्ट प्रवेश, संरक्षण अधिकारी सुमन तथा संस्थाओं के प्रबंधक मौजूद रहे।

# दहेज को लेकर प्रताड़ित करने वाले ससुराल वालों के विरुद्ध महिला ने कराई प्राथमिकी दर्ज

## "दहेज के लोभी भेड़ियों ने बहूओं को जानवर की तरह कर रहे हैं हल्लाल,,

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा, प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना क्षेत्र के एक गांव में दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर गर्भवती विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। आज भी समाज में दहेज के लोभी भेड़ियों ने बेटियों को सुरक्षित नहीं छोड़ा है। सुशासन की सरकार में 50% आरक्षण देने के बाद भी महिलाएं दिन प्रतिदिन दहेज की आग में झुलस रहे हैं ।एक तरफ सरकार रोना रोती है कि दहेज लेना कानूनी जुर्म है। तो वहीं दहेज लेने का नाम नहीं थम रहा है।जिसका असर समाज पर गहराता जा रहा है। पता नहीं कब थमेगी बिहार से दहेज प्रथा के प्रचलन, क्या समझ में इस तरह जानवर की भाव में बिकती रहेंगी बेटियां। मामला गोह थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी मोहम्मद सैकुल्लाह अंसारी के पुत्र तबरेज अंसारी का मोहल्ले के रहने वाले अब्दुल्लाह अंसारी की बेटी साबरा खातुन के साथ 27 फरवरी 2023 को दाउदनगर अनुमंडल न्यायालय में माननीय न्यायाधीश के समक्ष निकाह हुई थी। तत्पश्चात उसी दिन हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरुखिया बाजार में भी मौलवी द्वारा मुस्लिम रस्मों रिवाज के साथ समाज के निगरानी में निकाह कराई गई थी। बीबी अपने सौहर के साथ कुछ दिन घर पर रहकर बाहर जबलपुर चले गए थे। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वालों द्वारा साबरा को अपने मायके से एक लाख रुपए लाने का दबाव बनाया जा रहा था। फिलहाल पीड़िता तीन माह से अपने मायके में रह रही है जो पांच माह की गर्भवती है। वहीं सौहर और ससुराल वालों द्वारा जबरन गर्भपात कराने की बार बार धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने तंग आकर गोह थाना पहुंचकर अपने सौहर मो. तबरेज अंसारी सहित सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें सास, ससुर, भैसुर व नन्द भी शामिल हैं। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया पीड़िता के लिखित आवेदन पर कांड संख्या 308/23 दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।देखना यह है कि कब तक गरीब पीड़िता की न्याय प्रशासन के द्वारा मिल पाता है।

# भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर लगाकर दर्जनों भाजपा कार्यकताओं ने किया रक्तदान.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर सेवा पखवारा के तहत गया जिला युवा मोर्चा के द्वारा जयप्रकाश नारायण अस्पताल गया में रक्तदान शिविर लगाकर दर्जनों कार्यकर्ता रक्तदान किया. इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह गया शहर विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार उपस्थित हुए एवं कार्यकताओं को उत्साहित करने हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है ,ये महान कार्य है. क्योंकि किसी भी व्यक्ति को जब जीवन बचाने की बारी आता है, तो उस वक्त हमारे द्वारा दान किया हुआ रक्त काम आता है. और वही रक्त जीवन बचाने के लिए संजीवनी का काम आता है. प्रत्येक व्यक्ति एक बार अवश्य रक्तदान दे .इस अवसर पर रक्त दान देने वाले युवा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश जयदेव गिरी,युवा भाजपा नेता प्रेम सागर,
अपना अपना रक्त दान दिया अन्य रक्तदान करने वाले में संजय



कुमार,शिशु राज द्विवेदी,अनुराग सिन्हा, विक्की,दिवाकर उपाध्याय, चंदन केशरी,चंदन वर्मा,राजेंद्र शर्मा,सनी कुमार,आदित्य वर्धन,अमित कुमार,शुभम कुमार सिंह,बबलू कुमार,संजय कुमार,अभिषेक कुमार सोनू कुमार,संजय जी,नलिन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता रक्तदान किया. इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी श्री राम शर्मा,लोकसभा संयोजक क्षितिज मोहन सिंह,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठ-ाकुर,चंदन भदानी सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए कार्यक्रम के अंत में जिला युवा अध्यक्ष आकाश जयदेव गिरी ने रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदान देने वाले के प्रति आभार प्रकट किया एवं भाजपा के नेता उपस्थित होकर युवाओं को हौसला उत्साहित करने के लिए धन्यवाद.

# हिंदी दिवस पखवाड़ा के तहत शब्दाक्षर जहानाबाद द्वारा आयोजित काव्यानुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न.

**दैनिक समाज जागरणविश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- हिंदी दिवस पखवाड़ा के तहत शब्दाक्षर गया मगध प्रक्षेत्र के अंतर्गत जहानाबाद जिला समिति की ओर से काव्यानुष्ठान का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता शब्दाक्षर जहानाबाद जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन ने किया. वही मुख्य अतिथि के रूप में शब्दाक्षर बिहार के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ की उपस्थिति रही. दीपप्रज्वलित एवं स-रस्वती वंदना के उपरांत सत्यवती गुप्ता के नेतृत्व में वात्सली निर्भया शक्ति की छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा गीता पाठ किया .काव्यानुष्ठान में नंदन मिश्र, मनोज कुमार कमल, डा रवि शंकर शर्मा, सुभाष शर्मा, चितरंजन चैनपुरा, सुधीर कुमार सिंह, रूबी कुमारी, रीमा कुमारी , ममता कुमारी, सुप्रिया कुमारी और बाल कवयित्री लक्ष्मी कुमारी ने अपनी-अपनी काव्य रचनाएँ पढ़ीं. जहानाबाद जिले में शब्दाक्षर के बढ़ते कदम पर प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शब्दाक्षर के माध्यम से नए रचनाकारों को अपनी अभिव्यक्ति का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है.युवा साहित्यकारों की



प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत है. जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन ने अपनी गजल प्रस्तुत करने के पश्चात कहा कि एक सुखी समाज की संरचना में साहित्य, संस्कृति और कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है.कार्यक्रम की सफलता पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता सह प्रसारण प्रभारी डा कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने शब्दाक्षर जहानाबाद के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी है.कार्यक्रम का संचालन शब्दाक्षर जहानाबाद जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार मधुकर और धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव अशोक कुमार प्रियदर्शी ने किया.राष्ट्रीय प्र-वक्ता डॉ रश्मि ने कहा कि हिन्दी पखवाड़ा के तहत शब्दाक्षर की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा शब्दाक्षर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नीता श्रीवास्तव के नेतृत्व में वृंदावन हॉल, रायपुर में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया. सरोज दुबे, अनिल श्रीवास्तव, मीना शर्मा, नीलिमा मिश्रा, रूपेंद्र तिवारी , प्रज्ञा त्रिवेदी, शशि दुबे, शशि मिश्रा, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजू यदु, लतिका भावे, के पी सक्सेना, डा चितरंजन, डा मंजुला श्रीवास्तव, आशा मानव, साधना सक्सेना, दिनेश गौतम, दिलीप वर-वंदकर, माधुरी आदि साहित्यकारों ने काव्य गोष्ठी में बढ़चढ़कर भाग लिया.

# कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय कृषि-ऋण और फसल बीमा पर ध्यान केंद्रित करते हुए इन पहलों की शुरूआत कर रहा है

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर कल किसानों के कल्याण के लिए कृषि-ऋण (केसीसी और एमआईएसएस) और फसल बीमा (पीएमएफबीवाई/आ-रडब्ल्यूबीसीआईएस) पर ध्यान केंद्रित करते हुए परिवर्तनकारी पहलों की एक श्रृंखला शुरू करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए इन पहलों की शुरूआत कर रहा है और इसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, डेटा उपयोग को सुव्यवस्थित करना, प्रौद्योगिकी का उपयोग करना तथा कृषि समुदाय की आजीविका में वृद्धि करना है। यह कार्यक्रम किसानों की आजीविका में सुधार लाने और कृषि परिवर्तन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में नवाचार और कुशल सेवा वितरण प्रदान करने में भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**किसान ऋण पोर्टल (केआरपी)**

किसान ऋण पोर्टल (केआरपी) को कई सरकारी विभागों के सहयोग से विकसित किया गया है और यह किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के अंतर्गत क्रेडिट सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने में क्रांति लाने के लिए तैयार है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म किसान डेटा, ऋण वितरण की जानकारी, ब्याज सहायता और योजना की प्रगति पर एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है, जो ज्यादा केंद्रित एवं कुशल कृषि ऋण के लिए बैंकों के साथ निर्बाध एकीकरण को बढ़ावा देता है।

**घर-घर केसीसी अभियान**

यह कार्यक्रम "घर घर केसीसी अभियान" की शुरूआत का प्रतीक है, जो पूरे भारत में सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना का लाभ प्रदान करने वाला एक महत्वाकांक्षी अभियान है। इस अभियान का उद्देश्य सार्वभौमिक वित्तीय समावेशन प्राप्त करने के साथ-साथ यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक किसान को ऋण सुविधाओं तक निर्बाध पहुंच प्राप्त हो जिससे उनके कृषि कार्य निर्बाध रूप से संचालित हो सकें।

**विंड्स मैनुअल का शुभारंभ**

कार्यक्रम के दौरान विंड्स मैनुअल का अनावरण किया जाएगा, यह मौसम सूचना नेटवर्क डेटा सिस्टम (विंड्स) पहल के प्रभाव को बढ़ाता है। व्यापक मैनुअल हितधारकों को पोर्टल की कार्यक्षमता, डेटा और प्रभावी उपयोग की गहन जानकारी प्रदान करता है, जिससे किसान, नीति निमार्ता और विभिन्न कृषि संस्थान ठीक प्रकार से सूचित विकल्प का चुनाव करने में सशक्त बनते हैं। यह बीमा उद्योग द्वारा चलाए जा रहे फसल जोखिम न्यूनीकरण और आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा शमन के लिए गैर-योजना पैरामीट्रिक बीमा कार्यक्रमों के अलावा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की पैरामीट्रिक फसल बीमा योजना को भी पूरा करता है। यह विंड्स प्लेटफॉर्म की स्थापना और एकीकरण के लिए राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा की जाने वाली प्रक्रियाओं को समझने, पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण डेटा अवलोकन तथा प्रेषण को बनाए रखता है और बेहतर फसल प्रबंधन, संसाधन आवंटन और जोखिम शमन के लिए मौसम डेटा का लाभ उठाने में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए एक गाइड के रूप में कार्य करता है। यह आयोजन कृषि के लिए नवाचार और कुशल सेवा वितरण के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसका उद्देश्य वस्तुनिष्ठ निगरानी और कुशल ऋण वितरण के लिए किसान ऋण पोर्टल (केआरपी), छूटे हुए किसानों को संस्थागत अल्पकालिक कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए घर-घर केसीसी अभियान और कृषि और जलवायु/आपदा जोखिम कम करने के उद्देश्यों के लिए हाइपर-स्थानीय मौसम डेटा संग्रह, प्रबंधन और उपयोग के लिए विंड्स मैनुअल जैसी पहल के माध्यम से किसानों की आय को बनाए रखना और दोगुना करना है। यह आयोजन किसानों की समृद्धि के लिए भारत सरकार के समर्पण और नवाचार, प्रौद्योगिकी का समावेश और उन्हें कुशल सेवाएं प्रदान करने में निष्पक्षता सुनिश्चित करने का प्रतीक है। यह कोशिश और नवाचार पूरे देश के कृषक समुदाय के लिए कृषि परिवर्तन और सतत आर्थिक विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान करेंगे।

# मंदिर के पुजारी को ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन करते हुए मानदेय के रूप में राज्य सरकार व्यवस्था सुनिश्चित करें- प्रदीप शर्मा.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- विश्व ब्राह्मण महासंघ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय व झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि 5000-6000 से अधिक मुख्य मंदिरों में है पुजारी, एवं उसमें सैकड़ो श्रद्धालू लोग पूजा पाठकर अपनी आस्था व्यक्त करते है.मन्दिर के पुजारी सुबह से शाम तक भगवान की भक्ति व सेवा में लगे रहते है.एवं भक्तो कि सेवा मे लगे रहते हुए उस-ाके उपरांत उन्हे बदले उन्हे क्या मिलता इस महंगाई के जमाने में, ब्राह्मण समाज की मांग है मंदिरों के



पुजारीयो को भी अन्य राज्य सरकार में जैसे राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब,इत्यादी आठ राज्य में है ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की स्थापना हो चुकी है, उनके आधार पर झारखंड में भी मानदेय मिले , लगभग सात हजार रुपए प्रतिमाह तय करा जाय. एवं ब्राह्मण कल्याण बोर्ड कि स्थापना कि जाय.विश्व ब्राह्मण महासंघ ने ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन कि मांग अनेकानेक बार लिखित रूप से मांग करते आये है, फिर इस बार मांग करते है नही तो बाध्य होकर आन्दोलन करना पडेगा. इस आशय की जानकारी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय एवं झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दी .

# ज्ञान नगर बनवारी महिला समिति के तत्वाधान में गया के गोल पत्थर सेवा सदन में पहली बार आज होगा गणेश महोत्सव का आयोजन.

**दैनिक समाज जागरत,विश्वनाथ आनंद ,वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार)- ज्ञान नगर बनवारी महिला समिति के तत्वाधान में पहली बार गोल पत्थर के सेवा सदन में गणेश महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 19 सितंबर2023 को किया जाएगा. जिसकी अध्यक्षता श्रीमती संगीता कश्यप करेगी. उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए समिति के संयोजक सचिव भारतीय प्रियदर्शनी ने कहीं. उन्होंने आगे कहा कि पहली बार गणेश महोत्सव का आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है. जिसमें पूजा हवन और 56 प्रकार के भोग के अलावे संध्या के समय में कला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. जिसमें मधुर संगीत गायन, आरती, प्रसाद वितरण हम लोगों के द्वारा व्यवस्था किया किया गया है. उन्होंने आगे कहा कि हरि वर्णवाल खेल समिति गणपति बप्पा मोरया को लाने में काफी उत्साहित है. उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम को करने के लिए सभी वर्णवाल परिवार काफी उत्साहित एवं सहयोग में जुटे हैं. वहीं दूसरी तरफ निक्की वर्णवाल ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं .

# जीवन रक्षक कार्य हेतु एक ही दिन में दो जगह सम्मानित हुए बमेंद्र

## *रक्तसेवा के लिए बमेंद्र को एक ही दिन में मिला दो सम्मान

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार )- औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुम्बा प्रखण्ड अंतर्गत चकुआ ग्राम के रक्तसेवा के प्रति समर्पित चर्चित समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह को शनिवार को एक ही दिन में दो अलग अलग संस्थाओं द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।शीतयोग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी औरंगाबाद द्वारा स्थापना के तेरहवां वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर बमेंद्र को बेस्ट लाइफ सेवर अवार्ड से सम्मानित किया।वहीं दूसरी तरफ बीवाईएम रक्त योद्धा जिला स्तरीय कमिटी हसपुरा द्वारा बमेंद्र को रक्तवीर योद्धा सम्मान से नवाजा गया।संस्था द्वारा पूरे देश में रक्त सेवा दे रहे रक्त सेवकों को अलग अलग प्रदेशों के सौ युवाओं को सम्मानित किया गया। रक्तसेवक एवं समाजसेवी बमेंद्र का बिहार सहित कई प्रदेशों में रक्तदान के प्रति



अलख जगाने का प्रयास जारी है ताकि किसी की जान खून की कमी से न जाय।युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रक्तदान कराना इनका जुनून है।पिछले आठ सालों से रक्तदान क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले बमेंद्रआज युव-ाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं।रक्तदान को एक परंपरा बनाने का इनका प्रयास रहा है और हर पर्व त्योहार, जन्मदिन, पुण्यतिथि,शादी के सालगिरह इत्यादि मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज के लिए एक प्रेरणा बन गए हैं।रक्तदान सेवा और जागरूकता के लिए बमेंद्र को पंचायत से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अबतक सैकड़ों सम्मान मिल चुका है.

# अपने पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं करती है निर्जला तीज व्रत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद )**

नबीनगर (बिहार) 18 सितम्बर 2023 भाद्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए 24 घंटे का निर्जला तीज व्रत करती हैं।हिंदू धर्म मे ऐसी मान्यता है कि निर्जला तीज व्रत करने से सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्यवती होती है और संतान की प्राप्ति होती है।इस व्रत को अविवाहित लड़किया भी करती है ऐसी मान्यता है कि जिन लड़कियों को शादी मे बिलंब होता है इस व्रत को करने से जल्द विवाह का योग बनता है। इस दिन महिलाएं शिव पार्वती का पूजन करती है और माता पार्वती का श्रृंगार किया जाता है।साथ ही पूरे शिव परिवार का मिट्टी का मूर्ति बना कर पूजा की जाती है।



शास्त्रों मे ऐसी मान्यता है कि माता पार्वती ने शिव को पाने के लिय घोर तपस्या की थी और आज ही के दिन भागवान शिव पत्नी के रूप मे पार्वती को स्वीकार किए थे।हालाकि पंचांग के अनुसार तृतीय तिथि सोमवार को ही चार बजे आ गया था परंतु तीज व्रत का शुभ मुहूर्त आज दोपहर 12 बजे तक ही था अधिकांश महिलाए इसी मुहूर्त मे पूजा अर्चना की।परंतु उदया तिथि के मान्यता अनुसार आज दिन भर एवम शाम तक महिलाओं द्वारा तीज व्रत की पूजा किया गया और ब्राह्मणों से कथा सुना गया' इस अवसर पर महिलाएं ब्राह्मणों को सुहाग से संबंधित वस्तुओं को दान भी करती है।

# सोमवार को बिहपुर प्रखण्ड कार्यालय में निरीक्षण करने पहुंचे, कमिशनर व डी एम

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर-( बिहार)। सोमवार को बिहपुर प्रखंड़ कार्यलय में निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर दयानिधान पांडेय व डीएम सुब्रत कुमार सेन ,एसपी सुशांत कुमार सरोज, एडीएम,एसडीओ उत्तम कुमार,बीड-ीओ सत्यनाराण पंडित,सीओ बलिराम प्रसाद आदि के साथ प्रखंड व अंचल में चल रहे सरकारी कार्यों की जानकारी लिया।जिसके बाद उस-ाके कार्यान्वयन की मैराथन समीक्षा भी किया।इस दौरान कमियनर ने कई जरूरी दिशा निर्देश भी संबधित विभाग के सक्षम अधिकारी को दिया।कमिश्नर के यहां पहुंचने पर नवगछिया पुलिस जिला की पुलिस द्वारा उन्हें गार्ड आफ ऑनर भी दिया गया।वहीं कमिश्नर के बिहपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचने के कुछ देर पूर्व डीएम श्री सेन यहां पहुंच गए थे।यहां उन्होंने प्रखंड कार्यालय,अंचल कार्यालय के सभी विभागों का निर-ीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने प्रखंड मैदान का हाल देखकर मनरेगा पीओ राकेश रोशन समेत बीडीओ को मैदान की घेराबंदी कराने के निर्देश दिए ताकि यहां खेलने व दौड़ने के आने वाले खिलाड़ी व युवा और अधिक बेहतर व सुरक्षित महसूस कर के।वहीं प्रखंड कार्यालय से सटे सरकारी पोखर के के चारों ओर बने घर के बारे में पूछने पर उन्हें पता चला कि ये सारे अतिक्रमण हैं।डीएम ने सीओ व आरओ आमिर हुसैन को उक्त अतिक्रमण को हटाकर उस जगह का सौंदर्यीकरण कराने को कहा।जिसके बाद डीएम ने प्रखंड कार्यालय में आमजन की समस्याओं व बातों को सुना व आवेदन भी लिया।यहां के बाद डीएम निरीक्षण करने बिहपुर सीएचसी भी पहुंचे।जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.मुरारी पोद्दार से लोगों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा व डेंगू को लेकर बीईओ रामजी राय,उप प्रमुख इनामुल,पैक्स अध्यक्ष बैजू राजा,कांग्रेस नेता ईरफान आलम व माले के कामरेड सुधीर यादव आदि भी उपस्थित थे।कमिश्नर द्वारा किए निरीक्षण के बारे में डीएम श्री सेन पत्रकारों को बताया कि अंचल में नापी संबधी मामलों का त्वरित



यहां की तैयारी के बारे जानकारी लिया।इस मौके पर रोस्टर के अनुसार सभी डाक्टर व एएनएम समेत सभी स्वास्थ्यकर्मी समेत हेल्थ मैनेजर मनीष कुमार भट्ट व बीसीएम शमशाद आलम भी मौजूद थे।इधर प्रखंड कार्यालय में कमिश्नर व डीएम से प्रखंड प्रमुख रीमा देवी ने भेंटकर उनका ध्यान प्रखंड के कुछ स्थानीय समस्याओं पर दिलाया।इस मौके पर बीपीआरओ काजल कुमारी,सीडीपीओ मीना कुमारी व निषदन करने का निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा दिया गया है।साथ ही इसमें जंप न हो जैसे पुराने नापी के मामले लंबित रहे और नया नापी का मामला निष्पादित किया जा रहा है।इसके अलावा आयुक्त महोदय ने यहां के म्यूटेशन के मामले में काफी सुधार हुआ है।यहां इसमें 96 प्रतिशत मामले निष्पादित है।इसके अलावा एलपीसी,परिमार्जन व कैशबुक आदि को लेकर कई दिशा निर्देश आयुक्त के द्वारा दिया गया।

# गोह में केबीएम क्लासेस के तीन छात्रों ने सिमुलतला विद्यालय में जमाया कब्जा

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार )गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित गोला पर रघुवंश सिंह मार्केट में स्थापित केबीएम क्लासेस के तीन छात्रों ने सिमुलतला आवासीय विद्यालय के मुख्य परीक्षा के द्वितीय चरण में सफलता प्राप्त की है। सफल छात्र छात्राओं में हरिगांव निवासी संतोष कुमार विद्यार्थी की पुत्री पुष्पांजलि कुमारी, मुंजहड़ा



गांव निवासी सुमन कुमार के पुत्र शिवम पटेल व गोह निवासी रंजन गुप्ता के पुत्री अंजली कुमारी शामिल है। विदित हो कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय के मुख्य परीक्षा के प्रथम चरण में भी केबीएम के 6 छात्रों ने परचम लहराया था।यह विद्यालय बिहार सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय है। जिसमें 12 वीं तक के छात्र छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

# ललन भुईयां ने की प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड,**

औरंगाबाद (बिहार) 18 सितंबर 2023 :- प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को बिहार राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष ललन भुईयां की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मनरेगा, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना, पंचायती राज विभाग समेत कई विभाग के योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रखंड कृषि



पदाधिकारी ने बताया कि अकास्मिक फसल योजना के तहत 21 क्विंटल तोरी का वितरण किया गया है। ललन भुईयां ने किसानों को चिन्हित कर प्रि-शक्षण देने का निर्देश दिया और कहा कि किसानों को वर्ष 2019-20 के बीज अनुदान राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इस मामले पर उच्च अधिकारियों से बात कर किसानों को अनुदान राशि का भुगतान कराया जाएगा। पंचायत राज पदाधिकारी हरेंद्र चौधरी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में पांच पंचायत राज सरकार भवन का निर्माण हो चुका है। महाराजगंज, तेलहा-रा,परता, सूही और बैरांव पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जाएगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंचलाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी हरेंद्र चौधरी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शिशिर कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा कुमार शैलेंद्र आदि लोगों उपस्थित थे।

# जिनोरिया में 11 हजार बिजली तार की चपेट में आई कंटेनर के सह चालक की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार )सोमवार की सुबह दस बजे एक कंटेनर ट्रक को 11 हजार हाई टेंशन बिजली तार की चपेट में आ जाने से एक सह चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। मामला दाउदनगर थाना क्षेत्र के जिनोरिया बाजार स्थित स्टैंड के पास बेलवां जाने वाली नहर रोड में भूसा लोड करने पहुंची कंटेनर ट्रक बिजली तार की चपेट में आ गई। जिससे सहचालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तो वहीं चालक बुरी तरह से घायल हो गए। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के




प्रतापगढ़ जिला के शिवपुर निवासी रामेश्वर वर्मा का 25 वर्षीय पुत्र शुभम वर्मा उर्फ सिद्धार्थ के रूप में की गई है । घायल चालक प्रतापगढ़ जिला के सरौली गांव निवासी राजेंद्र कुमार मौर्य का इलाज एक निजी अस्पताल में की गई है । मामले की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना थाने को दी गई । सूचना मिलते ही अपर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार सी ललन प्रसाद यादव पीएस आई दीपक कुमार एवं अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेते हुए कागजी प्रक्रिया में जुट गई है। वहीं मृतक के परिजनों को पुलिस के द्वारा सूचना दी गई है।

# हरियाली तीज का पर्व माता पार्वती तथा भगवान शिव पुनर्जन्म का प्रतीक है , सुहागन महिलाएं

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर(बिहार) इस दिन सुहागीने माता पार्वती की पूजा अर्चना करती है, और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थना करती है। सिंघार उपवास उपलब्ध के भेट की गई वह वस्तुएं हैं जो वैवाहिक कन्या को उनके ससुराल पक्ष के के तरफ से भेजा जाता है। इस अवसर पर कई महिला बताती है इस



पर्व में नियम निष्ठा विधि विधान के साथ यह पर्व को हम लोग उमंग और आनंद के साथ मानते हैं। ऐसे हरतालिका दो शब्दों से बना है। हर और तालिका। हर का अर्थ है हरण करना भादभद्र की शुक्ला तृतीया को मनाया जाता है। इसीलिए इसे तेज कहते हैं। क्योंकि पार्वती की सखी उन्हें पिता के घर से हरण कर जंगल ले गई थी। वही चरचंदा पर्व भी मनाया गया।

# अपूर्व चंद्रा ने भारत की जी-20 अध्यक्षता पर 'पीपुल्स जी-20' नामक ई-पुस्तक का अनावरण किया

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव श्री अपूर्व चंद्रा ने आज नई दिल्ली में भारत की जी-20 की अध्यक्षता पर ह्यपीपुल्स जी-20ह्व नामक ई-पुस्तक का अनावरण किया। पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक श्री मनीष देसाई और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय व पीआईबी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस पुस्तक का विमोचन किया गया।

यह पुस्तक भारत की जी-20 अध्यक्षता की पूरी यात्रा को प्रस्तुत करती है। पुस्तक में तीन खंड हैं, पहला खंड नई दिल्ली में 9-10 सितंबर 2023 के दौरान आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़ा है। इस पुस्तक में जी-20 की संरचना और कामकाज को समाहित किया गया है और समूह की भारत की अध्यक्षता के तहत की गई पहलों के बारे में विस्तार से बताया गया है। पुस्तक के दूसरे खंड में शेरपा और वित्त ट्रैक के तहत हुई विभिन्न कार्यसमूहों की बैठकों के सारांश को दिया गया है और साथ ही पिछले एक वर्ष में भारत के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से देश में आयोजित संवाद समूहों की बैठकों का सारांश भी दिया गया है।

ई-पुस्तक के आखिरी खंड में पिछले एक वर्ष में देश में आयोजित जन-भागीदारी कार्यक्रमों के बारे में एक फोटो निबंध भी दिया गया है, जिसने भारत की जी-20 अध्यक्षता को लोगों द्वारा संचालित अभियान में बदल दिया है।

# चतरा उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार आपूर्ति विभाग द्वारा आम जनों के लिए आपूर्ति विभाग से संबंधित शिकायतों व जानकारी हेतु किया गया मोबाइल नंबर जारी।

### *आम जन एवं राशन कार्ड धारक किसी भी प्रकार की जानकारी वटी शिकायत हेतु अपने संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।*

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 18 सितंबर 2023:- चतरा उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला आपूर्ति कार्यालय चतरा द्वारा राशन कार्ड धारियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए जिला आपूर्ति कार्यालय चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी, सभी प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड के सहायक गोदाम प्रबंधक का मोबाइल नंबर जारी किया गया है। आम जन जारी इस नंबर पर राशन से सबंधित शिकायत व किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**जिला आपूर्ति कार्यालय चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी का विवरण**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी मोबाइल नंबर 7783034211, प्रधान सहायक कृष्ण देव मोबाइल नंबर 8789534248, प्रधान सहायक प्रकाश मिंज 9304284588, उच्च वर्गीय लिपिक रेणु रीना 9470573822, प्रदीप कुमार सिंह 7260868231, निम्न वर्गीय लिपिक धीरज कुमार 977158128, कंप्यूटर ऑपरेटर अंजन पुष्प 6200619993, विनय कुमार चौरसिया 7004977240, प्रिंस गुप्ता 7488145063

**जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम चतरा में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी का मोबाइल नंबर इस प्रकार है।**

जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम चतरा सलमान जफर खिजरी 778303421, लेखापाल आलोक कुमार श्रीवास्तव 9404073518, कंप्यूटर ऑपरेटर अमरदीप कुमार गुप्ता 9546424864,

**सभी प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी**

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चतरा गणेश रजक 9304622453, 7764901566, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी टंडवा रंथु महतो 8 2 9 2 7 4 5 5 7 8, 9123251466, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पत्थलगड्डा मोनी कुमारी 8294865711, 9431798686 प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कांहचट्टी हुलास महतो 8709724336, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मयूरहंड साकेत कुमार सिन्हा 9199872725, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गिद्धौर संजीत कुमार सिंह 9431309517, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रतापपुर मुरली कुमार यादव 8340743560, 7091647906, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुंदा खगेश महतो 8210876160, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी लावालौंग अमित कुमार 8340546057, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी इटखोड़ी सोमनाथ बैंकिरा 9631518430, अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सिमरिया धर्मेंद्र कुमार दुबे 7979849815, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हंटरगंज अर्जुन कुमार 8271568135

**संबंधित प्रखंड के सहायक गोदाम प्रबंधक**

सहायक गोदाम प्रबंधक चतरा नसीम अंसारी 6207355343, टंडवा गौतम कुमार केशरी 8877109591, पत्थलगड्डा असलम 7903411979, 9852143878, कान्हाचट्टी विनय कुमार चौधरी 9060619487, गिद्धौर उज्वल कुमार सिंह 6202647013, प्रतापपुर मनीष कुजूर 7970567626, कुंदा राजू कुमार 9534215240, लावालौंग संदीप कुमार 9110975123, सहायक गोदाम प्रबंधक इटखोरी एवं मयूरहंड विनोद नारायण झा 7992372275, सिमरिया कुंवरजित सिंह 9304224335, हंटरगंज सुनील लकड़ा 8969616303

आम जन अपने प्रखंड से संबंधित समस्याओं के लिए संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं।

# कैशियर और बी सी संचालक की मिलीभगत से मृत खाताधारी के खाते से निकासी : गहन जांच का विषय।

***मृत खाताधारी के खाते से कैसे हुई निकासी।***

***बैंक कर्मचारी ने किसके आदेश से की निकासी।***

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)18 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा से एक अनोखा मामला सामने आया है जिसमे बी सी संचालक मिथिलेश कुमार (दुलीबीघा)और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पाण्डेयपुरा शाखा मे बतौर कैशियर कार्यरत सदानंद कुमार दास की मिलीभगत से एक मृत महिला के खाते से पैसे की निकासी की गयी है। बताते चले की बगबा देवी पति रमेश यादव प्रतापपुर प्रखंड के घोडदौर पंचायत के दुलीबीघा गाव का निवासी है। जिसका झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक मे खाता संख्या- 22018907357 की खाताधारी है।जिसमे बगबा देवी को वृद्धा पेंशन के पैसे आते थे।जिसमे बैंक विवारण के अनुशार दिनांक 03/06/2023 को निकासी पर्ची के माध्यम से 6000 रुपये की निकासी की गयी जबकि बगबा देवी की मृत्यु निकासी की तिथि से पांच महीने पहले जनवरी माह मे ही हो गयी थी।





बगबा देवी के मृत्यु के उपरान्त उनके बेटे अनोज यादव जो पेशे से किसान है वो अपनी माता के खाते से पैसे को निकालने के प्रयास मे अपने गाँव मे संचालित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बी सी संचालक मिथिलेश कुमार से मिला और संचालक से मिलने के बाद उसको बोला गया की अगर कुछ कर पाओगे तो काम हो सकता है। मिली जानकारी के अनुशार बी सी संचालक और बैंक कर्मचारी के मिलीभगत से अंततः दिनांक 03/06/2023 को गलत तरीके से मृतिका बगबा देवी के खाते से 6000 रुपये की निकासी कर ली गयी पर मृतिका के बेटे अनोज यादव को मात्र 2000 रुपये दिया गया और बाकी पैसे का बी सी संचालक और बैंक कर्मचारी द्वारा आपस मे बंदरबांट कर लिया गया और जब मृतिका के बेटे अनोज यादव द्वारा पूछने का प्रयास किया तब बी सी संचालक द्वारा बोला गया की डूबा हुआ पैसा था जो मिल रहा है उसको रखो।इस बात की खबर तब लगी जब मृतिका का बेटा अनोज यादव एक अन्य बी सी संचालक के पास फिर से खाते से निकासी के मनसे से गया तो बी सी संचालक ने साफ मना कर दिया।अब बात करते है बैंक के संचालन पे तो बैंक एक विश्वासनीय केंद्र होता है आम जनता के लिए जहाँ आम जनता को ये भरोसा होता है की यहा किसी भी प्रकार की कोई गलती नही होगी जहाँ एक ओर बैंक ये संदेश देते फिरती है की आम जनता अपने साथ गलत होने से बचे पर एक ओर बैंक मे बैठे कर्मचारी बैंक के विश्वासनियता के साथ खेल रहे है जो उक्त बैंक के वरिष्ट अधिकारियों के लिए विचार करने का विषय है।ऐसे देखा जाये तो आये दिन झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पाण्डेयपुरा सुर्खियों मे रहता है और अलग अलग तरह की समस्याओ से झूझता रहता है जैसे लिंक नही है,पासबुक नही है,नगद नही है।कुछ खाताधारी का कहना है की खाता खुलवाए लगभग दो साल हो गये है पर उन्हे एक पर्ची पे खाता संख्या लिख के दे दिया गया था बार बार जाने पे भी अभी तक बैंक द्वारा खाताधारी को पासबुक तक उपलब्ध नही कराया गया है जो बैंक के लिए निंदनीय है और जो बैंक की विश्वासनियता के साथ जो खेल खेला जा रहा है उसपे बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को बिंदु दर बिंदु गहन जांच करने की अवस्यकता है और संलिप्तो पे कारवाई करने की जरूरत है ताकि भविष्य मे बैंक की विश्वासनियता बनी रहे।

# प्रखंड मुख्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर कार्यालय से नदारद दिखे प्रखंड कर्मी ।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)18 सितम्बर 2023:-जिले ले मयूरहण्ड प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख मिक्की देवी व चिकित्सा प्रभारी सुमित कुमार जयसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।प्रमुख ने लोगों से अपील किया की शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लें और स्वास्थ्य लाभ उठाएं।शिविर में दुर दराज से आए लाभर्थियों को शुगर जांच में 80,ब्लड प्रेशर 80,होमियोपैथी में 103,आयुर्वेद में 70,नेत्र जांच में 55,टीबी रोकथाम में36, एच आई भी में 43,मलेरिया जांच में 41,योग में 60, मातृ और बाल स्वास्थ्य में 02 लोगों ने उपचार करवाया।वहीं शिविर के माध्यम से उपचार के बाद लाभर्थियों को निशुल्क दवाईयां वितरण की गई।मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक सुमंत कुमार पांडेय द्वारा डेंगू,फ्लेरिया,जेई,मलेरिया के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।दुसरी ओर अंचल कार्यालय में कर्मी संतोष रजक,बिरजू प्रसाद मेहता को छोड़ कार्यालय में कोई कर्मी नही दिखे।वहीं प्रखंड कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर मुकेश कुमार,प्रधानमंत्री आवास प्रखंड समन्यवक शिव कुमार के अलावा मनरेगा बीपीओ नीरज कुमार व ऑपरेटर उपस्थित थे। बाकी प्रखंड के अन्य पदाधिकारी व कर्मी कार्यालय में उपस्थित नहीं रहे।इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव ने स्टॉल का निरीक्षण के साथ




प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया।उन्होंने बताया की प्रखंड कार्यालय में कर्मी नही पाए गए।इसकी सूचना उन्होंने उपायुक्त चतरा को दूरभाष पर दिया।आगे उन्होंने बताया की शिविर में तीज को लेकर उपस्थिति कम पाया गया।प्राप्त जानकारी अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा किसी केस के सिलसिले में न्यायलय गए हुए थे।इस मौके पर डॉक्टर अवनीश कुमार,आशुरंजन कु मार, अजय कुमार शर्मा ,एएनएम नीलम सोरेन ,एस एच ओ मनिषा कश्यप, किरण कुमारी के अलावा सहिया व आंगनबाडी सेविका उपस्थित थे।

# खेलो झारखंड में करिश्मा ने कर दी करिश्मा, एथलेटिक्स दौड़ में प्रथम स्थान।

### *पढ़ाई के साथ खेलना भी बहुत जरूरी है।*

**दैनिक समाज जागरण,,शीतल दत्ता,वरीय संवाददाता,**

धनबाद (झारखंड) 18 सितंबर 2023 :- बालियापुर खेलो झारखंड में यूपीजी उप +2 हाई स्कूल आमटाल 12वी की छात्रा व मासस नेत्री बेलगड़िया टाउनशिप की सीमा देवी की बेटी करिश्मा प्रसाद ने जिला स्तरीय खेलों झारखंड में एथलेटिक्स , 200 मीटर 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कि और जिले का नाम रोशन की । जिलास्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में स्कूली छात्र-छात्राओं शानदार प्रदर्शन किया। देखा जाए तो वर्तमान समय में विद्यालयों में अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे खेल का माहौल भी बनाया जा रहा है। पढ़ाई के साथ- साथ खेल में भी अपना कॅरियर बना सकते है। पढ़ाई के साथ खेलना



भी बहुत जरूरी है। मासस के केंद्रीय सचिव बबलू महतो कार्यकारिणी अध्यक्ष जगदीश रवानी प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी जिला परिषद सदस्य श्वेता कुमारी चंदन भूमिहार प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो सुनील महतो शीतल दत्ता आदि ने करिश्मा को शुभकामना देते हुए कहा कि करिश्मा राज्यस्तर पर धनबाद जिला का नाम रोशन की । अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी मेडल प्राप्त कर धनबाद बलियापुर समस्त कोयलांचल का नाम रोशन करें ।

# मावेशी चराने गए व्यक्ति की बज्रपात के चपेट में आने से हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)18 सितम्बर 2023:- जिले के मयूरहण्ड थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सोकी गांव निवासी चंदर महतों की मौत बज्रपात के चपेट में आने से घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक नित्यदिन की भांती मावेशी चराने गया हुआ था।तभी बिजली कडकी और बज्रपात हुई जिसके चपेट में 60 वर्गीय किसान चंदर महतो की मौत हो गई।घटना घटीत होने की सूचना ग्रामीणो ने प्रखंड प्रशासन व थाना को दिया।सूचना पाकर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह के आदेशानुसार पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लिया।कल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपी जाएगी।वहीं घटना की सूचना पाकर परिजनों का बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा है।

# मोटर कामगार यूनियन ने बगोदर बस पडांव में देव शिल्पी विश्वकर्मा भगवान का धुमधाम से पूजा किया।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)18 सितंबर 2023 :- बगोदर बस पड़ाव में मोटर कामगार यूनियन की ओर से देव शिल्पी विश्वकर्मा भगवान का भव्य तरीके से पूजन किया गया । बताया जाता है कि विश्वकर्मा भगवान का पूजा बृहद पैमाने पर मोटर कामगार यूनियन के सदस्यों के द्वारा करते हुए प्रसाद वितरण किया गया जाता है । इस पूजनोत्सव कार्यक्रम में यूनियन के सचिन दशरथ साव एवं सदस्य सुनील प्रसाद , विश्वनाथ साहू , समेत सभी पदाधिकारी सदस्य बढ़-चढ़कर योगदान देते हैं । साथ ही वार्षिक पूजन उत्सव में भगवान विश्वकर्मा से मांग कर पूरे बस पड़ाव से संचालित वाहनों की



खुशहाली और चलायमान गति सुद्रिढ रखने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# कर्म महोत्सव में उमड़ी जैन सैलाब जयराम महतो ने ग्रामीणों से बदलाव की अपील की

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 18 सितंबर 2023 :- विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत भवन परिसर मैदान में भव्य तरीके से कर्म महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ जेवीकेएसएस के सदस्यों ने कर्म देवता का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया , एवं अखाड़े में कमेंटियों के द्वारा जगाया गया , ढोल नगाड़ा मांदर के थाप से झूमर नृत्य भी किए गए , जिसमें ऊंचा घाना के टीम सिमर बेड़ा , गोनियांटो, पैंक के टीम समेत अन्य गांव के लोग झूमर प्रतिभागी में अपना कला का जलवा बिखरे , कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो पहुंचते हीं चारों तरफ टाइगर जयराम महतो जिंदाबाद का नारा लगने लगा । सभा को संबोधित करते हुए जयराम ने कहा कि कर्म पर्व झारखंड वासियों का एक महत्वपूर्ण संस्कृति



भाषा पहचान कला का पर्व है अपने पर्व को भूलने , मिटने नहीं देना चाहए। वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सुबे की सरकार एवं केंद्र सरकार को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आरक्षण एवं 1932 की खतियान भाषा की इस संघर्ष की लड़ाई में सभी ग्रामीणों का प्रखंड वासियों का राज्य में आशीर्वाद चाहिए । उन्होंने कहा कि अपनी माटी और हक अधिकार के लिए सभी आगे आएं जब हम यहां मुखिया चुन सकते हैं प्रमुख चुन सकते हैं पंचायत समिति सदस्य चुन सकते हैं जिला परिषद चुन सकते हैं तो फिर विधायक और सांसद क्यों नहीं इसलिए मित्रों झारखंड 2000 में अलग हुआ है 23 साल हो गया लेकिन आज भी झारखंडियों के साथ छल किया जा रहा है ।सता का चाबी झारखंडियों के पास नहीं है मित्रों हजारीबाग , रांची , धनबाद समेत अन्य संसदीय क्षेत्र में झारखंडी सांसद नहीं है । इस पर भी बदलाव होना चाहिए अपने हक अधिकार के लिए 2024 में मुर्गा और दारू पर दूसरों के लिए झंडा नहीं धोए उन्होंने अपील करते हुए झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के हाथों को मजबूत करने का है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल , उमेश कुमार , जीवाधन महतो , मुखिया चेतलाल महतो , गुलाब महतो , सुशील महतो , माही पटेल , दामोदर महतो , कैलाश महतो समेत अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# बिरनी में इंकलाबी नौजवान सभा ( RYA)ने मनाया राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस, निकाला मसाल जुलूस

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 18 सितंबर 2023 :- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाकपा माले के युवा मोर्चा इंकलाबी नौजवान सभा आर वाई ए ने बिरनी के दो सेंटरों पर मसाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन करते हुए 17 सितंबर को बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। साथ ही मसाल जुलूस इंकलाबी नौजवान सभा के द्वारा बिरनी के प्रखंड मुख्यालय के समक्ष सिमराढाब बाजार में निकाला



गया , वहीं दूसरा मसाल जुलूस बिरनी पूर्वी जॉन के पेशम में निकाला गया। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आक्रोशपूर्ण तरीके से नारेबाजी करते हुए सम्मानजनक रोजगार की व्यवस्था करो, भगत सिंह राष्ट्रीय रोजगार एक्ट लागू करो, नफरत का कारोबार बंद करो, देश को निजी हाथों में बेचना बंद करो, रेलवे सहित अन्य सरकारी संस्थाओं को बेचने का फैसला वापस लो आदि सरीखे नारे लगाए।

# इन्कलाबी नौजवान सभा ने,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 18 सितंबर 2023 :- इंकलाबी नौजवान सभा , आर वाई ए ने चरही और चुरचू में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर मशाल जुलूस निकालकर राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया , साथ ही मसाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया इंकलाबी नौजवान सभा(RYA) के देशव्यापी कार्यक्रम 17 सितंबर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस पर चरही के बाशाडीह , हेंडेगढ़ , कारूखाप में मशाल जुलूस निकाला गया



नुक्कड़ सभा की गई।। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार महतो एवम संचालन प्रखंड सचिव पप्पू सिंह सिंह कर रहे थे।
वहीं मुख्य रूप से आरवाईए के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव सिंह के अलावे रतन रजवार , चेतन रजवार , जगदीश महतो , सुनील कुमार महतो , मेघनाथ महतो , योगेश्वर महतो , सुरेश तुरी , चंदन कुमार , मोहित कुमार सिंह , रितिक सिंह , सिकंदर महतो , पप्पू कुमार आदि मौजूद थे।

# प्रशासन का भय नहीं, बिना नम्बर प्लेट के मोटरसाइकिल से कोयला का तरसकरी ।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू ( बाघमारा)**

धनबाद (झारखंड) राजगंजः कोयला चोरो का तनिक भी प्रशासन से डर ,खोफ, भय देखने को नहीं मिलता हैं, कोयला तरस्करी का कारोबार दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है, जिस प्रकार कोयला चोरों ने बिना नम्बर प्लेट का साधन, मोटर साइकिल तैयार किया है, जो धवाचिता, राजगंज, चाली बंगला, तथा डोमन पुर होते हुए बड़ी ही आसानी से कोयला लोड बाइक निकल जाते है, उनमें प्रशासन का तनिक भी खौफ नजर नहीं आता है, जिस समय बाइक में कोयला लोड रहता है, इनकी बाइक की स्पीड देखने लायक रहती हैं, अगर गलती से भी बाइक धीमी हो जाती हैं तो गिर जाते है इसलिए उनका प्रयास रहता है तेज



रफ्तार से निकल जाए, कभी कभी तो सड़क दुरुघटनाए में उनकी दर्दनाक मौत हो जाती हैं और इस तरह कोयला चोर अपनी जान को जोखिम में डाल कर बिना नम्बर प्लेट की मोटर साईकिल एक हजार से भी अधिक बाइक से कोयला पार की जाती हैं।

# भू -धसान हादसे की सूचना पर पहुंचे पवन महतो ।

### *चार लोगों की जमींदोज होने की हैं सूचना, प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप*

**दैनिक समाज जागरण धनबाद (झारखंड) 18 सितंबर 2023:- तेतुलमारी,**

गोंदूडीह कोलियरी अंतर्गत हिलटॉप कंपनी के मुख्य मार्ग पर भू -धसान में लगभग चार लोगों की जमींदोज होने की सूचना पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो घटना स्थल पर पहुँचा ' वहां रेस्कयु टीम को भू -



धसान क्षेत्र को चौड़ा कर मृतक को निकालने की दिशा - निर्देश दिया ' जिससे मृतक की पहचान हो पाये एंव बी सी सी एल प्रबंधन पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा की यह बड़ी घटना प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा हैं ' अविलंब मृतक की पहचान कर उनके आश्रितों को 50 - 50 लाख मुआवजा दे '

# आदित्योदय सेवा संस्थान ने समानता विकास विचार मंच , अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हक और अधिकार के विषय पर किया सेमिनार

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) हजारीबाग। शहर के पगमिल स्थित मुंद्रिका निवास में जीबी आदित्योदय सेवा संस्थान की ओर से समानता विकास विचार मंच विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में , अतिथियों ने बाबा



साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। लोकप्रिय समाजसेवी श्री आशीष सहाय जी के द्वारा संचालित केबी सहाय जन कल्याण फाउंडेशन इस संस्था के तरफ से यानी पंचम कुमार पासवान को जीबी आदित्योदय सेवा संस्थान कार्यक्रम में भी शामिल होने का अवसर मिला। जीबी आदित्योदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष राहुल कुमार पासवान एवं संस्था के सदस्यों को खासकर चंद्रशेखर आजाद भइया को इस प्रकार के कार्यक्रम कराकर सबों की जाग्रति के लिए तहे दिल से धन्यवाद दिया गया ।

# प्रखंड के समस्याओं से अवगत कराया मंत्री फागु बेसरा को

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड)18 सितंबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के समस्याओं से जनप्रतिनिधियों ने दर्जा प्राप्त मंत्री को अवगत कराया । मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो , विष्णुगढ़ , प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी , बीससूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने माननीय मंत्री से मुलाकात उनके आवास मे जाकर किया । तथा प्रखण्ड के विकास पर चर्चा करते हुए सुध लेने की



आग्रह कि , प्रखंड एवं पंचायत के विकास के लिए योजनाओं की मांग पत्र भी सौंपा ! मंत्री ने योजनाओं को कराने का अश्वासन दिया ! मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो ने पंचायत के समस्या से अवगत कराया , प्रखण्ड बीससूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी ने भी प्रखण्ड के गतिविधि को बताया और जल्द समाधान करने की मांग की !

# तीन दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का समापन, अमर शक्ति क्लब आमटाल बने विजेता

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसराः- आमटाल पंचायत के आजाद स्पोटिंग क्लब द्वारा कुईयॉ कोलियरी स्कूल मैदान पर तीन दिवसीय फुटबाल टूनामेंट का आगाज 15 सितंबर को हुआ था. इस टूनामेंट का समापन रविवार को हुए। इस टूनामेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया। पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से इस मैदान पर फुटबॉल टूनामेंट आयोजन निरंतर चलता रहा है। फाइनल मुकाबला जूनियर रेलवे क्लब धनबाद बनाम अमर शक्ति क्लब आमटाल के बीच खेला गया जिसमें अमर शक्ति क्लब आमटाल विजेता रहे हैं. विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में एक बड़ा ट्राफी और नगद ₹13000 एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और नगद ₹8000 दिया गया। तीसरे स्थान पर रहे आजाद स्पोटिंग क्लब कुईयॉ कोलियरी 14न॰ को नगद ₹5000 और टॉफी से सम्मानित किया गया. -------- इस टूनामेंट का सफल आयोजन के लिए कमेटी के सदस्यों



ने आए हुए सभी खिलाड़ी एवं ग्रामीणों को धन्यवाद दिए

# स्वावलंबी स्वरोजगार सोसाइटी के द्वारा महिलाओं को प्रमाण पत्र दिया गया

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्त' वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

स्वावलंबी स्वरोजगार सोसाइटी मुकुंदा ,लोदना क्षेत्र में सिलाई प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण विशिष्ट अतिथि श्रीमती नमिता सहाय, श्रीमती नेहा दास एवं सुरभि महिला मंडल, लोदना क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती विनीता सिन्हा के द्वारा किया गया। साथ ही बोवीन मशीन का उदघाटन, सिलाई सेंटर को 5000 रुपए की आर्थिक मदद भी श्रीमती विनीता सिन्हा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती रश्मि कुमार, श्रीमती सरिता महापात्रा ,श्रीमती सविता सिंह, श्रीमती सोमा खवास, श्रीमती सुषमा सिंन्हा, अंजली पांडे उपस्थित रहीं।